रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 15] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 12—अप्रैल 18, 2014 (चैत्र 22, 1936)

No. 15] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 12—APRIL 18, 2014 (CHAITRA 22, 1936)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	597
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	293
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	513
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	341
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	2759
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	373
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	597
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	293
PART I—SECTION 3—Notifications relating to resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	513
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	341
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2759
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	373
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I — खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 21 मार्च, 2014

सं. 24-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जयंत सोनोवाल,
ए बी कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29.09.2012 को लगभग 1600 बजे विश्वसनीय स्रोतों से इस आशय की गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि भारत संघ के विरुद्ध युद्ध करने और विनाशक गतिविधियां शुरु करने की योजना के साथ 4/5 संदिग्ध उल्फा कैडर बोरडुमसा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत सुकानी-चुक, रोटोनीपाथेर गांव के सामान्य क्षेत्र में शरण लिए हुए हैं। तदनुसार, 8वीं बिहार आर्मी रेजीमेंट, कैम्प बोरडुमसा के साथ डा. प्रदीप सैकिया एपीएस, उप-पुलिस अधीक्षक, तिनसुकिया, बोरडुमसा पुलिस स्टेशन और पेंगेरी पुलिस स्टेशन के पुलिस स्टाफ के साथ श्री जयन्त सारथी बोरा, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तिनसुकिया के नेतृत्व में संयुक्त अभियान शुरु किया गया। लगभग 1900 बजे तलाशी अभियान के दौरान श्री जयंत सारथी बोरा, एपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तिनसुकिया के नेतृत्व वाले पुलिस दल ने सुकानीचुक रोटोनीपाथेर गांव के श्री बीरेश्वर मोरन के घर में कुछ संदिग्ध आवाजाही देखी। संदिग्ध आवाजाही देखने पर अभियान दल के नेता श्री जयन्त सारथी बोरा, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पुलिस बलों के साथ अपने निर्देश में संदिग्ध घर के निकट आ गए और इस प्रक्रिया में उग्रवादियों ने उन्हें देख लिया और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। अभियान दल भारी गोलीबारी में आ गया, जिसके बाद उग्रवादियों ने जयन्त सारथी बोरा और उनके दल को लक्ष्य बनाकर हैंड ग्रेनेड भी फेंका। भारी हथियारबंद उग्रवादियों ने सिविलियनों का कवर लेते हुए दल के सदस्यों को मारने के इरादे से पुलिस दल पर गोलीबारी की, जिसके तुरंत बाद जयन्त सारथी बोरा ने एक मिनट भी गवांए बिना अन्य स्टाफ

को तुरंत जवाबी कार्रवाई के लिए आदेश दिया। तदनुसार, अभियान दल ने अपनी जान को अत्यधिक जोखिम में डालकर जवाबी गोलीबारी की। अल्पकालीन दोतरफा गोलीबारी के दौरान एक कांस्टेबल, जयन्त सोनोवाल गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए और एक उग्रवादी भी गोली लगने से घायल हो गया तथा अन्य उग्रवादी अंधेरे का फायदा उठाकर बचकर निकलने में सफल रहे। गोलीबारी बंद होने के बाद, पुलिस दल ने तुरंत घायल पुलिस कांस्टेबल और उल्फा कैडर को उपचार हेतु पेंगारी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र भेजा। घायल संदिग्ध उल्फा कैडर के शरीर की तलाशी लेने पर उसके पास से एक एके-81 राइफल, मैगजीन (एके-81)-3, मैगजीन (पिस्तौल)-2, जिंदा कारतूस एके सीरीज-40 राउंड, जिंदा कारतूस पिस्तौल-3, मोबाइल हैंड सेट-1, पॉकेट डायरी-2, मोबाइल सिम कार्ड-7, आरसीआईईडी का रिमोट कंट्रोल-1 और अपराध संकेती दस्तावेज जब्त किए गए। बाद में, सुरक्षा बलों ने सामान्य क्षेत्र की तलाशी ली और अभियान स्थल से एके सीरिज के 7 खाली खोखे और स्पिलंटर आदि बरामद हुए। घायल उल्फा कैडर, जिसे उपचार के लिए पेंगारी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र में स्थानांतरित किया गया था, को पेंगारी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र के डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया और घायल कांस्टेबल जयंत सोनोवाल को पेंगारी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र से आईओसी (एओडी) अस्पताल, डिगबोई भेज दिया गया और उन्हें बेहतर उपचार हेतु एएमसीएच, डिब्रूगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया। इस संबंध में श्री जयंत सारथी बोरा, एपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तिनसुकिया द्वारा एक एफआईआर प्रस्तुत की गई थी और एफआईआर के आधार पर आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27, यूए(पी) अधिनियम की धारा 10/13 तथा ई एस अधिनियम की धारा 3 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख), 121(क)/333/307/34 के अंतगर्त बोरडुमसा पुलिस स्टेशन मामला सं. 53/2012 दर्ज किया गया था।

बाद में, उल्फा कैडर के शव की पहचान गांव हुल्लांग गुतिबारी, पुलिस स्टेशन: बोरडुमसा के श्री सुलेन गोगोई पुत्र श्री जोयकांता गोगोई द्वारा की गई, क्योंकि मृतक उनका भतीजा एस.एस. सार्जेंट मेजर दिगांता गोगोई उर्फ मोहन गोगोई (उम्र 28 वर्ष) था, जो गांव हुल्लांग गुतिबारी, पुलिस स्टेशन: बोरडुमसा के निवासी श्री गोनेश साहू का पुत्र था।

इस मुठभेड़ में, श्री जयन्त सोनोवाल, एबी कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30.09.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 25-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री ताहिर सजाद भट,
पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 07.10.2011 को दो एचएम आतंकवादियों नामत: असादुल्लाह उर्फ उफैदुल्लाह, निवासी स्वात, पाकिस्तान और कासिम शाह उर्फ तल्हा, निवासी धीर, पाकिस्तान द्वारा गंदरबल वन के ऊपरी हिस्सों से गांव पाथपोरा चत्तेरगुल कंगन (गंदरबल) में बेस कैम्प स्थानांतरित करने के बारे में प्राप्त विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए, श्री ताहिर सजाद भट, पुलिस अधीक्षक, आपरेशन, श्रीनगर के नेतृत्व में पुलिस घटक श्रीनगर के एक विशेष दल ने उक्त आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाई की योजना बनाने के लिए क्षेत्र की टोह ली। दिनांक 08.10.2011 को, श्री ताहिर सजाद भट, पुलिस अधीक्षक, आपरेशन, श्रीनगर के नेतृत्व में पुलिस घटक श्रीनगर का एक दल बहुत कम समय में उस स्थल की ओर गया। कार्रवाई शुरु करने से पहले, समानांतर क्षति को रोकने और सफाई से कार्रवाई करने के लिए सेना (24 आरआर) और जिला पुलिस, गंदरबल को सहयोजित करने का निर्णय लिया गया। नफरी को तीन दलों में विभाजित किया गया। पहले दल में गंदरबल पुलिस और 24 आरआर शामिल थे। इसे लक्षित क्षेत्र की बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया था। दूसरे दल में श्रीनगर पुलिस और 24 आरआर शामिल थे। तदनुसार, लक्षित घर वाले मोहल्ले की घेराबंदी कर ली गई। तीसरे दल में पुलिस घटक श्रीनगर और गंदरबल पुलिस शामिल थे। इस दल को मोहम्मद सुभान मीर पुत्र गनी मीर निवासी पाथपुरा चत्तेरगुल के घर की भीतरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया था, जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे और आवश्यकता पड़ने पर पूर्ण समन्वय के साथ श्री ताहिर सजाद, पुलिस अधीक्षक आपरेशन, श्रीनगर की कमान के तहत प्रवेश करना था। दिनांक 09.10.2011 को लगभग 0500 बजे सभी दल लक्षित क्षेत्र की और बढ़े और योजना के अनुसार उन्होंने अपनी-अपनी पोजीशन ले ली। 0530 बजे, भीतरी घेराबंदी दल के प्रभारी श्री ताहिर सजाद भट, पुलिस अधीक्षक, आपरेशन श्रीनगर ने लक्षित घर के निवासियों को बाहर निकालने के लिए पुलिस घटक श्रीनगर के जवानों का एक छोटा दल बनाया। दल ने बड़ी कुशलता और बहादुरी से घर के निवासियों को बाहर निकाला और उन्हें एक सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसी प्रकार, नजदीक के घरों के निवासियों को भी यह सुनिश्चित करने के लिए बाहर निकाला गया कि कोई समानांतर क्षति न हो। पहले, श्री ताहिर सजाद भट पुलिस अधीक्षक ने छिपे हुए दोनों आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, जिससे उन्होंने इंकार कर दिया और इसके बदले उन्होंने अभियान दल पर अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। भीतरी घेराबंदी दल ने पोजीशन संभाल ली और घर में प्रवेश करने की योजना बनाई। प्रवेश दल ने सभी सावधानियां बरतते हुए प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ कर दी।

तथापि, जैसे ही प्रवेश दल लक्षित घर के निकट पहुंचा, तभी घर के अंदर पोजीशन लिए हुए आतंकवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। एक रणनीतिक चाल के रूप में, प्रवेश दल पीछे की ओर से घर में प्रवेश करने के लिए वहां से पीछे हट गया। इस समय पुलिस अधीक्षक ताहिर सजाद भट ने दो छोटे दल बनाए और सामने की ओर से प्रवेश करने के साथ पीछे की ओर से भी घर में प्रवेश करने का निर्णय लिया। ज्योंही दूसरे दल ने पीछे की ओर से घर में प्रवेश करने का प्रयास किया, त्योंही छिपे हुए आतंकवादियों ने खिड़की से ग्रेनेड फेंके, लेकिन इससे कोई क्षति नहीं हुई, क्योंकि आगे बढ़ने वाला दल कुशलतापूर्वक आगे बढ़ता रहा। पुलिस अधीक्षक ताहिर सजाद भट अपने दल के साथ रेंगकर खिड़की के निकट पहुंचे, जहां से आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंके थे। इसी समय आतंकवादियों ने पहली मंजिल का मुख्य द्वार खोला और घेरा तोड़ने तथा बचकर निकलने के प्रयास में अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। इस समय पुलिस अधीक्षक ताहिर सजाद भट कुछ पुलिस कर्मियों के साथ लक्षित घर तक पहुंच गए थे और अपनी जान की परवाह किए बिना प्रभावी रूप से जवाबी गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप छिपा हुआ एक आतंकवादी नामत: असादुल्लाह उर्फ उफैदुल्लाह निवासी स्वात, पाकिस्तान, एचएम का उच्च कमांडर मारा गया। स्थिति की गंभीरता को भांपकर उसके साथी नामत: कासिम शाह उर्फ तल्हा, निवासी धीर, पाकिस्तान ने घेरे से बच निकलने का प्रयास किया, घर को आग लगा दी और पीछे की खिड़की से अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी, लेकिन पहले दल, जिसने पहले ही घर के निकट पोजीशन ले ली थी, ने बहादुरी से जवाबी गोलीबारी की और दोतरफा गोलीबारी में उक्त आतंकवादी भी मारा गया। दोनों आतंकवादियों का खात्मा पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी और एचएम संगठन के लिए एक बड़ा झटका था।

बरामदगी:

1.	एके राइफल	02
2.	मैगजीन एके	08
3.	पिस्तौल	02
4.	यूबीजीएल	01
5.	रेडियो सेट	01
6.	एके जिंदा कारतूस	28 राउंड

इस मुठभेड़ में, श्री ताहिर सजाद भट, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09.10.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 26-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. पंकज शर्मा,
उप-निरीक्षक

02. इम्तियाज मोहम्मद,
हेड कांस्टेबल

03. लतीफ अहमद,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 03.02.2012 को लगभग 1715 बजे गांव अड़ूरा, पुलवामा में दो आतंकवादियों के उपस्थित होने के बारे में एसओजी, पुलवामा को एक विशिष्ट आसूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, सूचना को 55 आरआर, 182 बटालियन, सीआरपीएफ के साथ साझा किया गया और संयुक्त घेराबंदी की गई। एसओजी, पुलवामा ने लक्षित क्षेत्र की उत्तरी और उत्तर पश्चिमी ओर घेराबंदी की, सीआरपीएफ ने पूर्वी ओर तथा 55 आर आर ने बाकी क्षेत्र की घेराबंदी की। उप-निरीक्षक, पंकज शर्मा हेड कांस्टेबल इम्तियाज अहमद के साथ घेरे को सुदृढ़ करते और कसते हुए बशीर अहमद शाह पुत्र अब अहद शाह, निवासी अड़ूरा के घर के पश्चिमी ओर के निकट वाली सडक पर पहुंचे और उसी समय उक्त घर में छिपे आतंकवादियों ने एक ग्रेनेड फेंका और सड़क की ओर वाली खिड़की से उन पर अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। ग्रेनेड लुढ़कता हुआ सड़क के पार चला गया और पास वाले नाले में फट गया, जिसमें वे बाल-बाल बच गए। अनुकरणीय साहस और सूझ-बूझ का प्रदर्शन करते हुए, उप-निरीक्षक पंकज शर्मा ने तुरंत ईंटो के ढेर के पीछे और हेड कांस्टेबल अम्तियाज अहमद ने एक पेड़ के पीछे पोजीशन ली और जवाबी गोलीबारी के कारण आतंकवादियों को वापस जाने के लिए बाध्य होना पड़ा और इस प्रकार उनके बचकर निकलने का प्रयास विफल हो गया। दोतरफा गोलीबारी में एक आतंकवादी घायल हो गया जिसकी बाद में मौत हो गई और उसका शव अगले दिन बरामद किया गया।

जैसे ही आतंकवादियों की उपस्थिति का पता चला, लक्षित घर चारों ओर घेरे को सुदृढ़ कर लिया गया। इसी समय, चूंकि रोशनी कम हो गई थी, इसलिए सुरक्षा बलों द्वारा जनरेटर सेट की मदद से रोशनी की व्यवस्था की गई ताकि आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग न सकें। यह भी पता चला कि कुछ सिविलियन भी लक्षित घर और आस-पास के घरों में फंसे हुए थे। वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रण में लिया और दलों को और अधिक सावधान रहने के निर्देश दिए ताकि किसी भी निर्दोष सिविलियन को क्षति न हो। तदनुसार, एसओजी पुलवामा, सेना और सीआरपीएफ के सभी अधिकारी/कर्मी लगभग शून्य तापमान के बावजूद रात भर सतर्क रहे। दिनांक 04.02.2012 को भोर में, वहां फंसे सिविलियनों को संबोधित करने के लिए पी.ए. सिस्टम का उपयोग किया गया। सिविलियनों

को बचाने के लिए एक दल का गठन किया गया, जिसमें उप-निरीक्षक पंकज शर्मा, हेड कांस्टेबल इम्तियाज मोहम्मद और कांस्टेबल लतीफ अहमद शामिल थे। अनेक प्रयासों के बाद वे आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हो रही गोलीबारी के बावजूद लक्षित और आस-पास के घरों से 17 सिविलियनों को बचाने में सफल रहे। बचाए गए लोगों ने बताया कि घरों के अंदर दो आतंकवादी हैं और उनमें से एक गंभीर रूप से घायल है जिसकी बाद में मौत हो गई, इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि लक्षित घर के अंदर कोई और सिविलियन नहीं फंसा है। उनसे प्राप्त की गई संगत और महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर लक्षित घर के अंदर घुसकर दूसरे आतंकवादी को निष्क्रिय करने हेतु अंतिम हमला करने के लिए दो दलों, एक सेना का और दूसरा हेड कांस्टेबल इम्तियाज अहमद और कांस्टेबल लतीफ अहमद सहित उप-निरीक्षक पंकज शर्मा के नेतृत्व में एसओजी का गठन किया गया। कवरिंग फायर के तहत जब एसओजी और सेना के हमला दलों ने लक्षित घर की सीमा वाली दीवार के निकट पोजीशन ली तो उन्होंने छिपे हुए आतंकवादी को एक घर से दूसरे घर में पोजीशन बदलते हुए देखा। हमला दलों ने बिना समय गवांए तुरंत आतंकवादी पर गोलीबारी की और उसे निष्क्रिय कर दिया। बाद में मारे गए आतंकवादियों की पहचान एलईटी संगठन के कमांडर सैयद अशाक हुसैन पुत्र सैयद ए. गनी, निवासी पंजगाम, अवंतीपुरा, जिला पुलवामा और एलईटी संगठन के समीर अहमद नजर पुत्र अब रहमान नजर, निवासी बटपुरा अरवानी बिजबेहरा के रूप में की गई।

उप-निरीक्षक पंकज शर्मा, हेड कांस्टेबल इम्तियाज अहमद और कांस्टेबल लतीफ अहमद पूरी मुठभेड़ के दौरान अपनी व्यक्तिगत जान की परवाह किए बिना बहादुरी से लड़े और दोनों आतंकवादियों का खात्मा करने में अग्रणी भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, ऊपर उल्लिखित अधिकारियों/कर्मियों की सूझ-बूझ की वजह से गोलीबारी के बीच फंसे अनेक सिविलियनों और बच्चों को बिना किसी समानांतर क्षति के बचा लिया गया।

बरामदगी:-

1.	राइफल एके 56	-	02
2.	मैगजीन एके 47	-	05
3.	राउंड एके 47	-	120
4.	पाउच	-	03
5.	मैट्रिक्स शीट	-	06

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री पंकज शर्मा, उप निरीक्षक, इम्तियाज अहमद, हेड कांस्टेबल और लतीफ अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03.02.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 27-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. शेर मोहम्मद,
हेड कांस्टेबल

02. मोहम्मद मजनून,
फालोवर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 05.07.2012 को पुलिस जिला हंडबाड़ा के गांव बोवान में आतंकवादियों के मौजूद होने के संबंध में एक सूचना प्राप्त हुई थी। श्री राजेश कुमार, आईपीएस, डीआईजी, एनकेआर बारामुला ने और अधिक आसूचना एकत्र की और सेना 06, 21, 30, 31, 32, 35 आरआर और 09 पैरा के साथ कार्रवाई की योजना बनाई। उपर्युक्त अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस और सेना का छोटा सा घटक गांव बोवान पहुंचा और वे लक्षित स्थल की ओर बढ़े। क्षेत्र में सिविलियनों की उपस्थिति को भांपकर, अधिकारी ने एक बचाव दल बनाया और हेड कांस्टेबल शेर मोहम्मद, 7वीं बटालियन और अनुचर मोहम्मद मजनून के सहयोग से आगे रहकर नेतृत्व किया। उच्च साहस का प्रदर्शन करते हुए, बचाव दल छिपे हुए आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के बीच सिविलियनों की ओर बढ़ा। डीआईजी एनकेआर और उक्त अधिकारियों की असाधारण प्रतिबद्धता के कारण सिविलियनों को सफलतापूर्वक निकाला जा सका। बचाव कार्य के तुरंत बाद, कार्रवाई दल ने आतंकवादियों को भयंकर गोलीबारी में उलझाया। अत्याधिक सूझ-बूझ का प्रदर्शन करते हुए, नामित कार्मिक शेष कार्रवाई दल की प्रभावी कवर फायर की सहायता से आतंकवादियों की ओर बढ़े। छिपने के स्थान के काफी नजदीक पहुंचकर, उन्होंने आतंकवादियों पर हमला कर दिया और गोलीबारी घंटों तक जारी रही, जिसके दौरान हेड कांस्टेबल शेर मोहम्मद और सेना के तीन अन्य जवान गोलियों से घायल हो गए। लगातार खून बहने के बावजूद, हेड कांस्टेबल शेर मोहम्मद अपनी पोजीशन पर बने रहे और जवाबी गोलीबारी की। श्री राजेश कुमार, आईपीएस और सेना/पुलिस के कुछ कार्मिक आगे आए और घायल हेड कांस्टेबल/सेना के जवानों को बचाया। कार्रवाई पूरी रात चलती रही और 06 जुलाई को बहुत कम समय में डीआईजी, एनकेआर, बारामुला अनुचर मोहम्मद मजनून और सेना/पुलिस के कुछ सहयोगियों के साथ आतंकवादियों की ओर आगे बढ़े तथा छिपने के स्थान पर अचानक हमला करके एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया।

बरामदगी:

1.	एके 47 राइफल	-	01
2.	एके 56 राइफल	-	01
3.	एके मैगजीन	-	04 (दो जली हुई)

4.	एके राउंड	-	48
5.	खाली कारतूस	-	01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री शेर मोहम्मद, हेड कांस्टेबल और मोहम्मद मजनून, फालोवर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 06.07.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 28-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	फयाज अहमद, उप-पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
02.	शौकत अहमद, हेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28.03.2012 को, पंजवानी वनों में आतंकवादियों की उपस्थिति के संबंध में एक विशिष्ट सूचना पर उप-पुलिस अधीक्षक फयाज अहमद (तत्कालीन एसडीपीओ हंदवाड़ा) ने 21 आरआर की सहायता से कार्रवाई की योजना बनाई। अधिकारी ने पुलिस के एक छोटे घटक को कमांड किया और लक्षित स्थल की ओर गए, जहां आरआर और पुलिस के अन्य कार्रवाई घटकों के दल उनके साथ शामिल हो गए और क्षेत्र की घेराबंदी/तलाशी की कार्रवाई आरंभ कर दी। हेड कांस्टेबल शौकत अहमद के नेतृत्व में तलाशी दल जब आतंकवादियों के छिपने के स्थान के पास वाले घर की ओर जा रहा था, तब आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी कर दी। क्षेत्र में सिविलियनों की उपस्थिति को भांपकर, उप पुलिस अधीक्षक फयाज अहमद ने तलाशी दल को सिविलियनों को हताहत होने से रोकने के लिए जवाबी गोलीबारी न करने का निर्देश दिया। अधिकारी हेड कांस्टेबल शौकत अहमद और पुलिस/सेना के कुछ कार्मिकों के साथ सिविलियनों को वहां से निकालने के कार्य के लिए आगे आए और अपने आप को अत्यधिक जोखिम में डालकर अनवरत प्रयास किए। उप-पुलिस अधीक्षक फयाज अहमद ने उच्च स्तर की व्यावसायिकता का प्रदर्शन किया और बचाव कार्रवाई के दौरान अपने कार्मिकों का प्रभावी रूप से मार्गदर्शन किया, जिससे लक्षित क्षेत्र के आस-पास के स्थानों से सिविलियनों को सुरक्षित निकाला जा

सका। तथापि, हेड कांस्टेबल शौकत अहमद, जो सिविलियनों को बचाने में भी शामिल थे, का आतंकवादियों की गोलीबारी से सामना हुआ, उप-पुलिस अधीक्षक फयाज अहमद ने तुरंत हेड कांस्टेबल शौकत अहमद की ओर एक बीपी रक्षक भेजा, उन पर भी आतंकवादियों ने हमला किया, लेकिन अधिकारी को अपने कर्मी के निकट जाने से नहीं रोक सके। जैसे ही बीपी रक्षक ने कुछ दूरी तय की, हेड कांस्टेबल दो सिविलियनों के साथ इस ओर बढे और उन्हें बचाने में सफल रहे।

जैसे ही सिविलियनों का बचाव अभियान पूर्ण हुआ, उप-पुलिस अधीक्षक फयाज अहमद और स्थल पर उपस्थित सभी कार्रवाई अधिकारियों ने आतंकवादियों पर हमला करने के लिए एक विशेष रणनीति तैयार की जिसके लिए तीन अलग-अलग संयुक्त हमला दल बनाए गए थे। उप पुलिस अधीक्षक फयाज अहमद ने स्वयं हेड कांस्टेबल शौकत अहमद और अन्य कार्मिकों के साथ एक ऐसे हमला दल का नेतृत्व किया और लक्षित स्थल की ओर आगे बढ़े। इसका आभास होने पर, आतंकवादियों ने भारी हमला करके घेरे को तोड़ने का प्रयास किया, तथापि, अंदर के घेरे में तैनात कार्मिकों ने अच्छी सूझबूझ का प्रदर्शन किया और आतंकवादियों को घटना स्थल से भागने का कोई मौका नहीं दिया। इसी बीच उप-पुलिस अधीक्षक फयाज अहमद के नेतृत्व वाले दल ने आतंकवादियों को एक ओर से भंयकर गोलीबारी में उलझा दिया। प्रत्येक मिनट के बाद, अभियान और अधिक चुनौतीपूर्ण होता जा रहा था क्योंकि आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी करके और ग्रेनेड फेंक करके पुलिस कर्मियों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे तथा घेरे को तोड़ने का भी निरंतर प्रयास कर रहे थे। उप-पुलिस अधीक्षक फयाज अहमद के नेतृत्व वाले दल और आतंकवादियों के बीच एक घंटे से अधिक देरी तक नजदीकी गोलीबारी चली। आतंकवादियों की ओर से बढ़ती जवाबी कार्रवाई को भांपकर कुछ अन्य कार्मिकों के साथ ये पुलिसकर्मी आतंकवादियों की तरफ और आगे बढ़े और लक्षित स्थल पर अचानक धावा बोल दिया जिसके परिणामस्वरूप तीन आतंकवादी नामत: एलईटी के पाक अधिकृत कश्मीर निवासी जबीउल्लाह, पाक अधिकृत कश्मीर निवासी अली भाई और पाक अधिकृत कश्मीर निवासी मुजामिल उर्फ आबिद मारे गए। ये आतंकवादी हिंसा की अनेक कार्रवाइयों के लिए जिम्मेदार थे।

की गई बरामदगी:

i)	एके 47 राइफल	-	03
ii)	एके मैगजीन	-	13
iii)	हैंड ग्रेनेड-चीन निर्मित	-	02
iv)	एके राउंड	-	304 राउंड
v)	आरएस ऐंटिना	-	03 (क्षतिग्रस्त)
vi)	यूबीजीएल थ्रोवर	-	02
vii)	यूबीजीएल ग्रेनेड	-	03

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री फयाज अहमद, उप-पुलिस अधीक्षक और शौकत अहमद, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28.03.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 29-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. दीपक कुमार सिन्हा,
अपर पुलिस अधीक्षक
02. मो.परवेज आलम,
उप-निरीक्षक
03. राजू सिंह, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल
04. रमेश गिरी,
कांस्टेबल
05. सीता राम मार्डी,
कांस्टेबल
06. ब्रजेश कुमार,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 11.09.2011 को 12.15 बजे मो. परवेज आलम, उप निरीक्षक सह प्रभारी अधिकारी, आर.आई.टी.पी.एस. जिला सरायकेला – खरसवान को दीपक कुमार सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), सरायकेला से सूचना मिली कि अनेक आपराधिक मामलों में वांछित दो जेल तोड़कर भागे खूंखार नक्सली, रवि सिंह मुंडा और बलराम साहू उर्फ डेविड उर्फ बोलोसाहू उगाही करने और किसी की हत्या करने के इरादे से आदित्यपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत सलडीह बस्ती के एक घर में काफी समय से गुप्त रूप से रह रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) के अनुदेशों का पालन करते हुए, वे टाइगर मोबाइल कांस्टेबल राजू सिंह, कांस्टेबल ब्रजेश कुमार, कांस्टेबल टिंकू कुमार और कांस्टेबल रविन्द्र कुमार के साथ तुरंत आशियाना मोड़, आदित्यपुर पहुंचे। नक्सली ईएसआई अस्पताल के ठीक सामने एक टाइल वाले घर के अंदर थे और वहां से जाने वाले थे। अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन),

उप-निरीक्षक मो. परवेज आलम, कांस्टेबल ब्रजेश कुमार, कांस्टेबल रमेश गिरी, कांस्टेबल सीताराम मार्डी और कांस्टेबल राजू सिंह गुप्त रूप से परिसर में घुसे। जैसे ही वे अंदर आए, अंदर के कमरे में उपस्थित दो व्यक्तियों ने उनके आने का अंदाजा लगा लिया और उन्होंने अपने आप को छिपाने का प्रयास किया। यह देखकर अपर पुलिस अधीक्षक ने ऊंची आवाज में अपना परिचय दिया और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। कई बार आवाज लगाने पर भी कोई उत्तर नहीं मिला। तब अपर पुलिस अधीक्षक ने कांस्टेबल सीताराम मार्डी, कांस्टेबल राजू सिंह, कांस्टेबल रमेश गिरी, कांस्टेबल ब्रजेश कुमार और कांस्टेबल नीरज कुमार को सावधानीपूर्वक कमरे में प्रवेश करने और छिपे हुए नक्सलियों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। जैसे ही वे कमरे के पास पहुंचे, एक नक्सली ने कमरे के अंदर से गोलीबारी कर दी, जो सनसनाती हुई कांस्टेबल सीताराम मार्डी के बगल से निकल गई। अत्यंत साहस और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन करते हुए वे तेजी से उस पर झपटे और हाथों से उसे पकड़ लिया। यह देखकर दूसरे नक्सली ने गोलीबारी कर दी, जो दुर्भाग्यवश कांस्टेबल राजू सिंह की छाती में लगी और वे नीचे गिर गए। नक्सलियों ने अपर पुलिस अधीक्षक और उप निरीक्षक मो. परवेज आलम को निशाना बनाकर दोबारा गोलीबारी की, जो सामने से नक्सलियों का मुकाबला कर रहे थे। खतरनाक स्थिति और हमले का सामना करने का कोई विकल्प न पाकर अपर पुलिस अधीक्षक ने अपने अंगरक्षक कांस्टेबल सीताराम मार्डी को सीमित गोलीबारी करने का आदेश दिया। उन्होंने अपनी एके 47 राइफल से चार राउंड गोलियां चलाई। दो में से एक नक्सली बलराम साहू उर्फ डेविड उर्फ बोलो साहू ने पुलिस दल पर गोलीबारी करते हुए पूर्वी दिशा में भागने का प्रयास किया। कांस्टेबल ब्रजेश कुमार ने अपनी पिस्तौल से गोलीबारी करते हुए उसका पीछा किया। उनके श्रेष्ठ प्रयास के बावजूद, दुस्साहसी क्षेत्र की घनी आबादी का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस दल ने कुछ मिनट तक देखा और इंतजार किया लेकिन कमरे के अंदर कोई हलचल दिखाई नहीं दी। इसके बाद, अपर पुलिस अधीक्षक और उप निरीक्षक मो. परवेज आलम ने सावधानीपूर्वक कमरे में प्रवेश किया। गोली लगने के कारण एक नक्सली मृत पाया गया, जो कमरे के फर्श पर खून में डूबा हुआ था, जिसकी पहचान रवि सिंह मुंडा के रूप में की गई थी। गोली लगने के कारण गंभीर कांस्टेबल राजू सिंह को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

मृतक नक्सली के शव के पीछे दो देशी पिस्तौलें, 7.62 एमएम के 4 (चार) खाली खोखे और 5 (पांच) जिंदा कारतूस पाए गए थे। जिस घर में नक्सली गुप्त रूप से रह रहे थे, उस घर के आंगन से जेएच 01-एच-7213 नम्बर वाली एक लूटी हुई हीरो होंडा (पैशन प्लस) बरामद की गई थी। यह पुलिस स्टेशन इच्छागढ़ में आईपीसी की धारा 392 के तहत मामला सं. 42/11 में उल्लिखित है।

आईपीसी की धारा 353/307/302/34, आयुध अधिनियम की 25 (1-ख) क/26/27/35 और 17 सीएलए अधिनियम के तहत दिनांक 11.01.2011 के आदित्यपुर पुलिस स्टेशन के मामला सं. 213/11 की आगे जांच से यह पता चला है कि मृतक रवि सिंह मुंडा और बचकर भागा हुआ बलराम साहू काफी हिंसक और प्रेरित नक्सली थे। उन्होंने कई घिनौने और जघन्य अपराध किए थे। वे आतंक के पर्याय थे। वे सरायकेला, चांडिल और इसके आस-पास के क्षेत्रों के लोगों से जबरन उगाही करते थे। उनकी

हिम्मत इतनी बढ़ गई थी कि वे दिनांक 17.08.2011 को उप-कारागार सरायकेला को तोड़कर भाग गए थे। यह आईपीसी की धारा 224/225/2125(क)/341/342/222/120(ख) और 17 सीएलए अधिनियम के तहत दिनांक 18.08.2011 के सरायकेला पुलिस स्टेशन के मामला सं. 63/1 में उल्लिखित है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री दीपक कुमार सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक, मो. परवेज आलम, उप-निरीक्षक, (स्वर्गीय) राजू सिंह, कांस्टेबल, रमेश गिरी, कांस्टेबल, सीता राम मार्डी, कांस्टेबल और ब्रजेश कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.09.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 30-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अश्विनी कुमार सिन्हा,
उप-प्रभागीय पुलिस अधिकारी
02. बीरेन्द्र कुमार राम,
उप-निरीक्षक
03. प्रदीप कुमार मेहता,
कांस्टेबल
04. प्रवीण कुमार झा,
कांस्टेबल
05. उदय चन्द मीणा,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27/28.01.2011 को लगभग 2100 बजे पुलिस अधीक्षक लातेहार ने सूचित किया कि 14 से 15 सशस्त्र सीपीआई माओवादी कैडर एक बड़ी आपराधिक घटना करने के लिए पुलिस स्टेशन बरवाडीह के अंतर्गत लुहुर गांव में प्रवेश कर गए हैं। सूचना के आधार पर एसडीपीओ बरवाडीह श्री अश्विनी कुमार सिन्हा अपने घर के गार्ड, बरवाडीह पुलिस स्टेशन के रिजर्व गार्ड, बरवाडीह पुलिस स्टेशन के उप-निरीक्षक बिरेन्द्र कुमार राम, उप निरीक्षक आर.पी. सिंह, सीआरपीएफ कंपनी कमांडर

सुभाष झा कैम्प बरवाडीह और सीआरपीएफ के साथ लगभग 1.00 पीएम छापा मारने के लिए निकले। पुलिस अधीक्षक लातेहार ने दोबारा मोबाइल पर सूचित किया कि सशस्त्र सीपीआई माओवादी कैडर लुहुर गांव में पहुंच गए हैं और बैजनाथ सिंह खरवार के घर में शरण ले रखी है। उस सूचना के आधार पर एसडीपीओ बरवाडीह श्री अश्विनी कुमार सिन्हा ने स्वयं, कांस्टेबल प्रवीण कुमार झा, कांस्टेबल उदय चंद मीणा, कांस्टेबल गोपाल चौधरी, ओसी बरवाडीह पुलिस स्टेशन, उप निरीक्षक बीरेन्द्र कुमार राम, कांस्टेबल अवधेश पासवान, कांस्टेबल प्रदीप कुमार मेहता, कांस्टेबल सैयद जुबेर अहमद और 11 बटालियन, सीआरपीएफ के निरीक्षक/जीडी एस.सी. झा उनके सैन्य दल को मिलाकर एक हमला पार्टी बनाई। पार्टी नाइट विजन उपकरण की मदद से लहुर बरवाडीह की ओर बढ़ी। अर्ध रात्रि का समय था और चारों ओर अंधेरा ही अधेरा था। पुलिस दल ने लक्ष्य से एक किलोमीटर पहले योजना के अनुसार लक्ष्य के आस-पास अपनी पोजीशन ले ली। एनवीडी की मदद से यह देखा गया कि 5-10 मीटर की दूरी पर बैजनाथ सिंह खरवार के घर के सामने हथियार के साथ एक संतरी को रखा गया है जहां अन्य नक्सली छिपे हुए थे। निरीक्षक/एस.सी. झा के नेतृत्व में सीआरपीएफ हमला दल के साथ श्री अश्विनी कुमार सिन्हा, एसडीपीओ, बरवाडीह के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी और नजदीक पहुंची, उनकी गतिविधि को संतरी ने भांप लिया और उसने उन पर गोलीबारी आरंभ कर दी और उस घर की ओर भागा जहां नक्सली छिपे हुए थे। पुलिस दल ने नक्सलियों से गोलीबारी बंद करने और समर्पण करने के लिए कहा लेकिन नक्सलियों ने खिड़की और मुख्य द्वार से गोलीबारी करना जारी रखा। नक्सली मुख्य द्वार से पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी कर रहे थे, लेकिन एसडीपीओ बरवाडीह श्री अश्विनी कुमार सिन्हा ने अपने दल के साथ अपनी जान को जोखिम में डालकर और गोलीबारी सीधी उनकी ओर आने के बावजूद नक्सलियों पर गोलीबारी की जो उन्हें लगी और अंतत: नक्सली दरवाजे के पास गिर गये। 4-5 मिनट के लिए गोलीबारी बंद हो गई लेकिन अंदर से फिर गोली चलाई गई। बसंत यादव के रूप में पहचाने गए आखिरी नक्सली ने बचकर भागने का प्रयास किया और पूर्वी दिशा में भागा, लेकिन एसडीपीओ बरवाडीह श्री अश्विनी कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस दल गोलीबारी करते हुए उसी दिशा में रेंगकर आगे बढ़ा और उसे मार गिराया। दिन निकलने पर मुठभेड़ स्थल की पूर्ण तलाशी ली गई और नौ खूंखार सीपीआई माओवादियों के शव बरामद किए गए।

शवों के अलावा घटना स्थल से निम्नलिखित हथियार/गोलाबारुद और सामान भी बरामद किए गए:-

(1) 7.62 एमएम की एसएलआर-01 (सं. 10050017390 एफएफ 95)
(2) राइफल के साथ 7.62 एमएम बोल्ट-05
(3) बैरल के साथ देशी पिस्तौल-03
(4) एसएलआर मैगजीन-02
(5) 7.62 एमएम जिंदा कारतूस-76 राउंड
(6) 7.62 एमएम खाली खोखे-10
(7) 7.62 x39 एमएम जिन्दा कारतूस-41 राउंड

(8) 7.62x39 एमएम खाली खोखे-12

(9) सेमी आटोमेटिक खाली खोखे (कैलिबर का पता नहीं)-02

(10) 08 एमएम के खाली खोखे-01

(11) राउन्ड बुलेट (केलिबर का पता नहीं)-01

(12) अतिरिक्त बैटरी के साथ नोकिया मोबाइल-03

इस संबंध में ओसी बरवाडीह पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक बीरेन्द्र कुमार राम के स्व वक्तव्य के आधार पर सीपीआई माओवादी के सब-जोनल कमांडर बसंत जी उर्फ बसंत यादव पुत्र जोहन यादव, गांव-अम्बातंद पुलिस स्टेशन-रांका, जिला गड़वा (मृत), (2) देवदूत यादव उर्फ विक्रांत पुत्र गोपाल यादव, गांव-होन्हे, पुलिस स्टेशन रांका, जिला-गड़वा, सात अन्य मृत नक्सलियों और 5-6 अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147/148/149/353/307/ 121, आयुध अधिनियम 25 (1-ख) क/26/27/35 और 17/सी/एलए अधिनियम के तहत बरवाडीह पुलिस स्टेशन में दिनांक 28.01.2011 को मामला सं. 4/11 दर्ज किया गया है।

पुलिस दल ने अपनी जान जोखिम में डालकर बहादुरी से नक्सलियों का सामना किया और सीपीआई माओवादी के सब जोनल कमांडर बसंत जी उर्फ बसंत यादव को मार गिराया जो अन्य 8 नक्सलियों के साथ अनेक मामलों में वांछित था और 9 हथियार, बड़ी मात्रा में जिंदा कारतूस और अन्य सामग्रियां बरामद कीं।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अश्विनी कुमार सिन्हा, उप-प्रभागीय पुलिस अधिकारी, बीरेन्द्र कुमार राम, उप-निरीक्षक, प्रदीप कुमार मेहता, कांस्टेबल, प्रवीण कुमार झा, कांस्टेबल और उदय चन्द मीणा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28.01.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव

राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 31-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. राकेश प्रताप सिंह,
पुलिस अधीक्षक

02. रत्नेश तोमर,
निरीक्षक

03. वासुदेव रावत,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25 जून, 2012 को एएसआई ब्रजमोहन रावत और हेड कांस्टेबल वासुदेव रावत को एक विश्वसनीय सूचना मिली कि खूंखार डाकू पप्पू गुर्जर अपने दल के सदस्यों के साथ माडेवा गांव की ओर से आगरा-बम्बई मार्ग पार करके पावा गांव की ओर आएंगे। मुखबिर की यह सूचना थी कि यह दल रामहेत और रामअवतार गुर्जर की हत्या करेगा और मरिखेड़ा बांध के किसी अधिकारी का अपहरण करेगा। यह सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक, शिवपुरी के निर्देशों के अनुसार निरीक्षक रत्नेश तोमर, एएसआई ब्रजमोहन रावत, एडी दल, एसओ सतनवाड़ा, संजय मिश्रा और बल कनकेर गांव के पास आगरा-बम्बई मार्ग पर इकट्ठा हुए और पुलिस अधीक्षक शिवपुरी भी वहां पहुंच गए। श्री आर.पी. सिंह, जो पहले ग्वालियर और मुरैना जैसे डकैती वाले क्षेत्रों में तैनात थे और नक्सली क्षेत्र नारायणपुर (छत्तीसगढ़) में भी रह चुके थे, ने क्षेत्र कला और रणनीति तथा रात्रि में रणनीतिक गतिविधि के बारे में पूरी तरह से बल को समझाने में अपनी जानकारी और अनुभव का इस्तेमाल किया। अधिकारियों और कर्मियों को आगे की कार्रवाई के बारे में बताया गया।

तब समूचे बल को दो दलों में बांटा गया। पहले दल का नेतृत्व स्वयं पुलिस अधीक्षक ने किया, जिसमें निरीक्षक रत्नेश तोमर, एएसआई मसीह खान, एएसआई ब्रज मोहन, हेड कांस्टेबल वासुदेव, हेड कांस्टेबल असलम खान, हेड कांस्टेबल प्रवीण त्रिवेदी, कांस्टेबल ऊदल सिंह आदि ने उनकी सहायता की और दूसरे दल का नेतृत्व एसओ सतनवाड़ा, उप निरीक्षक संजय मिश्रा ने किया जिसके सदस्य हेड कांस्टेबल गौरी शंकर, कांस्टेबल रूद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल आदेश धाकर आदि थे। समूचा बल आगरा-बम्बई मार्ग के पास पहुंचा और घात लगाकर हमला करने के लिए पोजीशन ले ली।

रात में लगभग 10 बजे ए.बी. मार्ग के नीचे सुरंग से कुछ आवाजें सुनाई पड़ी। पांच सशस्त्र व्यक्ति सुरंग पार करते हुए दिखाई दिए, जिन्हें नाइट विजन उपकरण की सहायता से मंद चांदनी में देखा गया। पुलिस अधीक्षक ने उनसे पूछा कि वे कौन हैं? पुलिस अधीक्षक ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए भी कहा, लेकिन पुलिस की चेतावनी से बेखौफ बदमाशों ने पुलिस बलों को लक्ष्य बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। तब निरीक्षक रत्नेश तोमर, हेड कांस्टेबल, वासुदेव रावत और हेड कांस्टेबल असलम खान डाकुओं द्वारा बरसाई जा रही भारी गोलियों के बीच अनुकरणीय साहस और असाधारण रणनीति का प्रदर्शन करते हुए डाकुओं के बांई ओर पहुंचने के लिए रेंगकर आगे बढ़े। इस वीरतापूर्ण गतिविधि को देखकर डाकुओं ने मारने के इरादे से इस दल को निशाना बनाकर भारी गोलीबारी आरंभ कर दी। एक डाकू ने गाली दी और अपने आप को पप्पू गुर्जर बताया और कहा कि उसने पुलिस से राइफलें लूटी हैं और एक कांस्टेबल को भी मारा है। अपनी जान को आसन्न खतरे को देखते हुए दो डाकुओं को मार गिराने के लिए अपने बचाव में जवाबी कार्रवाई की, जिनमें से बाद में एक डाकू की पहचान पप्पू गुर्जर के रूप में की गई। डाकुओं ने पुलिस बल को मारने के इरादे से भारी गोलीबारी जारी रखी। तब पुलिस अधीक्षक आर.पी. सिंह ने हेड कांस्टेबल आदि के साथ अपनी जान को जोखिम में

डालकर रेंगना आरंभ किया और जान को भीषण खतरे में डालकर अपने बचाव में जवाबी कार्रवाई की और एक डाकू को मार गिराया। ऐसा पुलिस अधीक्षक आर.पी. सिंह के आश्चर्यजनक साहस, रणनीतिक कार्रवाई और बहादुरी के परिणामस्वरूप हुआ। एक अन्य डाकू का पीछा करने के बाद निरीक्षक रत्नेश तोमर, कांस्टेबल ऊदल सिंह आदि द्वारा उसी तरह वीरतापूर्वक खात्मा कर दिया गया। पुलिस द्वारा इस अंतिम हमले और गोलीबारी के दौरान एक चीख सुनाई दी। इसके तुरंत बाद डाकुओं की ओर से गोलीबारी बंद हो गई। पांचवा डाकू जंगल और नाले का फायदा उठाकर वहां से गायब हो गया।

तलाशी के दौरान चार डाकुओं के शव मिले जिनकी बाद में पप्पु गुर्जर, रामकिशन आदिवासी के रूप में पहचान की गई। इन दोनों में से प्रत्येक पर डी.जी.पी. मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा पच्चीस हजार रू. के इनाम की घोषणा की गई थी। राम खिलारी गुर्जर पर पुलिस अधीक्षक, शिवपुरी द्वारा 5,000/-रू. के इनाम की घोषणा की गई थी और लक्ष्य-39 के रूप में सूचीबद्ध रामनाथ गुर्जर, पप्पू गुर्जर अपने दल का नेता था।

घटनास्थल से घातक असला एक 7.62 एमएम एसएलआर, एक .315 बोर की राइफल और 12 बोर की दो बंदूकों के साथ बड़ी मात्रा में जिंदा और खाली कारतूस बरामद किए गए थे। ऊपर बताए गए तथ्य पुलिस अधिकारियों की अदम्य वीरता, नेतृत्व, कर्तव्य के प्रति अनुकरणीय समर्पण और असाधारण स्तर के आत्मबलिदान के कार्यों का वर्णन करते हैं। पप्पू गुर्जर दल इतना निर्भीक और दु:साहसी था कि वर्ष 2010 में उन्होंने शिवपुरी में एक मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबल एसएएफ इन्द्र बहादुर की हत्या कर दी थी।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री राकेश प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक, रत्नेश तोमर, निरीक्षक और वासुदेव रावत, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25.06.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 32-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. परदेशी सुकुजी देवांगण, हेड कांस्टेबल (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक) (मरणोपरांत)
02. विट्ठल शंकर पवार, उप निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

जिला पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) सहित एओपी पोटेगांव की पुलिस पार्टी मकदचवा जंगल क्षेत्र में नक्सलियों की संदिग्ध आवाजाही की सूचना प्राप्त होने पर दिनांक 19-8-2011 को प्रात: लगभग 3.50 बजे उक्त क्षेत्र में नक्सल-रोधी कार्रवाई करने के लिए रवाना हुई। हेड कांस्टेबल देवांगण सुकुजी परदेशी, जो एओपी पोटेगांव में तैनात थे, एडवांस यूनिट पार्टी के सदस्य थे।

लगभग 7.30 बजे, जब पुलिस पार्टी मकदचुवा गांव के निकट पहुंची, तब केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एफ/192 बटालियन के सहायक कमांडेंट श्री जोशी ने कुछ सशस्त्र नक्सलियों की संदिग्ध आवाजाही देखने के पश्चात पुलिस पार्टी को सतर्क कर दिया। हेड कांस्टेबल देवांगण सुकुजी परदेशी ने, जो सबसे आगे थे, एक आड़ के पीछे पोजीशन ले ली। जब एसी जोशी ने उन सशस्त्र नक्सलियों को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, तब उन्होंने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरु कर दी। सबसे आगे खड़े हेड कांस्टेबल देवांगण सुकुजी परदेशी ने जबावी गोलियां चलाई। रणनीति के रुप में हेड कांस्टेबल देवांगण सुकुजी परदेशी ने अपने साथियों का बांयी ओर से नेतृत्व किया, जबकि एसी जोशी और उनके कार्मिकों ने छिपे हुए नक्सलियों पर दायीं ओर से बंदूकों से भारी गोलीबारी शुरु कर दी। जब एसी जोशी अपने कुछ साथियों के साथ छिपे हुए नक्सलियों की ओर बढ़ रहे थे, तभी हेड कांस्टेबल देवांगण सुकुजी परदेशी और उनके साथियों ने कुशलतापूर्वक गोलियां चलाकर उनकी सहायता की। एक नक्सली ने, जो इस हमले में गोली से जख्मी हो गया था, घने जंगल की ओर भागना शुरु कर दिया। जब एसी जोशी और अन्य पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा करने की कोशिश की, तो छिपे हुए नक्सलियों ने बायीं ओर से उन पर गोलियां चलाई, जिससे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कांस्टेबल चन्दन नाथ गोली लगने से घायल हो गए। नक्सलियों ने एसी जोशी के दल को घेरने के लिए भारी गोलीबारी की। हेड कांस्टेबल देवांगण सुकुजी परदेशी ने अपने सहकर्मियों की जान को जोखिम होने का अनुमान लगाते हुए, तत्काल एक साहसिक निर्णय लिया और वीरतापूर्वक दूसरी ओर से उन नक्सलियों पर भारी गोलीबारी करते हुए आगे बढ़े, जो पुलिस को घेरने की कोशिश कर रहे थे। उनके वीरतापूर्वक आगे बढ़ने से नक्सली पीछे हटने पर मजबूर हो गए और इस हमले में दो नक्सली घायल हो गए। बहादुर हेड कांस्टेबल देवांगण सुकुजी परदेशी निडरता से उनकी ओर बढ़ते रहे ताकि वे उन्हे फरार होने से रोक सकें। तभी कुछ छिपे हुए नक्सलियों ने मक्का के खेत से हेड कांस्टेबल देवांगण सुकुजी परदेशी पर गोलिंया दागी और एक गोली उनकी छाती में लगी। इस नाजुक स्थिति में भी, हेड कांस्टेबल देवांगण सुकुजी परेदशी ने आगे बढ़ना जारी रखा। किन्तु उनके मर्मस्थल पर गोली लगने के कारण घायल होने की वजह से कार्रवाई के दौरान ही उनकी मृत्यु हो गई।

इस दुर्घटना के बाद, जब हेलीकाप्टर द्वारा अतिरिक्त बल भेजने और घायल पुलिस कर्मियों को वहां से हटाने की योजना बनाई गयी, तब सी-60 पार्टी के प्रभारी पुलिस उप निरीक्षक विट्ठल शंकर पवार, अभियान में आगे बढ़े। आधे घण्टे के भीतर वे घटना स्थल पर पहुंच गए। नक्सलियों द्वारा लगातार किए जा रहे गोलियों के हमले से विचलित हुए बिना ये बहादुर अधिकारी सीआरपीएफ के घायल कांस्टेबल चन्दन नाथ को वहां से हटाने में सफल हो गये जिनकी जान पीएसआई विट्ठल शंकर पवार के इस वीरतापूर्ण कार्य के कारण बचायी जा सकी। उन्होंने नक्सलियों के साथ अपनी मुठभेड़

जारी रखी। जब विठ्टल शंकर पवार ने कोबरा 206 बटालियन के कुछ सिपाहियों के साथ नक्सलियों को बायीं ओर से घेरने का प्रयास किया, तब नक्सलियों ने पुलिस उप निरीक्षक विट्ठल शंकर पवार पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। बदले में, उप निरीक्षक विट्ठल शंकर पवार और उनके दल ने छिपे हुए नक्सलियों पर तेज हमला शुरु कर दिया। यह हमला इतना प्रभावशाली था कि नक्सलियों का धैर्य टूट गया और उन्होंने पीछे हटने का निर्णय लिया। यह देखकर कि कुछ नक्सली अपने घायल साथियों को खींचकर घने जंगल में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं, कोबरा के कुछ कांस्टेबलों ने उनका पीछा करने की कोशिश की। कुछ छिपे हुए नक्सलियों ने दांयी ओर से जबावी गोलियां चलाई जिससे कोबरा कांस्टेबल चन्द्रशेखर टोर और यासर खान को गम्भीर चोटें आईं और घायल होने की वजह से उनकी मृत्यु हो गयी। कोबरा सिपाहियों को बुरी तरह घायल देखकर, पीएसआई विट्ठल शंकर पवार घायल कर्मियों को गोलियों से बचाने के लिए उनकी ओर बढ़े। किन्तु इस बार भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और नक्सलियों द्वारा चलाई गई गोली उनकी टांग में लगी। उक्त अधिकारी को घायल देखकर, अन्य पुलिसकर्मी घबरा गए किन्तु पीएसआई विट्ठल शंकर पवार शांतचित से आगे बढ़ते रहे और अन्य साथियों को उनके पीछे आने के लिए प्रेरित करते रहे। कुछ समय बाद पीएसआई विट्ठल शंकर पवार और उनके साथी घायलों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने में सफल हो गए। इसके बाद, पीएसआई विट्ठल शंकर पवार को हेलीकाप्टर द्वारा चिकित्सा के लिए गढ़चिरौली ले जाया गया।

हेड कांस्टेबल देवांगण सुकुजी परदेशी और पीएसआई विट्ठल शंकर पवार वीरतापूर्वक लड़े और नक्सलियों की सतत् गोलीबारी में भी नरम नहीं पड़े। इन दोनों की यह शौर्यपूर्ण कार्रवाई कट्टर नक्सलियों के विरुद्ध लड़ाई अथक साहस का एक उल्लेखनीय उदाहरण है।

की गई बरामदगियां

1.	303 राइफल	-	01
2.	303 के जीवित राउंड्स	-	14
3.	मेगजीन	-	01
4.	चार्जर	-	04
5.	10,231/रु. की नगद राशि		
6.	पत्र और फोटोग्राफ		

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री (स्वर्गीय) परदेशी सुकुजी देवांगण, हेड कांस्टेबल और विट्ठल शंकर पवार, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.08.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 33-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री राजवर्धन,
उप पुलिस आयुक्त

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26 नवम्बर, 2008 को लगभग 21.40 बजे दस आतंकवादियों में से दो आतंकवादियों ने भीड़-भाड़ वाले सीएसटी रेलवे स्टेशन के भीतर एके-47 से अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरु कर दी। अन्य आतंकियों ने जोड़ों में इधर-उधर घूमकर कोलाबा में नरीमन हाऊस, होटल ट्राइडेंट, होटल ताज और कैफे लियोपोल्ड की घेराबन्दी कर ली। आखिरी जोड़े ने पहले कैफे लियोपोल्ड पर हमला किया और विदेशी पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाने के बाद होटल ताज में अपने अन्य साथियों से मिलने के लिए चले गए। होटल में घुसने से पहले, उन्होंने गेटवे आफ इंडिया के आस-पास दो शक्तिशाली आईईडी लगा दिए।

होटल ताज में घुसने के बाद, चार आतंकवादियों ने मेहमानों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरु कर दी। उनका इरादा यथा सम्भव अधिक से अधिक लोगों की हत्या करना था, जिसके लिए उन्होंने हैंड ग्रेनेडों का भी उपयोग किया। होटल ताज आगंतुकों से पूरी तरह भरा हुआ था, जिसमें बहुत से विदेशी नागरिक भी शामिल थे। तथापि, मुम्बई पुलिस के यथा समय हस्तक्षेप से बहुत सी जानें बच गईं। होटल ताज में घुसे आतंकवादियों को रोकने के लिए श्री विश्वास नांगरे पाटिल, डीसीपी, जोन-I, श्री राजर्वधन डीसीपी, एसबी-II, श्री दीपक धोले, पीआई, श्री काकडे, पीएसआई, श्री अमित खेतले, पीसी, श्री अरुण माने, पीसी, श्री राहुल शिंदे, पीसी, राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) और श्री समाधान मोरे पीसी, राज्य रिजर्व पुलिस बल की टीम सबसे आगे थी। उन्होंने आतंकवादियों की गोलियों के आक्रमण के जबाब में तत्काल गोलियां चलानी शुरु कर दी और इस कार्यवाही में एक आतंकी घायल हो गया। उक्त दल ने आतंकवादियों का पीछा किया और उन्हें होटल की बिल्डिंग की छठी मंजिल पर एक कोने में जाने पर मजबूर कर दिया जिससे वे दुश्मनों की गोलीबारी से अन्य मेहमानों/पर्यटकों की रक्षा कर सके। उक्त दल ने जबावी गोलियां चलाते हुए इन आतंकवादियों को लगभग 3 घण्टे से अधिक समय तक छठी मंजिल पर रोके रखा और उन्हें बच कर निकलने अथवा अधिक लोगों को हानि पहुंचाने का अवसर नहीं दिया। इस दौरान, दल ने होटल के प्रबन्धक वर्ग और फायर ब्रिगेड से समन्वय स्थापित किया और होटल में फंसे हुए 500 से अधिक पर्यटकों और कर्मचारियों को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया गया।

हमले के तुरन्त बाद, महाराष्ट्र सरकार ने इस संकट के प्रशमन और समाधान हेतु विभिन्न सरकारी एजेन्सियों द्वारा की गई कार्रवाई का अध्ययन करने के लिए श्री प्रधान की अध्यक्षता में एक

उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया था। रिपोर्ट में, समिति ने उक्त दल द्वारा किए गए अनुकरणीय और शौर्यपूर्ण कार्य की प्रशंसा की है।

श्री राजर्वधन, उप पुलिस आयुक्त,एसबी-II मुम्बई द्वारा निभाई गई भूमिका

वर्ष 2008 में, श्री राजवर्धन आसूचना ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति पर थे और मुम्बई में उप पुलिस आयुक्त, एसबी-II थे। दिनांक 26.11.2008 को लगभग 2140 बजे जब उक्त हमला किया गया, उस समय वे घर पर थे। जैसे ही उन्हें कोलाबा स्थित कैफे लियोपोल्ड पर हमले की सूचना मिली, वे तुरन्त विस्तृत जानकारी लेने के लिए कोलाबा पुलिस स्टेशन पहुंचे। वहां पहुंचने पर, उन्हें होटल ताज पर चल रहे हमले की जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल होटल ताज की ओर जाने का निर्णय लिया।

श्री राजवर्धन को सामरिक लड़ाई का अच्छा अनुभव है, और उन्हें यह अनुभव गढ़चिरौली में पुलिस अधीक्षक के रुप में अपनी तैनाती के दौरान प्राप्त हुआ था। श्री राजवर्धन ने होटल ताज पहुंचकर अनुभव किया कि यह पूर्णतया समन्वित आतंकवादी हमला था। वे शीघ्र ही श्री विश्वास नांगरे पाटिल और आतंकवादियों से भिड़ रही उनकी टीम में शामिल हो गए। टीम की कार्रवाई के परिणामस्वरुप आतंकवादी वापस सीढ़ियों पर चले गए। चूंकि होटल ताज बहुत बड़ा होटल है, इसलिए टीम के लिए उनकी ठीक-ठीक पोजीशन का पता लगाना असम्भव था। इस स्थिति में, श्री राजवर्धन होटल के सीसीटीवी नियंत्रण स्टेशन पर गए और आतंकवादियों की सही-सही पोजीशन का पता लगाया, जो छठी मंजिल पर छिपे हुए थे। इससे टीम को रणनीति तय करने और ऊपरी मंजिलों पर आतंकवादियों को पकड़ने के लिए पोजीशन लेने में बहुत सहायता मिली। आतंकवादियों ने बंधकों के साथ सीढ़ियों से नीचे आने के कई प्रयत्न किए किन्तु टीम ने लगातार गोलियां चलाकर उनकी आवाजाही को लगभग 3 घण्टे के अधिक समय तक होटल की पांचवीं और छठी मंजिल के बीच ही सीमित बनाए रखा। इस अवधि में, श्री राजवर्धन ने होटल के प्रबन्धक वर्ग और फायर बिग्रेड के साथ भी समन्वय स्थापित किया और होटल में फंसे हुए 500 से अधिक पर्यटकों और कर्मचारियों को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया।

प्रात: लगभग 0300 बजे एनएसजी घटना स्थल पर पहुंच गई और टीम से कार्यभार ले लिया। जब गार्ड को बदला जा रहा था, तब गोलीबारी बंद थी और जैसे ही टीम मोर्चाबन्दी की स्थिति से बाहर निकली तब क्रोध से उन्मत आतंकवादियों ने टीम पर गोलियां चलाई और उसी समय हैंड ग्रेनेड भी फेंके, जिससे श्री राहुल शिंदे, पीसी, एसआरपीएफ शहीद हो गए और श्री राजवर्धन और दो अन्य कांस्टेबल गम्भीर रुप से घायल हो गए।

रिपोर्ट में, उच्च स्तरीय जांच समिति ने भी श्री राजवर्धन और श्री विश्वास नांगरे पाटिल के नेतृत्व वाले दल द्वारा किए गए अनुकरणीय एवं शौर्यपूर्ण कार्य की सराहना की है, जो इस प्रकार है "उनमें से हम दो लोगों का विशेष रूप से उल्लेख करना चाहेंगे: श्री विश्वास नांगरे पाटिल, उप पुलिस आयुक्त, जोन-I और श्री राजवर्धन, उप पुलिस आयुक्त, प्रभारी, एसबी-II, जिन्होंने धरोहर ताज के अंदर से आतंकवादियों को ढूंढ कर बाहर निकालने का प्रयास किया।"

इस मुठभेड़ में, श्री राजवर्धन उप पुलिस आयुक्त ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26-11-2008 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 34-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री गुरदियाल सिंह, (मरणोपरान्त)
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री गुरदियाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक (एसएसआई) की तैनाती पुलिस चौकी शहीद भगत सिंह नगर (पुलिस स्टेशन सराभा नगर लुधियाना) के प्रभारी के रुप में की गई थी। इस पुलिस चौकी का कार्य क्षेत्र काफी बड़े क्षेत्र में फैला है और कानून और व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील है। इस क्षेत्र में समाज विरोधी तत्व सक्रिय थे और सुबह भ्रमण करने वाले लोगों से सोने के गहने छीनने की कई घटनाएं सूचित की गई थीं। इसके परिणामस्वरुप जनसाधारण में बहुत आतंक फैला हुआ था। इस अपराध को रोकने और अभियुक्तों को पकड़ने के लिए, स्थानीय पुलिस ने ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया था ताकि जनसाधारण में विश्वास और सुरक्षा की भावना उत्पन्न की जा सके। इस क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए आसूचना नेटवर्क को भी सुदृढ़ किया गया था।

दिनांक 17/05/2011 को एएसआई गुरदियाल सिंह के एक अत्यावश्यक किसी जमानत के मामले में माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, चण्डीगढ़ गए और सायं देर से पुलिस चौकी लौटे। इसके पश्चात, कुछ पुलिस कर्मियों के साथ उन्होंने असामाजिक तत्वों को खोजने और संदिग्ध वाहनों की जांच करने के लिए विशेष नाकाबन्दी की। नाकाबन्दी के दौरान उन्हें किसी सूत्र से सूचना मिली कि कुछ असामाजिक तत्व उक्त क्षेत्र में कोई बड़ा अपराध करने की योजना बना रहे हैं। इस पर, एएसआई गुरदियाल सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटना स्थल की ओर गए, किन्तु अपराधी सफलतापूर्वक भाग निकले।

दिनांक 18.05.2011 को प्रात: काल में, एएसआई गुरदियाल सिंह, प्रभारी पुलिस चौकी, शहीद भगत सिंह नगर (पुलिस स्टेशन सराभा नगर) लुधियाना हेड कांस्टेबल अमरजीत कुमार और स्रोत के साथ उसी क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की उपस्थिति के बारे में प्राप्त सूचना के आधार पर गश्त लगा रहे थे। ए एस आई गुरदियाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने दो लोगों को बिना नम्बर प्लेट की एक मोटर साइकिल पर संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए देखा और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा/संरक्षा की परवाह किए बगैर तत्काल उनका पीछा करना शुरु कर दिया और काफी हाथापाई के बाद एएसआई गुरदियाल सिंह एक अपराधी को पकड़ने में सफल हो गए। लेकिन इसी बीच में दूसरे अपराधी ने एएसआई गुरदियाल सिंह पर हथियार से गोली चलाई, जो उनके सिर में लगी। इसके परिणामस्वरूप एएसआई गुरदियाल सिंह गम्भीर चोट लगने के कारण गिर गए। अभियुक्त ने स्रोत पर भी गोली चलाकर उसे घायल कर दिया। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए अभियुक्त भाग निकले। घटना की जानकारी मिलने पर, वरिष्ठ अधिकारी तुरन्त घटना स्थल की ओर भागे। एएसआई गुरदियाल सिंह को चिकित्सा के लिए तत्काल डीएमसी और हास्पिटल लुधियाना ले जाया गया, जहां वे जीवन के लिए संघर्ष करते रहे और घायल होने की वजह से दिनांक 12.06.2011 को उनकी मृत्यु हो गई। इस सम्बन्ध में, अज्ञात अभियुक्त व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस स्टेशन सराभा नगर, लुधियाना में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307/34 और आयुध अधिनियम की धारा 25/54/59 के अंतर्गत दिनांक 18.05.2011 को एफआईआर संख्या 94 दर्ज की गई थी।

एएसआई गुरदियाल सिंह ने असामाजिक तत्वों से लड़ते हुए अपनी सुरक्षा और संरक्षा की परवाह किए बिना अदम्य साहस और बहादुरी दर्शाते हुए अपने जीवन की कुर्बानी दे दी।

इस मुठभेड़ में, स्वर्गीय श्री गुरदियाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.05.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 35-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, राजस्थान पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री निहाल सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन सदर में तैनात कांस्टेबल श्री निहाल सिंह, आकस्मिक छुट्टी पर थे और दिनांक 02.07.2011 को प्रात: 8.45 बजे अपने गृह गांव बारोडकन के बस स्टैंड पर बैठे थे। वहां उन्होंने महेन्द्र

मीना (वाहन चोरी में वांछित अपराधी) को उसके दल के सदस्यों के साथ देखा। उन्होंने अलवर सिटी के सी. ओ. को बारंबार इसकी सूचना दी। सी. ओ. सिटी ने एस एच ओ कथुमार को अपराधियों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। एसएचओ कथुमार को बस स्टैंड पर देखकर, महेन्द्र मीना और उसके ग्रुप के सदस्यों ने भागने की कोशिश की। उन्हें पकड़ने के लिए कांस्टेबल निहाल सिंह अपनी मोटर साइकिल पर उनके पीछे भागे। अपराधी महेन्द्र मीना ने अपने "देशी कट्टे" से कांस्टेबल निहाल सिंह पर गोली चलाई। इसकी वजह से पेट और शरीर के दायीं ओर कई गोलियां लगीं। गोलीबारी की आवाज सुनकर पुलिस पार्टी और ग्रामीण अपराधियों के पीछे भागे। इसी बीच नजदीकी पुलिस स्टेशन की पुलिस पार्टियों को घटना स्थल पर पहुंचने की सूचना दी गई। घायल कांस्टेबल निहाल सिंह को प्राथमिक चिकित्सा के लिए कथुमार स्थित सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया और उसके बाद वहां से उन्हें जनरल हॉस्पिटल अलवर में भर्ती कराया गया और वहां से उन्हें आगे इलाज के लिए एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर भेजा गया। जिला अलवर के पुलिस स्टेशन कथुमार में श्री बलराम पुत्र श्री दौलतराम यादव निवासी बारोडकन द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307, 332, 353 और आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के अन्तर्गत दिनांक 02.07.2011 को एक मामला संख्या 173/2011 दर्ज कराया गया था।

श्री निहाल सिंह, कांस्टेबल, पुलिस स्टेशन सदर द्वारा छुट्टी पर रहते हुए भी अपना कर्तव्य भली भांति निभाया गया और उन्होंने वांछित अपराधी महेन्द्र मीना को पकड़ते हुए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। श्री निहाल सिंह ने छुट्टी पर होने के बावजूद अत्यधिक साहस और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया। इस कार्रवाई के दौरान वह गम्भीर रुप से घायल हो गए और उन्हें हॉस्पिटल भर्ती कराया गया। चिकित्सा के दौरान दिनांक 22.07.2011 को उनकी मृत्यु हो गई।

इस मुठभेड़ में, स्वर्गीय श्री निहाल सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 02.07.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 36-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, तमिलनाडु पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री टी. अलविन सुधन (मरणोपरान्त)
उप -निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री टी. अलविन सुधन को वर्ष 2011 के दौरान सीधे उप पुलिस निरीक्षक (श्रेणी-I) के रूप में भर्ती किया गया था। शैक्षिक प्रशिक्षण पूरा करने के पश्चात उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए तिरुनेलवेली जिले के संकरनकोविल तालुक पुलिस स्टेशन पर तैनात किया गया था। व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, उनकी तैनाती सिवगंगा जिले में की गई थी और उन्होंने दिनांक 24-8-2012 को तिरुपचेथी पुलिस स्टेशन में कार्यभार सम्भाला। दो महीने की छोटी सी अवधि में, उन्होंने कानून और व्यवस्था के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट कार्य किया। उन्होंने रेत माफिया गैंग के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की और उनकी गैर कानूनी गतिविधियों पर रोक लगा दी। उन्होंने भारतीय दण्ड संहिता की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत 28 मामले दर्ज किए और उपद्रव की गतिविधियों को नियंत्रित किया। 28 मामलों में से 7 मामले दोषसिद्ध, 8 मामले आरोप-पत्रित तथा 7 मामले जांचाधीन थे और 6 मामलों में कार्रवाई रोक दी गई थी। उन्होंने माइकल पट्टिनम, मीनाक्षीपुरम, मथुर, टी.वेलारंगुलम, वम्पाथुर, मालवारायनेंथल गावों जो, तिरुप्पाचिती पुलिस स्टेशन की सीमा में आते हैं, में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में बंदोबस्त ड्यूटी निभाई थी। दिनांक 11-9-2012 को इमैनुएल शेखरन स्मृति दिवस के अवसर पर उन्होंने पचेरी कालोनी क्षेत्र के संवेदनशील इलाके में जनसाधारण और स्वयंसेवकों के लिए बहुत अच्छा कार्य किया था। दिनांक 27.10.2012 को कलैयारकोवी में मरुथुपंडियार गुरु पूजा के अवसर पर उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और एनएच-49 पर यातायात का अबाध प्रवाह सुनिश्चित किया। उसी समय उन्हें सूचना मिली कि वी पुथुकुलम से सम्बन्धित कुछ उपद्रवी प्रभु के नाम से एक 2-टाटा सूमो कार में उपद्रव कर रहे हैं और वेम्पाथुर में जन अशांति उत्पन्न कर रहे हैं। समस्या के समाधान के लिए, वे उस घटनास्थल पर गए। उस समय उक्त प्रभु गैंग मनमदुरै के उप पुलिस अधीक्षक श्री करुणानिधि और निरीक्षक श्री विजयकुमार के साथ वेम्पाथुर लक्ष्मीपुरम रोड़ पर झगड़ा कर रहा था और उन्होंने उप पुलिस अधीक्षक को गिरा दिया था और उन्हें तलवार से मारने का प्रयास कर रहा था। उस समय श्री टी. अलविन सुधन, उप पुलिस निरीक्षक ने उन्हें बचाने और उपद्रव को रोकने का प्रयत्न किया। किन्तु उपद्रवी प्रभु ने उप निरीक्षक के सीने पर तलवार से हमला कर दिया। घायल होने के कारण अस्पताल ले जाते समय उनकी रास्ते में ही मृत्यु हो गई।

श्री अलविन सुधन ने अपनी जान देकर उप पुलिस अधीक्षक, एक निरीक्षक और दो हेड कांस्टेबलों की जान बचाई ।

इस मुठभेड़ में स्वर्गीय श्री टी. अलविन सुधन, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27.10.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 37-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री गोविन्द सिंह, (मरणोपरांत)
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18.4.2012 को, श्री जोगेन्द्र कुमार, एसपी, मऊ को करमी मथिया गांव, पुलिस स्टेशन चिरैयाकोट में एसजीओ के कुख्यात और इनामी अपराधी धीरज सिंह के साथ पुलिस मुठभेड़ की सूचना मिली। इस पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए वे घटनास्थल की ओर भागे। अपराधी धीरज और उसके साथी ने करमी मथिया गांव में रामजी बरनवाल के घर में जबरदस्ती घुसकर उनकी निर्दयता से हत्या कर दी थी और उनके 5 वर्षीय बच्चे को बंधक बना लिया था और लगातार पुलिस दल पर गोलियां चला रहे थे। इसी बीच कोतवाली सिटी मऊ के निरीक्षक/एसएचओ श्री गोविन्द सिंह वहां पहुंचे और पुलिस पार्टी का नेतृत्व करते हुए उन्होंने रणनीतिपूर्वक दोनों अपराधियों को चुनौती दी और अपनी जान और शरीर की परवाह न करते हुए अदम्य साहस एवं बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए उन्हें जीवित पकड़ने के लिए नियंत्रित गोलीबारी करते हुए आगे बढ़े, किन्तु अपराधियों द्वारा की जा रही अंधाधुंध गोलीबारी से वे गम्भीर रुप से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए शीघ्रता से अस्पताल ले जाया गया, जहां घायल होने के कारण उनकी मृत्यु हो गयी।

एस.पी. मऊ अतिरिक्त बल सहित वहां पहुंचे, श्री विजय सिंह मीना, एस पी आजमगढ़ भी वहां पहुंचे और उन्होंने अपराधियों को आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी, लेकिन अपराधी उन्हें मारने के इरादे से उनकी ओर अधिक उग्रता के साथ लगातार गोलीबारी करते रहे। एसपी मऊ, आजमगढ़, सीओ सिटी मऊ, श्री बिन्द कुमार एसआई, श्री शशि भूषण राय, एसआई और श्री अशोक कुमार सिंह, एचसीएपी ने दोनों अपराधियों की खतरनाक गोलीबारी से घबराए बिना, रणनीतिपूर्वक उन पर आंसू गैस से जवाबी हमला किया जिससे लगातार और उग्रतापूर्वक पुलिस पार्टी पर गोलियां चलाता हुआ एक अपराधी घर से बाहर आया और इस 'करो या मरो' की स्थिति में पुलिस दल ने अदम्य साहस दर्शाते हुए और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना और अपराधी को जीवित ही गिरफ्तार करने के दृढनिश्चय से निडरता से आगे बढ़ते हुए उसे आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी और आत्मरक्षा में नियंत्रित गोलीबारी करते रहे जिससे अपराधी घायल होकर नीचे गिर गया।

पुलिस पार्टी ने बंधक बच्चे को बचाने और पुलिस दल पर घर के भीतर से अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे अपराधी को जीवित पकड़ने के उद्देश्य से निडरता से उन पर हमला किया और उत्कृष्ट साहस, कर्तव्यनिष्ठा की भावना दर्शाते हुए, सही दिशा में कार्य करते हुए, अपनी जान व शरीर की चिन्ता किए बगैर तत्काल घर में घुस गए और बंधक बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियंत्रित गोलीबारी की, जिससे अपराधी घायल होकर नीचे गिर गया और बंधक बच्चे को सफलतापूर्वक बचा लिया गया। दोनों

ही अपराधियों को बाद में मृत घोषित किया गया और उनकी पहचान कुख्यात अपराधी धीरज और विकास के रुप में की गई।

बरामदगी

1. मैगजीन सहित 01 एफ एम पिस्तौल, 04 जिन्दा कारतूस और 9 एम एम के 10 खाली खोखे।
2. 01 पिस्तौल, 03 जिंदा कारतूस और .32 बोर के 03 न चले हुए कारतूस।
3. 03 देशी पिस्तौलें, 03 जिंदा कारतूस और .315 बोर के 31 खाली खोखे।

इस मुठभेड़ में, स्वर्गीय श्री गोविन्द सिंह, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.04.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 38-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. राजेश कुमार वर्मा,
   निरीक्षक
2. राकेश कुमार,
   उप निरीक्षक
3. सत्येन्द्र कुमार,
   हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21.03.2013, को श्री राजेश कुमार वर्मा, निरीक्षक को बिजली – बम्बा बाईपास क्षेत्र में कोई घृणित आपराधिक कार्य करने के लिए कुछ उपद्रवियों के एक इनोवा कार में इधर-उधर घूमने के बारे में श्री राकेश कुमार, उप निरीक्षक से सूचना प्राप्त होने पर वे तुरंत हरकत में आए। पुलिस स्टेशन और क्राइम ब्रांच टीम में उपलब्ध पुलिस अधिकारियों के साथ वे तुरंत रवाना हुए और दो पुलिस वाहनों में रिठानी, रिझानी, शताब्दीनगर क्षेत्र में गश्त लगाते समय डिवाइडर रोड़ क्रासिंग चौराहे के निकट पहुंचने पर, उन्होंने दिल्ली रोड़ की ओर से एक इनोवा कार को आगे आते देखा और ज्योंही यह कार

क्रासिंग के पास आई, तो सामने पुलिस के वाहनों को देखकर उन्होंने शीघ्रता से अचानक दायीं ओर डिवाइडर रोड की गलत दिशा में गाड़ी मोड़ी और पंचवटी की ओर भागे।

श्री राजेश कुमार वर्मा और श्री राकेश कुमार को इनोवा कार में बैठे लोगों की इस प्रकार की असामान्य और अचानक कार्रवाई से यह विश्वास हो गया कि वे लोग उपद्रवी ही हैं, अत: उन्होंने डिवाइडर रोड के पास ही शीघ्रता से अपने वाहन मोड़ दिए और तेजी से वाहन चलाकर उनका पीछा करके उन्हें रणनीतिपूर्वक रोक लिया और दोनों ही निडरता से पुलिस वाहनों से कूदकर डिवाइडर रोड़ के बीच में, इनोवा कार के सामने आकर उपद्रवियों को ऊंची आवाज में चुनौती दी और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, किन्तु अपराधों में माहिर 6 उपद्रवियों ने चिल्ला-चिल्ला कर यह कहते हुए कि "मारो सालों को, ये पुलिस वाले हैं" तेजी से इनोवा से कूदकर, पुलिस पार्टी पर मारने इरादे से अंधाधुंध गोलियां चलाते हुए बचने के लिए भागे। उपद्रवी उन्हें मारना चाहते थे, किन्तु भाग्यवश वे बच गए।

इस 'करो या मरो' की स्थिति में श्री राजेश कुमार वर्मा ने पुलिस पार्टी पर सामने से गोलियां चला रहे और बचकर भागने का प्रयास कर रहे 6 आतंकवादियों का अदम्य साहसपूर्वक सामना किया और उनकी कमान में श्री राकेश कुमार उप निरीक्षक और श्री सत्येन्द्र कुमार हेड कांस्टेबल अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा एवं संरक्षा की परवाह किए बगैर और उपद्रवियों को जीवित पकड़ने के दृढ़संकल्प के साथ उत्कृष्ट वीरता, साहस और कर्तव्यपरायणता की भावना प्रदर्शित करते हुए और आत्मरक्षा में नियंत्रित गोलीबारी करते हुए आगे बढ़े और रणनीतिपूर्वक उपद्रवियों को दबोचकर जबरन उनके आग्नेयास्त्र छीन लिए और 6 उपद्रवियों को सफलतापूर्वक जीवित पकड़ लिया जिनकी पहचान कुख्यात अपराधी योगेश भड़ोदा के रुप में हुई जिसके सिर पर 5000/- रु. का इनाम था और उसके गैंग के भगोडे अपराधियों और सक्रिय खूंखार गैंगस्टरों नामत: लीलू, राहुल, गौरव, अंकित और संदीप के रुप में की गई। उनके कब्जे से विदेश में निर्मित गैरकानूनी अत्याधुनिक आग्नेयास्त्र, गोलाबारुद और एक टोयोटा इनोवा कार बरामद हुई।

बरामदगी:

1. मेगजीन सहित एक सेमी-ऑटो कारबाइन, 10 जिन्दा कारतूस और .30 बोर का 01 खाली खोखा।
2. मैगजीन सहित एक पिस्तौल, 04 जिन्दा कारतूस और 9 एम एम बोर का 01 खाली खोखा।
3. मैगजीन सहित एक पिस्तौल, .30 एम एम बोर के 06 जिन्दा कारतूस, 7.62 एम एम का 01 खाली खोखा।
4. एक पिस्तौल, 04 जिन्दा कारतूस, .315 बोर के 02 खाली खोखे।
5. एक देशी पिस्तौल, 02 जिन्दा कारतूस, 315 बोर का 01 खाली खोखा।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री राजेश कुमार वर्मा, निरीक्षक, राकेश कुमार, उप निरीक्षक और सत्येन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21.3.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 39-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री संतोष कुमार सिंह, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

वर्ष 2011 में सारंदा जंगल से खदेड़ दिए जाने के बाद नक्सलियों का सतत प्रयास किशनदा (सीपीआई माओवादी पदक्रम में नम्बर 2) के नेतृत्व में अपने पूर्वी क्षेत्रीय ब्यूरो मुख्यालय की स्थापना झारखंड के पोरहट क्षेत्र में करने का था। यह क्षेत्र तीन जिलों के त्रि-जंक्शन पर स्थित है, जहां पास में घने जंगल, बचकर निकलने के आसान रास्ते एवं दुगर्म मार्ग हैं और संचार सुविधाओं की कमी है। संकारा गांव के आसपास के इलाके में कुंदन, पाहन, प्रसादजी आदि जैसे अन्य स्टेट कमेटी के सदस्यों के साथ सेंट्रल मिलिटरी कमीशन चीफ ऐनल की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। यह समूह कार्मिक-विरोधी और वाहन-रोधी सुरंगें बिछाकर और पहुंच मार्गों पर छोटे दलों द्वारा घात लगाकर तथा स्थानीय गोरिला दल के संतरियों को तैनात करके इस इलाके को सुरक्षा बलों के हमले से बचा रहा था।

यह सूचना मिलने पर 209 कोबरा ने पश्चिम सिंहभूम के पुलिस स्टेशन टेबो के अधीन संकारा गांव के आस-पास लक्षित क्षेत्र में हमला करने की योजना बनाई। तीन हमला दल बनाए गए, जिन्होंने दिनांक 02.09.2013 की रात को जंगल में प्रवेश किया और नक्सलियों के संतरियों से बचते हुए लक्षित स्थान की ओर बढ़े। ये दल रात भर घने जंगल में घने झाड़-झखाड़ का सामना करते हुए ऊबड़-खाबड़ जमीन पर चोरी से इधर-उधर घूमते हुए लक्ष्य के निकट पहुंचे। तीन दलों ने इस इलाके में दो दिशाओं से हमला करने और हर एक पहाड़ी को घेरने का निर्णय लिया। तद्नुसार हमला दल-। संकरा गांव के पश्चिम की ओर से और हमला दल-2 और 3 दक्षिण-पूर्व दिशा से पहुंची। जब संबंधित हमला दल पहाड़ियों पर जा रहे थे, तब हमला दल-। पर नक्सलियों द्वारा तीन दिशाओं से भारी गोलीबारी शुरु कर दी गई। नक्सली पहाड़ी की चोटियों पर टिक गए थे और मोर्चों के पीछे छिप गए थे। अंधाधुंध गोलबारी के बाद आईईडी से किए गए विस्फोटों से सैन्य दल भयभीत नहीं हुए और उन्होंने भी कारगर जवाबी हमले में भारी गोलीबारी करते हुए नक्सलियों को चुनौती दी। दूसरी ओर, जब हमला दल-2 और 3 दक्षिण-पूर्व की ओर से आगे बढ़े, तब उन्होंने भी उसी तरह अपने आप को नक्सलियों द्वारा की जा रही

भारी गोलीबारी में घिरा पाया। ऐसा महसूस हुआ कि नक्सलियों ने क्षेत्र की सभी पहाड़ियों की चोटियों को घेर लिया है और सुरक्षा बलों को भारी क्षति पहुंचाने के लिए पहाड़ियों पर लाइट मशीन गनें लगा दी थीं। पहाड़ी के ऊपर चढ़ना मुश्किल होता जा रहा था क्योंकि मशीन गनों से भारी गोलीबारी दलों पर की जा रही थी। कांस्टेबल/जीडी संतोष कुमार सिंह ने मशीन गन की चौकी पर हमला करने का निर्णय किया ताकि उनके दल के साथी आगे बढ़कर कैंप तक पहुंच सकें। उन्होंने भली-भांति छद्मावरण वाले मोर्चे का पता लगाया, जहां से मशीन गन द्वारा सैन्य दल पर भारी गोलीबारी की जा रही थी। उन्होंने मोर्चे पर गोलियां चलायी और गोलियां चला रही मशीन गन को रोकने के लिए आगे बढ़ गए। एलएमजी के पीछे से नक्सली ने उन्हें आगे आते देख लिया और उन पर सीधी गोलीबारी शुरु कर दी। इस बहादुर सिपाही की इस कार्रवाई से नक्सली संतरी का ध्यान भंग हो गया और उसने कांस्टेबल/जीडी संतोष पर संकेद्रित गोलियां चलानी शुरु कर दी, जिससे अन्य सैनिकों को आगे बढ़ने का रास्ता मिल गया। किन्तु अभी काम आधा ही हुआ था, क्योंकि सुरक्षित कैंप में घुसने के लिए नक्सलियों के संतरी को शांत करना महत्वपूर्ण था। कांस्टेबल/जीडी संतोष कुमार ने यह जिम्मेदारी स्वयं ली और अपने कवर से बाहर आकर मोर्चे पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरु कर दी। संतरी और कांस्टेबल/जीडी संतोष के बीच परस्पर भारी गोलीबारी हुई, किन्तु कांस्टेबल/जीडी संतोष की प्रभावी और निशाने पर चलाई गई गोलियों के सामने संतरी टिक नहीं सका और मार गिराया गया। दोनों तरफ से गोलीबारी के दौरान एक गोली इस बहादुर सैनिक के दायीं ओर पीठ में लगी। मशीन गन की गोलीबारी बंद होने से सैनिकों में नवजीवन का संचार हुआ और वे युक्तिपूर्वक हिलटॉप की ओर बढ़े। पाला बदलने की अहसास होते ही नक्सली अपने घायल और मृतक साथियों को लेकर बचकर भागने लगे। कांस्टेबल/जीडी संतोष कुमार अपनी जख्मों की परवाह किए बिना अपने साथियों के साथ तब तक आगे बढ़ते रहे जब तक कि सारा इलाका साफ नहीं कर दिया गया और गोलीबारी रूक नहीं गई। उन्हें इलाज के लिए रांची ले जाया गया लेकिन वहां ले जाने के दौरान ही इस बहादुर सैनिक की मृत्यु हो गयी।

इस बहादुरी की कार्रवाई के दौरान कांस्टेबल/जीडी संतोष कुमार सिंह ने प्रतिकूल परिस्थितियों में बड़ी संख्या में नक्सलियों के विरुद्ध अपनी जान जोखिम में डालते हुए अदम्य वीरता, असाधारण बहादुरी और अद्वितीय साहस का परिचय दिया। उनकी अभियान संबंधी कुशाग्रता और बहादुरी की कार्रवाई से उनके दल के साथियों के अमूल्य जीवन की रक्षा हुई और उत्कृष्ट अभियान की सफलता का श्रेय उनके वीरतापूर्ण कृत्य को जाता है।

की गई बरामदगियां

(क)	45 मोर्चों वाला नक्सली कैम्प (चट्टान और लट्ठे से बना)		
(ख)	क्ले मोर माइन्स	-	06
(ग)	लीड्स (टिफिन बम) (3-3)	-	18
(घ)	क्लेमोर माइन्स और आईईडी		
(ङ)	400 मीटर तार सहित प्रेशर बम	-	01

इस मुठभेड़ में स्वर्गीय श्री संतोष कुमार सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03/09/2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 40-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. उग्रसेन त्रिपाठी, (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)(मरणोपरांत)
    कांस्टेबल
02. अली हसन, (वीरता के लिए पुलिस पदक)
    कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

मणिपुर में विधानसभा चुनाव-2012 के दौरान, दिनांक 27/01/2012 को एफ/155 बटालियन के कांस्टेबल/जीडी उग्रसेन त्रिपाठी और कांस्टेबल/जीडी अली हसन को 5 पोलिंग स्टाफ एवं ईवीएम के साथ पुलिस स्टेशन चकपिकरोंग, जिला-चंदेल (मणिपुर) के अंतर्गत ताम्पी में पोलिंग बूथ संख्या 41/40 पर एचसी/जीडी प्रेम दास की कमान के अधीन सेक्शन संख्या 2 में तैनात किया गया था। दिनांक 28.01.2012 को 0600 बजे एचसी/जीडी प्रेम दास, सेक्शन कमांडर ने सेक्शन संख्या 2 के सभी कर्मिकों को उनके द्वारा निर्वहन की जाने वाली ड्यूटी के बारे में जानकारी दी। मतदान की प्रक्रिया 0700 बजे शुरु हुई और समस्त जत्थे को उनके संबंधित स्थानों/मोर्चों पर तैनात कर दिया गया था। मतदाताओं की व्यवस्थित रुप से तलाशी ली जा रही थी, उन्हें उचित प्रकार से कतारबद्ध किया जा रहा था और 1230 बजे तक मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्वक चल रही थी।

लगभग 1230 बजे अचानक मतदान बूथ भवन के पिछले हिस्से से सटे वन क्षेत्र से कुछ उपद्रवियों/उग्रवादियों ने गोलीबारी शुरु कर दी। कांस्टेबल/जीडी एम. सत्यनारायण, कांस्टेबल/जीडी अशोक यू. (मोर्चा संख्या 2) और कांस्टेबल/जीडी दीपक मनोहर शाल्के (मोर्चा संख्या 3) ने फौरन अपने संबंधित हथियारों से जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी। सेक्शन कमांडर एचसी/जीडी प्रेम दास ने, जो स्वयं मोर्चा संख्या 01 के निकट तैनात थे, उपद्रवियों के ऊपर गोलीबारी करने के स्पष्ट आदेश दिए और उन्होंने स्वयं भी अपनी एके-47 राइफल से गोलीबारी की। कांस्टेबल/जीडी अली हसन ने भी, जो कि मतदान

बूथ भवन के पीछे खिड़की के निकट तैनात थे, अपनी एके-47 राइफल से गोलीबारी की। तत्पश्चात, सेक्शन कमांडर एचसी/जीडी प्रेम दास (मोर्चा संख्या 01), कांस्टेबल/जीडी एम. सत्यनारायण एवं कांस्टेबल/जीडी अशोक यू. (मोर्चा संख्या 02), कांस्टेबल/जीडी दीपक मनोहर शाल्के (मोर्चा संख्या 03) और कांस्टेबल/जीडी अली हसन ने स्वयं युक्तिपूर्वक मतदान बूथ भवन के पीछे जाकर पोजीशन लेते हुए घने जंगल के उस हिस्से की ओर गोलीबारी शुरु की, जहां से उन पर गोलीबारी की जा रही थी। दोनों ओर से गोलीबारी के परिणामस्वरुप मतदाता इधर-उधर भागने लगे और मतदान केंद्र के भीतर मतदान स्टाफ के बीच अफरा-तफरी फैल गई।

इस स्थिति का लाभ उठाते हुए एक उग्रवादी मतदान केंद्र परिसर के भीतर घुसने में सफल हो गया और उसने मतदान स्टाफ पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। कांस्टेबल/जीडी उग्रसेन त्रिपाठी ने, जो कि मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार के निकट तैनात थे, उस उग्रवादी को फौरन ललकारा और अपनी एके-47 राइफल से उस पर गोली चलाई। उस उग्रवादी ने भी जवाबी गोलीबारी की और दोनों ओर से गोलीबारी में कांस्टेबल/जीडी उग्रसेन त्रिपाठी के गर्दन के बाएं हिस्से में गोली लग गई। गंभीर रुप से घायल होने के बावजूद, कांस्टेबल/जीडी उग्रसेन त्रिपाठी अपनी जान की परवाह किए बगैर उग्रवादी की ओर बढ़े और अपनी अंतिम सांस तक उन्होंने बहादुरीपूर्वक उस उग्रवादी का मुकाबला किया। मतदान केंद्र के भीतर गोलीबारी की आवाज सुनकर मतदान केंद्र भवन के पीछे खिड़की के निकट तैनात कांस्टेबल/जीडी अली हसन ने एक दुर्दांत उग्रवादी को मतदान केंद्र के मतदान अधिकारी पर अपनी एम-20 पिस्तौल तानते हुए देखा और इसलिए उन्होंने उस उग्रवादी के ऊपर अपनी एके-47 राइफल से गोली चला दी और तत्काल उसे मार गिराया। इस प्रकार दोनों बहादुर कांस्टेबलों ने न केवल एक दुर्दांत आतंकवादी को मार गिराया, बल्कि अपने प्रजातांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करने आए मतदाताओं की बेशकीमती जान भी बचाई और इस कवायद में कांस्टेबल/जीडी उग्रसेन त्रिपाठी ने अत्यधिक बुद्धिमत्ता, अनुकरणीय बहादुरी, उच्च स्तर की कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया और उन्होंने देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

एफ/155, सीआरपीएफ के कांस्टेबल/जीडी उग्रसेन त्रिपाठी और कांस्टेबल/जीडी अली हसन द्वारा प्रदर्शित उच्च स्तर की सावधानी, अनुकरणीय बहादुरी और कर्तव्यपरायणता ने न केवल शेष जत्थे एवं मतदान स्टाफ की जान की रक्षा की और सरकारी संपत्ति को नुकसान से बचाया, बल्कि मणिपुर विधान सभा चुनाव-2012 में जिला-चंदेल के पुलिस स्टेशन चकपिकरोंग के अंतर्गत ताम्पी में मतदान केंद्र संख्या 41//40 में मतदान की शांतिपूर्ण प्रक्रिया को बाधित करने के उग्रवादियों के सुनियोजित प्रयास को भी विफल किया। उन्होंने बेहेनसन नुला, पुत्र-दलखल नुला नामक एनएससीएन (आईएम) के दुर्दांत उग्रवादी को मार गिराया, जो बड़ी संख्या में लोगों को मारने के उद्देश्य से एम-20 पिस्तौल लेकर मतदान केंद्र में घुस गया था।

बरामदगी

1. एक एम-20 पिस्तौल
2. एम-20 पिस्तौल की एक मैगजीन

3. एम-20 पिस्तौल के पांच जिंदा राउंड
4. एम-20 के 02 खाली खोखे
5. एक नोकिया मोबाइल
6. उग्रवादी का एक ड्राइविंग लाइसेंस संख्या डीएल संख्या 141/2626 एमटीएच
7. एक पहचान पत्र और दो एटीएम कार्ड

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री स्वर्गीय उग्रसेन त्रिपाठी, कांस्टेबल और अली हसन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28/01/2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 41-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री एस. प्रभु, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 14/08/2012 को गुरिल्ला प्रतिरोधी विशेष अभियान के संचालन के लिए 1030 बजे श्री एस. इलांगों, उप पुलिस महानिरीक्षक (ऑपरेशन्स) बीजेआर द्वारा ब्रीफिंग के उपरांत, श्री गोपाल राम, सहायक कमांडेंट की कमान में 210 कोबरा की टीम संख्या 09 बासगुडा, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़ स्थित बेस कैंप से छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बासगुडा-पुसबाका मार्ग पर पुसबाका की ओर अत्यधिक संवदेनशील एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विशेष बारुदी सुरंग-रोधी ड्यूटी के लिए रवाना हुई। जब यह दल अपने बेस स्थान से लगभग 03 किमी० की दूरी पर पिसपारा जंगल के निकट पहुंचा और एक नाला/ पुलिया पार कर रहा था, तभी घने जंगल में छिपे सशस्त्र नक्सलियों ने कोबरा टीम के ऊपर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। जिस समय सभी जवान पुलिया को पार कर रहे थे, तभी कांस्टेबल/जीडी एस. प्रभु, जो कि स्काउट थे और दल का सामने रहकर नेतृत्व कर रहे थे, भारी गोलीबारी के अंदर आ गए। उन्होंने फोरन पोजीशन संभाली और हमले का जवाब दिया, जिसकी वजह से उनके पीछे-पीछे पुलिया पार कर रहे जवानों को नक्सली अपना निशाना नहीं बना सके। उन्होंने बहादुरीपूर्वक नक्सलियों का सामना किया और रेंगते हुए/अपना स्थान बदलते हुए उनका जवाब दिया। वे अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए छिपे हुए नक्सलियों की ओर रेंगते हुए आगे बढ़े, जिससे

नक्सली पीछे हटने पर मजबूर हो गए। इस प्रकार उन्होंने नक्सलियों द्वारा जत्थे में शामिल जवानों की हत्या करके उनके हथियार छीनने की योजना को बहादुरीपूर्वक झटका दिया। कांस्टेबल/जीडी एस. प्रभु का बहादुरीपूर्ण कृत्य नाला पार कर रहे अन्य जवानों के लिए मनोबल बढ़ाने वाला कार्य था। उन्होंने यूबीजीएल सहित अपने हथियारों से तुरंत गोली चलाई। कांस्टेबल/जीडी एस० प्रभु के अनुकरणीय साहस से नक्सली पीछे हटने को मजबूर हो गए और उन्होंने नक्सलियों से अपने जत्थे के जवानों की रक्षा की और उनके हथियारों को लूटे जाने से भी रोका। तथापि, अपनी पोजीशन बदलने और जवाबी गोलीबारी के दौरान, कांस्टेबल/जीडी एस. प्रभु के सिर में नक्सलियों की एक गोली लग गई और वे वहीं गिर गए। वे उसी दिन अर्थात 14/08/2012 को उसी स्थान पर लगभग 1205 बजे शहीद हो गए। कांस्टेबल/जीडी एस० प्रभु की बहादुरीपूर्ण केंद्रित कार्रवाई के कारण संपूर्ण टीम अपने एरिया हथियारों से हमले का जवाब देने और किसी अतिरिक्त क्षति के बिना घात से बाहर निकलने में सफल रही।

इस मुठभेड़ में, स्वर्गीय श्री एस. प्रभु, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14/08/2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 42-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. नरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल (मरणोपरांत)
02. पारसमणी झा, कांस्टेबल (मरणोपरांत)
03. सुबीर दास, कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

10वें राज्य विधान सभा चुनाव-2012 के संबंध में ऐशी (मणिपुर) में मतदान केन्द्र सं.:43/42 एवं कोंगकान मतदान केन्द्र सं.:43/43 पर सुरक्षा ड्यूटी के लिए दिनांक 26.01.2012 को के.रि.पु.ब. की

बी/175 बटालियन की दो टीमें तैनात की गई थीं। अत्याधिक खतरे का अहसास करते हुए ऐशी मतदान केन्द्र को कोंगकान में स्थानांतरित कर दिया गया था। तदनुसार, ब्रीफिंग के पश्चात लगभग 10 बजे, कोंगकान एवं ऐशी मतदान केन्द्रों में से प्रत्येक के लिए 5 (पांच) मतदानकर्मियों के साथ के.रि.पु.ब. की बी/175 बटालियन की दो टुकड़ियों वाली पार्टी और 2 पुलिस रिप. (पीडीएफ) मतदान केन्द्र पर ड्यूटी के लिए कामजोंग हाई स्कूल (कंपनी लोक. बी/175 बटालियन) से रवाना हुई। मतदानकर्मी, मतदान सामग्री और सामान आदि को दो शक्तिमान ट्रकों में ले जाया जा रहा था, जबकि, खतरे की संभावना, दुर्गम पहाड़ी भू-भाग एवं जंगल को ध्यान में रखते हुए के.रि.पु.ब. की पार्टी युक्तिसंगत तरीके से पैदल आगे बढ़ रही थी, क्योंकि वाहन से आगे जाना खतरनाक हो सकता था और हताहतों की संख्या अधिक हो सकती थी। कांस्टेबल/जीडी पारसमणि झा को स्काउट (आर-I) के रूप में तैनात किया गया था और वे अपने कर्तव्य का निष्पादन उत्कृष्टतापूर्वक कर रहे थे। लगभग 12 बजे जब यह पार्टी कोंगकान की ओर कामजोंग से लगभग 10 कि.मी. की दूरी पर एक स्थान पर पहुंची, तभी पार्टी की अगुवाई कर रही टुकड़ी के ऊपर कोराकाम (यू एन एल एफ) वे संदेह वाले घाटी आधारित भूमिगत उग्रवादी गुटों द्वारा दो दिशाओं से भारी गोलीबारी होने लगी। स्काउट की ड्यूटी कर रहे कांस्टेबल/जीडी पारसमणि झा (आर-I) सड़क के बांयी ओर (पहाड़ की तरफ) अंधे मोड़ की ओर आगे बढ़ रहे थे और उनसे लगभग 30 गज पीछे सड़क के दाहिनी ओर (ढ़ाल की तरफ) सीटी/जीडी सुबीर दास (आर-2) चल रहे थे और सेक्शन कमांडर सड़क की बांयी ओर आर-2 से 2-3 गज पीछे थे। कांस्टेबल/जीडी पारसमणि झा (आर-I) को आगे किसी अवरोध की आशंका हुई और वे रास्ते को खोलने के लिए सड़क के दाहिनी ओर चले गए जो दुश्मनों के स्थान से मात्र कुछ ही फीट की दूरी पर था। अपने ऊपर गोली चलने के खतरे को भांपते हुए कांस्टेबल/जीडी पारसमणि झा (आर-I) ने स्वयं पोजीशन ले ली और अपनी पार्टी को भी पोजीशन लेने के लिए सावधान कर दिया और ऐसा करते समय उग्रवादियों ने कांस्टेबल/जीडी पारसमणि के ऊपर भारी गोलीबारी करके वहीं पर उनकी हत्या कर दी। उक्त कांस्टेबल/जीडी सबसे आगे थे और स्काउट की परिभाषा के अनुसार वे सर्वाधिक खतरे का सामना कर रहे थे। "जानते हुए और स्वेच्छा से खतरे का सामना करना स्वयं में अनुकरणीय बहादुरी का कृत्य है" और कांस्टेबल/जीडी पारसमणी झा अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटे और उन्होंने सड़क के दूसरी ओर अंधे मोड़ के निकट उग्रवादियों की मौजूदगी को भांपते हुए भी अपना कर्तव्य निभाया। कोई ऐसा व्यक्ति, जिसे अपनी बहादुरी नहीं दिखानी होती, वहीं रूककर जमीन पर लेट जाता या पीछे की ओर भाग जाता। ऐसा करने के बजाय कांस्टेबल/जीडी पारसमणी झा ने वहां डटे रहना उचित समझा और ऐसा करने में वे जान-बूझ कर स्वयं सामने आ गए और अपने शरीर पर दुश्मन की गोलियों की बौछार झेली। ऐसा करके उन्होंने उग्रवादियों को अपने कवर और छिपने के ठिकाने से बाहर निकाल दिया। इससे पीछे वाले जवानों को उग्रवादियों के ऊपर गोलीबारी करने का अवसर मिल गया और उग्रवादी वहां से भागने पर मजबूर हो गए। इस प्रकार, दुश्मन की मौजूदगी को भांपते हुए भी बगैर भयभीत हुए उन्होंने किसी स्काउट द्वारा की जाने वाली बेहद जोखिमपूर्ण ड्यूटी का निर्वहन करते हुए अनुकरणीय बहादुरी का प्रदर्शन किया। उन्होंने जान-बूझकर अपने ऊपर गोली चलवाने की स्थिति का निमंत्रण दिया, जिससे दुश्मन को अपने छिपने के ठिकाने से बाहर निकलने पर मजबूर किया जा सके और इस स्थिति में उनकी स्वयं की जान की कीमत पर उनके

साथियों को जवाबी गोलीबारी करने का मौका मिल सके और दुश्मन वहां से अपनी जान बचाकर भागने के लिए मजबूर हो जाएं। उपर्युक्त कृत्य से यह पता चल चुका है कि कोई दुश्मन, जिसने घात लगा रखी है, निश्चित रूप से कवर और गुप्त ठिकाने, दोनों के बारे में कुछ न कुछ जानता होगा। अत: इस तथ्य का कोई महत्व नहीं है कि उग्रवादियों को हताहत करने के लिए कांस्टेबल/जीडी पारसमणी झा उनके ऊपर गोली नहीं चला सके। जो कोई भी घात लगाकर रखता है, वह ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए करता है कि वे पहले गोली चलाएं और दूसरे पक्ष के लोगों को हताहत करें। घात में ऐसा ही होता है और यह बहस करना कि सिर्फ वही व्यक्ति बहादुर है जिसने गोली चलाई है, सर्वथा गलत है। पेशेवर तरीके से अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपनी जान दे देना और इस प्रकार अपने साथियों की रक्षा करना वास्तव में अनुकरणीय बहादुरी का कृत्य है जिसका सम्मान किया जाना चाहिए। उसी समय कांस्टेबल/जीडी सुबीर दास को भी दाहिने पैर में गोली लग गई जिससे वे नीचे गिर गए और उन्होंने सड़क के ढ़लान की ओर पोजीशन लेकर छह राउंड गोली चलाई। सेक्शन कमांडर, एचसी/जीडी नरेंद्र सिंह ने तत्काल कांस्टेबल/जीडी सुबीर दास से आगे निकलते हुए अपने जान की परवाह किए बगैर दुश्मनों के ठिकाने की ओर अपनी राइफल से गोलियां चलाई, लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें उग्रवादियों की एक गोली लग गई। घायल होने के बावजूद उन्होंने कई गज आगे बढ़कर सड़क पर पहाड़ की ओर पोजीशन ले ली जहां वे उग्रवादियों की ओर से भारी गोलीबारी के अंदर आ गए और उन्हें सीने के दाहिने हिस्से और दाहिने कंधे में गोली लग गई। इसके परिणामस्वरूप गोली लगने से घायल होने के कारण एचसी/जीडी नरेंद्र सिंह की मौत हो गई और इस प्रकार उन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया। कांस्टेबल/जीडी सुबीर दास अपने दाहिने पैर में गोली लगने से घायल होने के बावजूद अत्यंत सूझ-बूझ से रेंगते हुए एचसी/जीडी नरेन्द्र सिंह की ओर आगे बढ़े और उन्हें मृत पाया। वे एचसी/जीडी नरेन्द्र सिंह की क्षतिग्रस्त एके-47 राइफल और वायरलेस सेट को वहां से पुन: प्राप्त करके पार्टी कमांडर एसआई/जीडी सी.एन. शिंदे के पास पहुंचे। पहली टीम के ऊपर घात की सूचना प्राप्त होने पर, श्री सी. हांगसिंग, टीसी घात वाले स्थान पर अतिरिक्त बल लेकर पहुंचे। उस स्थान पर पहुंच कर उन्होंने एसआई/जीडी सी.एन. शिंदे से स्थिति की जानकारी प्राप्त की, जो कि पहली टीम के पीछे थे, जबकि उग्रवादी उस समय भी रूक-रूक कर गोलियां चला रहे थे। उन्होंने कांस्टेबल/जीडी नर्जरी से उस क्षेत्र में 04 एचई बमों का विस्फोट करवाया। एक मजबूत टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए वे काफी सूझ-बूझ से चढ़ाई करते हुए पहाड़ी के उस हिस्से की ओर पहुंच गए, जहां से घात लगायी गयी था। वे आगे उस रास्ते पर बढ़ गए, जिससे उग्रवादी काफी तेजी से कुछ दूरी तक पीछे भाग कर गए थे, लेकिन आगे कोई मुठभेड़ नहीं हुई, क्योंकि पहाड़ी स्थालाकृति का लाभ उठाते हुए उग्रवादी भाग गए थे। उन्होंने सड़क और उस क्षेत्र के लगभग एक किलोमीटर के हिस्से को साफ करने के बाद पिछली पार्टी को बुलाकर अपनी सैन्य टुकड़ियों को पुन: संगठित किया। श्री सी. हांगसिंग, डीसी ने उसी स्थान पर एसआई सी.एन. शिंदे की कमान वाली पहली टीम को स्वयं ब्रीफ किया और सभी लोगों का इस अवसर पर पुन: हौसला बढ़ाते हुए उन्हें सौंपे गए कार्य को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने संपूर्ण टीम का हौसला बढ़ाते हुए स्वयं एक किलोमीटर तक उनका नेतृत्व किया और वे मारे गए जवानों को बाहर निकालने की कार्रवाई का पर्यवेक्षण करने के लिए वापस घात वाले स्थल पर गए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल, स्वर्गीय पारसमणी झा, कांस्टेबल और सुबीर दास, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.01.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 43-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री प्रदीप कुमार, (मरणोपरांत)
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

ईस्ट गारो हिल्स में जीएनएलए एवं उल्फा के संयुक्त प्रशिक्षण कैंप के कार्यकरण के बारे में पुलिस अधीक्षक, ईस्ट गारो हिल्स, विलियम नगर से एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई और 210 कोबरा, बीएसएफ, सीआरपीएफ एवं मेघालय पुलिस के घटकों की 06 टीमों (02, 03, 04, 05, 13 एवं 14) को शामिल करके एक बड़े जत्थे के साथ बड़े अभियान की योजना बनाई गई, जिसे श्री डी.एस. पाल, डीसी की असॉल्ट कमान और कमांडेंट-210 कोबरा की समग्र कमान में ऑपरेशन ब्लैक आउट का नाम दिया गया। सभी टीमों को एक-दूसरे से कुछ दूरी पर तैनात किया गया था और श्री भालेंदू पांडे, एसी की कमान में 30 कार्मिकों वाली एक टीम ने पूर्व सर्वेक्षण किया/रैकी की। जब रैकी टीम अपने आधिपत्य हेतु वहां से भू-भाग के ऊंचे स्थानों पर जाने के लिए आगे बढ़ रही थी, तभी जीएनएलए के उग्रवादियों ने आरपीजीएस और छोटे हथियारों से उनके ऊपर भारी विनाशकारी गोलीबारी शुरु कर दी। ऑपरेशन कमांडर ने तत्काल खतरे की दिशा का आकलन करते हुए हमले का जवाब देने हेतु उपलब्ध एकमात्र प्रभावी साधन के रूप में वहां एरिया हथियारों से गोलीबारी की और उस क्षेत्र की तलाशी ली और छिपने के संभावित ठिकानों तथा मार्गस्थ सभी संदिग्ध स्थानों की जांच करने का निर्णय लिया।

दिनांक 24.07.2012 को 1045 बजे, सीटी/जीडी मुन्ना कुमार यादव और एसआई/जीडी प्रदीप कुमार स्काउट के रूप में मार्गनिर्देशन के लिए पारस्परिक ड्यूटी पर थे। स्काउट ने आगे कुछ अर्धनिर्मित झोपड़ियां खड़ी देखीं। चूंकि वहां दृश्यता कम थी, इसलिए स्काउट रैकी करने के लिए आगे बढ़ गया और वहां की स्थिति के मूल्यांकन के पश्चात उन्होंने वहां छद्मावरण वाले पोशाकों में कुछ लोगों की मौजूदगी की सूचना दी और वहां गड़बड़ी की आशंका को भांपते हुए एसआई/जीडी प्रदीप कुमार ने अपने दल के सहयोगियों को गोलीबारी एवं कवर हेतु तैयार रहने के लिए सावधान किया और सभी

आगे बढ़ गए। उग्रवादियों के पास हथियार होने की पुष्टि होने पर एसआई/जीडी प्रदीप कुमार ने उन्हें चुनौती दी और विद्रोहियों को बेहद नजदीक से गोलीबारी में उलझा दिया। एसआई/जीडी प्रदीप कुमार ने अपने सहयोगी सीटी/जीडी मुन्ना कुमार के साथ मिलकर उग्रवादियों का पीछा किया और उनमें से दो को घायल कर दिया जो कि उनकी दिशा में अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे और वहां से भागने का प्रयास कर रहे थे। उस स्थान पर खून के निशान भी देखे गए। खराब मौसम और घनी झाड़ियों का लाभ उठाते हुए विद्रोही लड़ाई के मुख्य स्थान से दूर वहां से पिछले हिस्से की झाड़ियों में छिपने में सफल रहे।

भाग रहे विद्रोहियों का पीछा करते हुए एसआई/जीडी प्रदीप कुमार उन पर गोली चलाते हुए आगे बढ़ गए और वे घरों के दाहिनी ओर घनी झाड़ियों में छिपे उग्रवादियों की भारी गोलीबारी के सामने आ गए। एसआई/जीडी प्रदीप कुमार को कई गोलियां लगीं और वो वहीं गिर गए। दुश्मनों की भारी गोलीबारी के बीच भी अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए एसआई/जीडी प्रदीप कुमार ने संपूर्ण टीम को कवर प्राप्त करने और जवाबी गोलीबारी करने में सक्षम बनाया। दुश्मनों की सीधी गोलीबारी से घायल होने के बावजूद, एसआई/जीडी प्रदीप कुमार ने दुश्मनों की गोलीबारी को दबाने और उन्हें शांत करने के लिए अपनी एके से गोली चलाना जारी रखा। उनके कार्य ने नि:संदेह उनके अन्य सहयोगियों की भी जान बचाई। तलाशी के दौरान पर्याप्त साक्ष्य की उपलब्धता और पुलिस अधीक्षक, विलियम नगर द्वारा की गई पुष्टि और मेघालय पुलिस से प्राप्त तकनीकी सूचनाओं से यह पता चलता है कि कोबरा पार्टी द्वारा दिनांक 24.7.12 को चलाए गए अभियान में दो उपद्रवी घालय हुए थे। इस नाज़ुक अभियान के दौरान एसआई/जीडी प्रदीप कुमार द्वारा प्रदर्शित बहादुरीपूर्ण कार्य उन्हें उत्कृष्ट सम्मान पाने का हकदार बनाता है।

बरामदगी:-

1.	9 एमएम के गोलाबारुद	5
2.	एके 56 (7.62x39)	16
1.	7.65 पिस्तौल मैगजीन	01
2.	7.65 पिस्तौल गोलाबारुद	08
3.	7.62 के खाली खोखे	01
4.	7.62 x39 के खाली खोखे	02

इस मुठभेड़ में, स्वर्गीय श्री प्रदीप कुमार, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.07.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 44-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अंजनी कुमार,
सहायक कमांडेंट

02. राज कुमार,
कांस्टेबल

03. संजय यादव,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30.09.2012 को उनके स्रोतों के माध्यम से तैयार की गई आसूचना पर आधारित जानकारी के अनुसार, रमन्ना की कमान में पीएलजीए का एक सैनिक दस्ते औटापाली ओर लंचेरू गुट्टा के बीच पहाड़ी क्षेत्र में प्राय: घूमते हुए देखा गया है, जो कि सरकेगुडा बेस कैंप से लगभग 01 किमी. उत्तर दिशा में है। इस विषय में तत्काल तलाशी एवं ध्वस्तीकरण अभियान (एसएडीओ) चलाने का निर्णय लिया गया और श्री अंजनी कुमार, एसी द्वारा एसओआई मानचित्र और गूगल अर्थ के हेलो के साथ संबंधित ब्रीफिंग की गई। श्री अंजनी कुमार, एसी स्वयं अपनी कमान में दो दलों (13 और 15) और श्री जसबीर सिंह की कमान में बी/204 की दो प्लाटूनों (5 और 6) की ब्रीफिंग के बाद 02 स्थानीय गाइडों के साथ तलाशी एवं ध्वस्तीकरण अभियान (एसएडीओ) के लिए 02 अक्तूबर, 2012 को 0430 बजे भारी बारिश में पैदल निकल पड़े।

उपर्युक्त सभी दल बेहद सूझबूझ के साथ और छिपकर घने जंगल में घोर अंधेरे में जीपीएस का प्रयोग करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जब दल गांव औटापल्ली में प्रवेश करने वाला था, तब उसे दो हिस्सों में विभाजित कर दिया गया। श्री जसबीर सिंह, एसी की कमान में पहले समूह ने 234 मीटर की ऊंचाई पर (सरकेगुडा बेस कैंप से 03 किमी. पूर्व) लूप लिया और श्री अंजनी कुमार, एसी की कमान में दूसरे समूह ने लंचेरू गुट्टा (बेस कैंप से 04 किमी उत्तर की ओर) सरकेगुडा में लूप लिया।

लूप लेने के बाद दोनों दलों ने दो भिन्न दिशाओं से तलाशी का कार्य शुरु किया। दूसरे दल के मार्ग में 300x150 मीटर के क्षेत्र में पांच छोटी झोपड़ियां और धान की फसल वाले खेत फैले हुए थे। वस्तुस्थिति को देखते हुए अभियान के कमांडर श्री अंजनी कुमार, एसी ने 'एल' की आकृति में बाईं और दाहिनी दिशा से झोपड़ियों की घेराबंदी करने का निर्णय लिया। श्री सुनील यादव एसआई/जीडी की कमान में टीम सं. 13 ने बायीं ओर से उस क्षेत्र में घेरा डाला और श्री अंजनी कुमार, एसी की कमान में टीम सं. 15 ने दाहिनी ओर से झोपड़ियों की घेराबंदी की। लगभग 1125 बजे, जब घेराबंदी की जा रही थी, तभी टीम सं. 15 बायीं ओर से संदिग्ध नक्सलियों की भारी गोलीबारी के अंदर आ गई। धान की फसल

की आड़ में काले रंग की पोशाक में लगभग 30-35 नक्सली और अन्य संघम सदस्य थे, जो अत्याधुनिक हथियारों (जैसे इन्सास, एसएलआर एवं अन्य देशी हथियारों) से लैस थे और उन्होंने सैन्य दल के ऊपर लगभग 200-250 राउंड गोलियां चलाई। आत्मरक्षा में सैन्य दल ने भी मजबूती से और प्रभावी रूप से जवाब दिया।

जवाबी कार्रवाई के दौरान श्री अंजनी कुमार, एसी ने सैन्य दल को पुनर्संगठित किया और उन्होंने कांस्टेबल/जीडी राज कुमार और कांस्टेबल/जीडी संजय यादव के साथ मिलकर छोटे-छोटे हमला दल बनाए। उन्होंने यूनिफार्म पहने हुए एक नक्सली महिला को एक गुप्त ठिकाने से आई.ई.डी. विस्फोट करते हुए देखा। उसने एक-एक करके तीन आई.ई.डी. विस्फोट किए थे। कांस्टेबल/जीडी राज कुमार और कांस्टेबल/जीडी संजय यादव के साथ मिलकर सहायक कमांडेंट, श्री अंजनी कुमार पहाड़ी की चोटी के निकट से गोलीबारी कर रहे नक्सलियों के मुख्य गोलीबारी दल को अलग-थलग करने के उद्देश्य से रेंगते हुए आगे बढ़े। नक्सली लगातार आगे बढ़ रहे सहायक कमांडेंट, श्री अंजनी कुमार, कांस्टेबल/जीडी राज कुमार और कांस्टेबल/जीडी संजय यादव के ऊपर गोली चला रहे थे। गोलीबारी से घबराए बगैर और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर तीनों रेंगते हुए नक्सलियों की ओर आगे बढ़े। महिला नक्सली ने उनके ऊपर गोली चला कर/हथगोला फेंक कर/बम फेंक कर उन्हें मारने की कोशिश की। श्री अंजनी कुमार, सहायक कमांडेंट ने पोजीशन लेकर उस महिला नक्सली के ऊपर गोली चलाई और उसे वहीं ढ़ेर कर दिया। अन्य नक्सलियों की ओर से भारी गालीबारी के बीच कांस्टेबल राज कुमार और कांस्टेबल संजय यादव आगे बढ़कर मृत महिला नक्सली के नजदीक गए और मरने से पूर्व उसके द्वारा प्रयोग किए जा रहे हथियारों को अपने कब्जे में लिया। घनघोर गोलीबारी के दौरान कुछ और नक्सलियों को गोली लगी, लेकिन वे धान की फसलों और घने जंगल की आड़ लेकर वहां से भागने में कामयाब रहे। सहायक कमांडेंट, श्री अंजनी कुमार, कांस्टेबल/जीडी राज कुमार, बाबाजान कलिता, रूपक मेहदी, जय सिंह मीणा, अवनीश सिंह भदौरिया और इंस्पेक्टर/जीडी के.एन. मारम ने कुछ दूर तक नक्सलियों का पीछा किया। नक्सलियों को हताहत करने के लिए एरिया वीपन (51 एमएम मोर्टार) का प्रयोग किया गया। 55-60 मिनट के बाद दोनों ओर से गोलबारी रूक गई।

इस मुठभेड़ में निम्नलिखित बरामदगी की गई:-

1.	महिला नक्सली का शव	-	01
2.	भारमर राइफल	-	02
3.	टिफिन बम	-	03
4.	ग्रेनेड	-	02
5.	डेटोनेटर	-	03
6.	गोलाबारुद पाउच	-	01
7.	1.5 वी सेल	-	03
8.	मेटल स्टार कॉम्बेट कैप	-	01
9.	पिट्ठू	-	01

इस घटना में इस अभियान के कमांडर, सहायक कमांडेट, श्री अंजनी कुमार, कांस्टेबल/जीडी राज कुमार और कांस्टेबल/जीडी संजय यादव की भूमिका अहम थी। संपूर्ण अभियान का नियोजन एवं निष्पादन बहुत ही अच्छे तरीके से किया गया। इन लोगों ने न केवल सैन्य दल का नेतृत्व किया, बल्कि वे बहादुरी से लड़े भी। घनघोर गोलीबारी के दौरान अपनी जान की परवाह किए बगैर उन्होंने हमला करने की हिम्मत दिखाई और महिला नक्सली को ढ़ेर करने में सफल रहे।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अंजनी कुमार, सहायक कमांडेंट, राज कुमार, कांस्टेबल और संजय यादव, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 02.10.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 45-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मुकेश कुमार बुनकर, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

गांव रबदा (जूरी), पुलिस स्टेशन प्रतापपुर, जिला-चतरा (झारखंड) के निवासी जानकी भुइयां के घर में एक नक्सल दस्ता सीपीआई (माओवादी) की मौजूदगी के संबंध में दिनांक 17.09.2012 को प्राप्त आसूचना संबंधी जानकारी के आधार पर श्री पी.आर. मिश्रा, उप कमांडेंट के नेतृत्व में श्री एस.ए. रिज़वी, एसडीपीओ चतरा और 03 डीएपी के साथ कुल 27 कर्मियों की नफरी वाले 203 कोबरा के संयुक्त दल का गठन किया गया। संयुक्त दल को ब्रीफ किया गया और ऑपरेशन ''पैंथर'' की योजना बनाई गई। नक्सली दस्ते को उसी के गढ़ में उलझाना बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्य था। इस कार्य में मुश्किल इस कारण और बढ़ गई थी कि उस समय लगातार बारिश हो रही थी और बेहद अंधेरी रात थी। वहां छोटी और बड़ी नदियां उफान पर थीं और काफी घनी झांड़ियां उगी हुई थीं। यह दल एक छद्मावरण वाले वाहन में चतरा से रवाना हुआ और उन्होंने लक्ष्य क्षेत्र, रबदा से लगभग 08 किमी. पहले ही सातवाहिनी में उस वाहन को छोड़ दिया। उसके बाद, यह दल समस्त प्राकृतिक बाधाओं पर काबू पाते हुए और अपनी दक्षता को बनाए रखते हुए तत्परता के साथ घोर अंधेरे में काफी सूझ-बूझ से आगे बढ़ा। पानी में डूबे धान के खेतों और घनी जंगली झाड़ियों के बीच से लगभग 08 किमी. की दूरी पैदल तय करने के बाद, श्री पी.आर. मिश्रा के नेतृत्व में यह सैन्य दल लगभग 0300 बजे गांव रबदा पहुंचा। चूंकि जिस

घर के पास नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, उसके सही स्थान की जानकारी दल को नहीं थी, अत: दल के कमांडर के साथ कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार बुनकर, कांस्टेबल/जीडी प्रकाश चंद्र बलियार सिंह और कांस्टेबल/जीडी शैलेन्द्र खालखो नामक तीन कार्मिकों की एक निगरानी-सह-गहन सर्वेक्षण टीम तैयार की गई। यह बेहद जोखिमपूर्ण कार्य था लेकिन उनका जोश, सूझ-बूझयुक्त दक्षता और दृढ़ संकल्प निर्णायक साबित हुआ जिसके कारण वे एक घर के इर्द-गिर्द नक्सलियों की मौजूदगी का पता लगा सके। उस घर से नक्सलियों के भागने के संभावित मार्गों पर दो कट ऑफ को पहले ही तैनात कर दिया गया था। इसके अलावा, उस घर के भीतर नागरिकों, महिलाओं और बच्चों की मौजूदगी की प्रबल संभावना थी। अत: बहादुर जवान कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार बुनकर के साथ मिलकर दल के कमांडर ने निर्दोषों के हताहत होने की स्थिति को टालने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी करने की बजाय नजदीक जाकर नक्सल दस्ते को अलग-थलग करने का निर्णय लिया। इस निर्णय में अपनी और सैन्य दल के अन्य सहकर्मियों की जान को जोखिम में डालने की स्थिति भी शामिल थी। अपने कमांडर के आदेशानुसार कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार बुनकर ने जोखिम लिया और वे रेंगते हुए उस घर की तरफ बढ़ने लगे। जैसे ही वे उस घर से लगभग 4 से 5 मीटर की दूरी तक पहुंचे, उन्हें नक्सलियों के साथ-साथ उस घर के सदस्यों के स्थान का आभास हो गया। उसके बाद उन्होंने माओवादी काडरों को आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी, जिसके जवाब में घर के भीतर से और आस-पास के मक्के के खेतों से भारी गोलीबारी शुरु हो गयी। यह जवानों के साहस का वास्तविक परीक्षण था और उन्होंने स्थिति से निपटते हुए बगैर किसी कवर के बहादुरीपूर्वक जवाबी कार्रवाई शुरू की। उनके कमांडर जांघ और कंधे में गोली लगने से घायल हो गए। अपनी जान की सुरक्षा की परवाह किए बगैर अपने कमांडर के साथ कांस्टेबल/जीडी प्रकाश चंद्र बलियार सिंह ने घर के भीतर से गोलीबारी कर रहे नक्सलियों को उलझाया और सिविल पुलिस के एक कांस्टेबल के साथ मिलकर कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार बुनकर ने मक्के के खेतों से गोलीबारी कर रहे नक्सलियों को उलझाया। कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार बुनकर ने बहादुरीपूर्वक लड़ाई लड़ी और उन्होंने मक्के के खेतों से की जा रही गोलीबारी पर काबू पाते हुए उसे शांत किया। उसी समय एक नक्सली तेजी से घर से बाहर आया और अंधाधुंध गोली चलाने लगा, जिसमें कि उनके कमांडर को दो और गोलियां लग गईं। कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार बुनकर घर के भीतर और खेतों से गोलीबारी कर रहे नक्सलियों के साथ बहादुरीपूर्वक लड़ रहे थे। उसी समय अचानक घर के भीतर से एक नक्सली ने विस्फोटक गोलीबारी की, जिसमें कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार बुनकर के माथे पर एक गोली लग गई और वे गभीर रूप से घायल हो गए और कांस्टेबल संजय कुमार यादव (झारखंड पुलिस) के दाहिने कूल्हे में दो गोलियां लगीं, जिससे वे घायल हो गए। कांस्टेबल/जीडी प्रकाश चंद्र बलियार सिंह ओर कांस्टेबल/जीडी शैलेन्द्र खालखो जोखिम का सामना कर रहे थे क्योंकि दल के कमांडर एवं कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार बुनकर तथा कांस्टेबल संजय कुमार यादव (झारखंड पुलिस) पहले ही गंभीर रूप से घायल हो चुके थे, फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और घर के भीतर निरंतर भारी गोलीबारी करते हुए नक्सली को मार गिराया। हालांकि कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार बुनकर की जान अत्यंत जोखिम में थी, फिर भी उन्होंने अपने साहस, दृढ़ निश्चय और फौलादी संकल्प को नहीं खोया। वे आधे घंटे तक नक्सलियों की भारी गोलीबारी का सामना करते रहे। इसके

परिणामस्वरूप नक्सलियों को अंधेरे और घनी झाड़ियों का लाभ उठाते हुए, गंभीर रूप से घायल अपने कामरेडों को साथ लेकर इधर-उधर भागना पड़ा। उस स्थान से भारी मात्रा में हथियार एवं गोलाबारुद एवं 40,000/-रू. नकद के साथ-साथ जितेन्द्र उर्फ जीतू नामक एक दुर्दांत नक्सली का शव बरामद किया गया। एक उप क्षेत्रीय कमांडर रघुवंश को सिविल पुलिस द्वारा पकड़ा गया, जो बुरी तरह से घायल हो गया था। कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार बुनकर को अन्य घायलों के साथ तत्काल वहां से निकाल कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रतापपुर ले जाया गया जहां से उन्हें हेलीकाप्टर द्वारा अपोलो अस्पताल रांची ले जाया गया। लेकिन कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार बनुकर की जान, जिनके माथे पर जख्म थे, आंखें क्षतिग्रस्त हो चुकी थीं और पीठ के ऊपरी हिस्से के बायीं ओर खरोंच के घाव थे, नहीं बच सकी और ट्रॉमा सेंटर, एम्स, नई दिल्ली में दिनांक 24.09.2012 को 1350 बजे इलाज के दौरान वे शहीद हो गए।

बरामदगी:

1. एके-47-01
2. .38 बोर रिवाल्वर-01
3. .315 बोर राइफल-01
4. .303 पुलिस राइफल-02
5. सेमी ऑटोमेटिक राइफल-010
6. एके-47 जिंदा राउंड-90
7. सेमी ऑटो जिंदा राउंड-87
8. .303 राइफल जिंदा राउंड-118
9. .315 बोर राइफल जिंदा राउंड-40
10. .38 जिंदा राउंड-10
11. 12 बोर जिंदा राउंड-04
12. खाली खोखे (एके-47-23, सेमी आटो-01, .303-50, भारमर-01)
13. नकदी-40,000रू./-
14. वाकी टॉकी सेट-01
15. कम्पास-02
16. मोबाइल सेट-03
17. सिम कार्ड-03
18. मेमोरी कार्ड-03

इस मुठभेड़ में स्वर्गीय श्री मुकेश कुमार बुनकर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18/09/2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 46-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सीबो प्रसाद पानीग्रही,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पश्चिम बंगाल के जिला-पश्चिमी मिदनापुर में पुलिस स्टेशन सालबोनी के अंदर दुली के जंगलों में विचरण कर रहे/प्रशिक्षण कैंप संचालित कर रहे लगभग 90 से 100 की संख्या में पूर्ण रूप से हथियारों से लैस माओवादियों की मौजूदगी के बारे में प्राप्त आसूचना के आधार पर दिनांक 15.06.2010 से 16.06.2010 तक एक विशेष अभियान के लिए श्री उदय दिव्यांशु, डीसी के समग्र नेतृत्व में ग्रुप ए और ग्रुप बी नामक दो समूहों में विभाजित 202 कोबरा की चार (04) टीमें तैनात की गई थीं। घने जंगल में तलाशी लेने के दौरान लगभग 1630 बजे दोनों ग्रुप सशस्त्र माओवादियों की अनेक घात पार्टियों द्वारा, जो लगभग एक किमी. के दायरे में अति सुरक्षित स्थान पर थे, भारी अंधाधुंध गोलीबारी/आईईडी धमाकों के दायरे में आ गए। सशस्त्र माओवादी अत्याधुनिक हथियारों, जैसे एके 47 और एसएलआर तथा देशी हथियारों की सहायता से बेहद नजदीक से विभिन्न स्थानों से गोलीबारी कर रहे थे।

ग्रुप ए, माओवादी घात दलों द्वारा बनाए गए मारक क्षेत्र के भीतर आ गया। अपने प्रतिघात के क्रम में, श्री उदय दिव्यांशु, डीसी, श्री विनोद सावंत, एसी और कांस्टेबल/जीडी एस.पी. पानीग्रही ने तत्काल एक छोटी टीम तैयार की और 15 से 20 माओवादियों वाले अनेक घात दलों में से एक घात दल का पता लगा लिया और उनकी घात का बहादुरीपूर्वक जवाब दिया। इसी प्रकार, श्री राजन रोशन टिर्की, एसी ने एचसी/जीडी एम. कैलाशम और कांस्टेबल/जीडी यू. रामाराव के साथ दूसरी छोटी टीम का गठन किया और 15 से 20 माओवादियों के एक अन्य घात दल का पता लगाकर बहादुरीपूर्वक जवाबी कार्रवाई की।

हमले के जवाब के दौरान ग्रुप बी भी माओवादियों की घात के दायरे में आ गया। कांस्टेबल/जीडी प्रताप पॉल ओर कांस्टेबल/जीडी पिंगले ने दूसरी छोटी टीम बनाई और उन्होंने 10 से 15 माओवादियों वाले एक घात दल के ठिकाने का पता लगाकर उनके हमले का बहादुरीपूर्वक जवाब दिया।

अपने प्राणों को भारी जोखिम में डालते हुए, इन टीमों के सभी आठ कार्मिक बारुदी सुरंगों और माओवादियों की भारी गोलीबारी के बीच रेंगते हुए आगे बढ़े और उन्होंने उनकी घेरेबंदी वाले सुरक्षित स्थानों पर अत्यंत साहसपूर्वक नजदीकी लड़ाई लड़ते हुए उनके घात वाले स्थान को तितर-बितर कर दिया और कई माओवादियों को मार गिराया।

इन कार्मिकों द्वारा निरंतर आगे बढ़ते रहने की वजह से माओवादियों के बीच घबराहट फैल गई और वहां से भाग रहे आठ माओवादी गुरिल्ला को इन टीमों ने निष्क्रिय कर दिया। अन्य माओवादी अपने हथियार/गोलाबारुद छोड़कर वहां से भागने में सफल हो गए। घात वाले स्थान से भारी मात्रा में गोलाबारुद और आईईडी के घटकों के साथ एक एके 47, 01 एसएलआर, 4 एसबीबीएल, 02 पिस्तौल और 04 बड़ी लैंड माइन बरामद की गई। सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि इन समूहों के मारे गए 08 माओवादियों के शवों को पुलिस स्टेशन सालबोनी लाते समय माओवादियों द्वारा लगाई गई दूसरी घात को तोड़ने में सफलता मिली।

इस बहादुरीपूर्ण कार्य को निष्पादित करने में माओवादियों की भारी संख्या, विपरीत एवं विषम स्थितियों और आईईडी के धमाकों के समक्ष अपनी जान को जोखिम में डालकर, इन 8 कमांडो ने अनुकरणीय बहादुरी, असाधारण शौर्य एवं साहस का प्रदर्शन किया और वे इस अभियान को बेहद सफल बनाने में कामयाब रहे।

इस मुठभेड़ में श्री सीबो प्रसाद पानीग्रही, कांस्टेबल ने उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16/06/2010 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 47-प्रेज/2014--राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. त्रिलोक नाथ सिंह,
    उप कमांडेंट
02. बिरजू कुमार,
    कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री त्रिलोक नाथ सिंह, उप कमांडेंट की कमान में पुलिस स्टेशन नौहट्टा, जिला-रोहतास में नक्सल-रोधी अभियान के लिए सी/205 की तैनाती की गई थी। दिनांक 01.01.2012 को श्री टी.एन. सिंह को अपने निजी स्रोतों से गांव-यदुनाथपुर और सुवरमनवा, पुलिस स्टेशन चुटिया के निकट जंगल में एजीवी 2 के उप क्षेत्रीय कमांडर मुन्ना विश्वकर्मा की कमान में भरपूर हथियारों से लैस नक्सल समूहों की मौजदूगी के बारे में आसूचना प्राप्त हुई, जो निर्दोष लोगों की हत्या करने और पुलिस गश्ती दलों तथा पिकेटों पर हमला करने के इरादे से आए थे। आसूचना की पुष्टि के पश्चात श्री टी.एन. सिंह ने एस.पी., रोहतास के साथ मिलकर एक आक्रामक अभियान शुरु किया। श्री टी.एन. सिंह और एस.पी. द्वारा पुलिस स्टेशन चुटिया में संयुक्त ब्रीफिंग की गई।

पार्टी ने कुछ दूरी वाहन से तय की और उसके बाद उन्होंने पुनर्संगठित होकर जीपीएस की सहायता से आगे बढ़ना शुरु किया। लगभग 04:45 बजे, जब यह पार्टी पुल सं. 119 के निकट पहुंचने वाली थी, तभी स्काउट, कांस्टेबल/जीडी बिरजू कुमार और टी.एन. सिंह ने, जो कि टीम का नेतृत्व कर रहे थे, पैदल चलने की कुछ संदिग्ध आवाज सुनी। श्री टी.एन. सिंह ने तत्काल टीम सं.09 को उस क्षेत्र को उत्तर अर्थात दाहिनी ओर से और टीम सं. 08 के शेष कार्मिकों को दक्षिण अर्थात बायीं ओर से कवर करने का निर्देश दिया। सैन्य दल ने खामोशी से पुल की ओर जाना शुरु किया। तभी नक्सली समूह के संतरी ने चिल्लाना शुरु कर दिया कि "कोबरा कमांडर, एस पी और चुटिया का बड़ा बाबू अकेला पुलिस के साथ आ गया है, यही मौका है इन सब को मार दो" और इसके साथ ही आगे चल रहे कांस्टेबल बिरजू कुमार और टी.एन. सिंह के ऊपर उत्तरी और दक्षिणी दिशा से भारी गोलीबारी शुरु हो गयी। श्री टी.एन. सिंह और कांस्टेबल बिरजू कुमार ने क्रमश: उत्तर और दक्षिण की दिशा में पोजीशन ले ली। जब गोलीबारी चल रही थी, तभी काली पोशाक में एक नक्सली पार्टी पर गोली चलाते हुए सड़क की ओर आ गया। चारों ओर से हो रही गोलीबारी के बीच बहादुरी के एक स्पष्ट कृत्य में श्री टी.एन. सिंह ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर सीक्यूबी पोजीशन से हमले का सामना किया। इस बहादुर अधिकारी ने दिलेरी का परिचय देते हुए एक नक्सली को वहीं ढेर कर दिया, बाद में उसकी पहचान जिला गढ़वा (झारखंड) के एरिया कमांडर, संतोष यादव के रूप में की गई।

इसी बीच कुछ नक्सली दक्षिण दिशा की ओर भाग कर गए और उन्होंने पुल के निकट से सैन्य दल पर गोलीबारी शुरु कर दी। कांस्टेबल बिरजू कुमार चारों तरफ से भारी गोलीबारी के बीच आ गए ओर अपनी जान की परवाह किए बगैर उनके बचकर भागने के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। नक्सलियों ने उनकी हत्या कर हथियार लूटने और दक्षिण दिशा की ओर से बचकर भाग निकलने के लिए, उन्हें चारों ओर से घेरना शुरु कर दिया। लेकिन कांस्टेबल बिरजू कुमार ने अपने बेजोड़ पेशेवर कौशल, दृढ़संकल्प और अद्वितीय बहादुरी के परिणामस्वरूप अदम्य साहस का अनूठा प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने अकेले एक नक्सली को मार गिराया और शेष नक्सलियों के बीच खलबली मचा दी जिससे वे वहां से भागने के लिए मजबूर हो गए। तभी श्री टी.एन. सिंह ने कांस्टेबल बिरजू कुमार को अपनी दिशा से हथगोला फेंकने का आदेश दिया और उन्होंने भी स्वयं उत्तरी दिशा से हथगोला फेंका। श्री टी.एन.

सिंह ने पुन: अपने हाथ में एक सेकंड रखकर दूसरा हथगोला फेंका, जो पुल के नीचे फटा जिससे एक नक्सली गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मृत्यु हो गई, बाद में जिसकी पहचान काशी कोल, एरिया कमांडर के रूप में की गई। गोलीबारी बंद होने के बाद, सैन्य दल बेहद सूझ-बूझ से मुठभेड़ स्थल की ओर बढ़ा और उन्होंने उस क्षेत्र की तलाशी ली। तलाशी के दौरान, पोशाक में नक्सलियों के तीन शव बरामद किए गए और मुठभेड़ स्थल से एक घायल नक्सली को गिरफ्तार किया गया और साथ ही एक एसएलआर राइफल, एक 315 बोर राइफल, 303 राइफल, 157 जिंदा कारतूस, डेटोनेटर, वायरलेस सेट, बम विस्फोटक आदि बरामद किए गए।

यह अभियान श्री त्रिलोक नाथ सिंह और कांस्टेबल बिरजू कुमार द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय नेतृत्व एवं बहादुरी, असाधारण साहस एवं अद्वितीय शौर्य, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर बेहद जोखिम उठाया, के साथ-साथ सतर्क नियोजन, सही निष्पादन एवं उपयुक्त रणनीति के कारण ही सफल हो पाया। उन्होंने असाधारण बहादुरी एवं साहस का प्रदर्शन किया है, जो कि भली-भांति निष्पादित अभियान के दौरान सैन्य दल और बटालियन के मनोबल को बढ़ावा देने में अपना दूरगामी प्रभाव छोड़ेगा।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री त्रिलोक नाथ सिंह, उप कमांडेंट और बिरजू कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 02/01/2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

वस्त्र मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 25 मार्च, 2014

संकल्प

सं.9/4/2010-टीयूएफएस--भारत सरकार ने मौजूदा कपास यार्न सलाहकार बोर्ड, जिसका गठन मूल रूप से दिनांक 13 सितंबर 2010 को किया गया था तथा पिछला पुनर्गठन 25 जून, 2012 को किया गया था, की अवधि 30 जून 2014 तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है ।

2. बोर्ड के सदस्य बोर्ड को अपनी सेवा 30 जून 2014 तक, अथवा आगामी आदेशों तक, जो भी पहले हो, तक देंगे।

3. गैर सरकारी सदस्यों को कपास यार्न सलाहकार बोर्ड की बैठकों में भाग लेने हेतु वित्त मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप टीए/डीए का भुगतान किया जाएगा। वस्त्र आयुक्त, कपास यार्न अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव रखने वाले लोगों को कपास यार्न सलाहकार बोर्ड की बैठकों में आमंत्रित कर सकते हैं।

4. सचिवालय सहायता वस्त्र आयुक्त का कार्यालय, मुम्बई द्वारा प्रदान की जाएगी । आदेश दिया जाता है कि इस अधिसूचना की प्रतिलिपि सभी संबंधितों को संप्रेषित की जाए ।

5. यह आदेश दिया जाता है कि इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

आर. के. श्रीवास्तव
अवर सचिव

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 21 फरवरी 2014

कार्यकारी सारांश

सं. 1–8/2013–नीति––1. भारत ऐसे जनसांख्यिकीय बदलाव के मुहाने पर है, जो कि टाइगर कहलाने वाले पूर्वी एशियाई देशों के सकल घरेलू उत्पाद में 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में हुई शानदार बढ़ोत्तरी का कारण बननेवाले जनसांख्यिकीय बदलाव के जैसा है। तथापि, इस जनसांख्यिकीय बदलाव का लाभ उठाने के लिए यह आवश्यक है कि अर्थव्यवस्था में इतनी क्षमता हो कि वह बढ़ी हुई श्रम शक्ति को रोजगार दे सके तथा अर्थव्यवस्था में उत्पादक योगदान करने के लिए युवाओं को उपयुक्त शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता तथा अन्य सुविधाएं प्राप्त हों।

2. जनसंख्या में 15-29 वर्ष की आयु के युवा 27.5% तथा 13-35 वर्ष की आयु के युवा 41.3% हैं। फिलहाल भारत की सकल राष्ट्रीय आय(जीएनआई) में 15-29 वर्ष की आयु के युवाओं का योगदान लगभग 34% है, तथापि श्रम शक्ति में राष्ट्र के इस श्रेणी के नागरिकों की भागीदारी तथा उनकी उत्पादकता बढ़ाकर उनके योगदान में भारी बढ़ोत्तरी करने की बहुत संभावनाएं हैं।

3. भारत सरकार फिलहाल[12] युवा विकास कार्यक्रमों पर प्रति वर्ष 90,000 करोड़ रुपए से अधिक अर्थात प्रति युवा प्रति वर्ष लगभग 2,710 रुपए का निवेश युवा-लक्षित कार्यक्रमों(उच्चतर शिक्षा, कौशल विकास, किशोर/किशोरी स्वास्थ्य देखरेख इत्यादि) तथा अन्य ऐसे कार्यक्रमों(खाद्य सब्सिडी, रोजगार इत्यादि) के माध्यम से कर रही है, जो केवल युवाओं पर लक्षित नहीं हैं। इसके अलावा, राज्य सरकारें और कई अन्य स्टेकहोल्डर भी युवा विकास तथा युवाओं की उत्पादक भागीदारी को संभव बनाने के कार्य में सहायता कर रहे हैं। तथापि गैर-सरकारी क्षेत्र में अलग-अलग संगठन छोटे एवं बँटे हुए हैं तथा युवाओं संबंधी मुद्दों पर कार्यरत इन विभिन्न स्टेकहोल्डरों के बीच कोई समन्वय नहीं है।

4. राष्ट्रीय युवा नीति 2014(एनवाईपी 2014) में देश के युवाओं के विषय में भारत सरकार के विज़न को परिभाषित करने तथा उन प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करने का प्रयास किया गया है, जिनमें युवा विकास को संभव बनाने के लिए कार्य किए जाने की जरूरत है, जहाँ पर्याप्त कार्य नहीं किया जा रहा है तथा सभी स्टेकहोल्डरों के कार्यों का फ्रेमवर्क दर्शाया गया है। इस नीति का उद्देश्य मार्गदर्शक दस्तावेज की भूमिका निभाना है तथा 5 वर्षों में एक बार इस नीति की समीक्षा की

[12]स्रोत : केंद्रीय बजट, 2011-12

जानी चाहिए, ताकि भारत सरकार युवाओं के विषय में अपनी प्राथमिकताओं में आवश्यकतानुसार बदलाव ला सके।

5. एनवाईपी 2014 में भारत के युवाओं के विषय में संपूर्ण विज़न दर्शाया गया है, जिसका उद्देश्य **"देश के युवाओं को अपनी पूर्ण क्षमताओं को विकसित करने के लिए सशक्त बनाना तथा उनके माध्यम से भारत को अंतरराष्ट्रीय समुदाय में उसका सही स्थान दिलाना है"।** इस विज़न को साकार करने के लिए सभी स्टेकहोल्डरों को 5 प्रमुख उद्देश्यों की पूर्ति के प्रयास करने चाहिएं। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए युवा विकास हेतु चिह्नित किए गए 11 प्राथमिकता क्षेत्रों में से एकाधिक क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने की आवश्यकता है। आगे दर्शाया गया एग्जिबिट एनवाईपी 2014 के इन विज़न, उद्देश्यों तथा प्राथमिकता क्षेत्रों का सार प्रस्तुत करता है। इसमें इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उपलब्ध सकारात्मक कारकों की सूची भी दर्शाई गई है।



6. इस नीति में प्राथमिकता वाले 11 क्षेत्रों में से प्रत्येक क्षेत्र के लिए आवश्यक विशिष्ट भावी नीतिगत पहलों की सिफारिश करने की कोशिश की गई है। इन्हें आगे सारणी में संक्षेप में दर्शाया गया है :

एग्जिबिट ई2: एनवाईपी 2014 के उद्देश्य, प्राथमिकता वाले क्षेत्र और भावी आवश्यकताएं

उद्देश्य	प्राथमिकता वाले क्षेत्र	भावी आवश्यकताएं
1. एक सफल कार्यबल का गठन करना जो भारत की अर्थव्यवस्था को विकसित करने की दिशा में स्थायी योगदान दे सके।	शिक्षा	• क्षमता एवं गुणवत्ता बढ़ाने की प्रणाली तैयार करना • कौशल विकास और आजीवन शिक्षण को बढ़ावा देना
	रोजगार और कौशल विकास	• लक्षित युवाओं तक पहुंच और जागरुकता • प्रणालियों और स्टेकहोल्डरों के बीच संपर्क बढ़ाना • सरकार और अन्य स्टेकहोल्डरों की भूमिका तय करना
	उद्यमशीलता	• लक्षित युवाओं तक पहुंचने के कार्यक्रम • क्षमता बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्यक्रमों का दायरा विस्तृत करना • युवा उद्यमियों के लिए कस्टमाइज्ड कार्यक्रम तैयार करना • व्यापक निगरानी एवं मूल्यांकन प्रणाली का क्रियान्वयन
2. एक ऐसी सशक्त और स्वस्थ पीढ़ी तैयार करना जो भावी चुनौतियों	स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवन शैली	• सेवा प्रदायगी की स्थिति को बेहतर बनाना • स्वास्थ्य, पोषण और निवारक उपायों के बारे में जानकारी

का सामना करने के लिए तैयार हो।		• युवाओं के लिए लक्षित नियंत्रण कार्यक्रम
	खेल	• खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण की बेहतर उपलब्धता • युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना • प्रतिभाशाली खिलाडियों की सहायता और उनका विकास
3. सामाजिक मूल्यों की भावना मन में बैठाना और राष्ट्रीय जिम्मेवारी बढ़ाने के लिए सामुदायिक सेवा को प्रोत्साहित करना	सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देना	• नैतिक मूल्य की शिक्षा प्रणाली को उचित रूप देना • युवा के विनियोजन कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाना • नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्यरत एनजीओ और गैर-लाभकारी संगठनों को सहायता
	सामुदायिक विनियोजन	• विद्यमान सामुदायिक विकास संगठनों की सेवाएं लेना • सामाजिक उद्यमशीलता को बढ़ावा देना
4. शासन के सभी स्तरों पर नागरिकों की सेवाएं लेना और उनकी भागीदारी	राजनीति और शासन में भागीदारी	• राजनैतिक व्यवस्था से बाहर के युवाओं को शामिल करना • युवाओं के लिए सहायक शासन तंत्र सृजित करना • शहरी शासन में युवा भागीदारी को

को आसान बनाना		बढ़ावा देना
	युवाओं की भागीदारी	• युवा विकास योजनाओं की प्रभाविता की निगरानी और उसके लिए उपाय • युवाओं के विनियोजन के लिए मंच तैयार करना
5. जोखिमग्रस्त युवाओं के लिए सहायता और लाभ से वंचित एवं सीमांत युवाओं के लिए समता-मूलक अवसर सृजित करना	समावेशन	• लाभ से वंचित युवाओं को समर्थ बनाना एवं उनकी क्षमता को बढ़ाना • हिंसा-ग्रस्त क्षेत्रों में युवाओं के लिए आर्थिक अवसर सुनिश्चित करना • विकलांग युवाओं की मदद के लिए एक बहु-सूत्री दृष्टिकोण तैयार करना • युवाओं के लिए जानकारी एवं अवसर बढ़ाना
	सामाजिक न्याय	• अनुचित सामाजिक प्रथाओं को दूर करने के लिए युवाओं की सेवाएं लेना • सभी स्तरों पर न्याय की सुविधा बढ़ाना

7. कार्य के 11 प्राथमिकता क्षेत्रों में निर्धारित की गई कमियों को दूर करने के उद्देश्य से सभी स्टेकहोल्डरों की ओर से समन्वित कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है। स्टेकहोल्डर मानचित्र तैयार करके उसमें स्टेकहोल्डर की भूमिकाएं तथा दायित्व निर्धारित किए जाने चाहिएं। सरकार को इन युवाओं के रूप में उपलब्ध अवसर का लाभ उठाने के लिए युवाओं संबंधी प्रयासों में अपना निवेश बढ़ाना चाहिए। इस प्रयोजनार्थ सभी सरकारी विभागों को यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ निश्चय से प्रयास करने चाहिएं कि सभी क्षेत्रों और नीतियों की मुख्यधारा में युवाओं को शामिल किया जाए। युवा विकास को बढ़ावा देने के लिए कई साधनों का सहारा लिया जा सकता है, जिनमें

युवाओं के बीच गहरी पैठ रखने वाला मीडिया तथा मौजूदा युवा विकास संगठनों का नेटवर्क शामिल हैं।

8. इसके अतिरिक्त एनवाईपी 2014 की सफलता की निगरानी तथा उसका मूल्यांकन करना आवश्यक है। अग्रणी और परिवेष्टन संसूचक निर्धारित किए गए हैं। इन सभी संसूचकों के संबंध में बेसलाइन निर्धारण किया जाना चाहिए, वार्षिक लक्ष्य तय किए जाने चाहिएं तथा इन लक्ष्यों की प्राप्ति की प्रगति की निगरानी की जानी चाहिए। संसूचकों के संबंध में प्रगति की जानकारी राष्ट्र को देने, प्रमुख उपलब्धियों को उजागर करने तथा नई और निपटाई न जा सकी चुनौतियाँ निर्धारित करने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय को युवाओं की स्थिति के विषय में द्विवार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करनी चाहिए। इस रिपोर्ट से देश के युवाओं को भी उनके विकास के लिए शुरू किए गए सरकार के विभिन्न उपायों की जानकारी मिल सकेगी।

9. राष्ट्र को आजादी दिलाने से लेकर यथास्थिति में बदलाव लाने वाली नई प्रौद्योगिकियों के आविष्कार और कला, संगीत एवं संस्कृति की नई शैलियों के विकास तक इतिहास के हर दौर में युवा ही बदलाव के अग्रदूत रहे हैं। भारत के युवाओं के विकास में सहायता करना एवं उसे बढ़ावा देना ही इस राष्ट्र के सभी क्षेत्रों और स्टेकहोल्डरों की सर्वप्रमुख प्राथमिकता होनी चाहिए।

युवाओं का महत्त्व

"युवा" की परिभाषा

1.1 युवा किसी निर्धारित आयु-वर्ग से अधिक व्यापक श्रेणी है। प्रायः अनिवार्य शिक्षा छोड़ने तथा अपना पहला रोजगार पाने के बीच वाली आयु के व्यक्ति को "युवा" माना जाता है। अक्सर युवा आयु-वर्ग को विभिन्न देश/एजेंसियाँ तथा एक ही एजेंसी विभिन्न संदर्भों में अलग-अलग तरीके से परिभाषित करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 'युवा' को 15 से 24 वर्ष तक की आयु के व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया है[13]।

1.2 राष्ट्रीय युवा नीति-2003 में 'युवा' को 13 से 35 वर्ष तक की आयु के व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया था, लेकिन जहाँ तक विभिन्न नीतिगत उपायों का संबंध है, और अधिक संकेंद्रित दृष्टिकोण अपनाने के उद्देश्य से मौजूदा नीतिगत दस्तावेज में युवा आयु-वर्ग को 15 से 29 वर्ष के रूप में परिभाषित किया गया है।

1.3 तथापि, इस तथ्य को समझने की जरूरत है कि इस आयु-वर्ग में आने वाले सभी युवा व्यक्तियों का एक जैसे सरोकारों और जरूरतों वाले समान समूह में शामिल होना संभव नहीं है तथा उनकी भूमिकाएं एवं दायित्व अलग-अलग हैं।

[13]http://www.unesco.org/new/en/social-and-human-sciences/themes/youth/youth-definition/ ; 1 July 2013 को देखी गई।

जनसांख्यिकीय लाभ

1.4 अनुकूल जनसांख्यिकीय रूपरेखा से भारत को लाभ : जनसंख्या में 15-29 वर्ष की आयु के युवा 27.5% हैं।[14]. आशा है कि भारत वर्ष 2025 तक अमरीका, चीन और जापान[15] के बाद वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 5.5% से 6% तक योगदान करने वाली चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। जहाँ एक ओर इनमें से अधिकांश देशों में श्रम शक्ति के वृद्ध होने का खतरा मंडरा रहा है, वहीं दूसरी ओर भारत में जनसांख्यिकीय रूपरेखा बहुत अनुकूल होने की आशा है, जैसा कि एग्जिबिट 1.1 में दर्शाया गया है। वर्ष 2020 तक भारत की जनसंख्या 1.3 बिलियन से अधिक हो जाने की संभावना है, जिसकी मध्यम आयु 28 वर्ष होगी, जो कि चीन और जापान की संभावित मध्यम आयु से काफी कम है। भारत की कामकाजी आबादी वर्ष 2020 तक बढ़कर 592 मिलियन होने की आशा है, जो कि केवल चीन से कम होगी(776 मिलियन), जिसका अर्थ यह है कि युवा देश के आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान करेंगे। इस 'जनसांख्यिकीय लाभ' से भारत को बेहतर अवसर प्राप्त होता है।

एग्जिबिट 1.1भारत में जनसांख्यिकीय रूपरेखा बहुत अनुकूल होने वाली है



1. कामकाजी आबादी में केवल आर्थिक रूप से सक्रिय जन समुदाय शामिल है।
स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान,बीसीजी विश्लेषण।

[14] आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार हैं। उपलब्ध आंकड़े 0 से 4 वर्ष तक की आयु के 5 वर्षीय समूदायों के हैं।

[15] 12वीं पंचवर्षीय योजना खंड 1

भारत में युवा संबंधी प्रयास

2.1 भारत सरकार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं के लिए निवेश करती है : भारत सरकार युवाओं को ही लक्ष्य करके योजनाएं चलाने वाले तथा सामान्य जनसमुदाय को लक्ष्य करके योजनाएं चलाने वाले मंत्रालयों के माध्यम से युवा विकास पर काफी धनराशि व्यय करती है। भारत सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और नियोजन के क्षेत्रों में युवा विकास पर लक्षित योजनाओं पर लगभग 37,000 करोड़ रुपए तथा आबादी के विभिन्न वर्गों के लिए बनाई गई उन योजनाओं पर लगभग 55,000 करोड़ रुपए व्यय करती है, जिनका मुख्य लक्ष्य युवा न होते हुए भी, जिनके लाभार्थियों में काफी युवा होते हैं। कुल मिलाकर यह व्यय 90,000 करोड़ रुपए से अधिक बैठता है(एग्जिबिट 2.1)[16] ।

- 37,000 करोड़ रुपए के लक्षित व्यय में 80% से अधिक निधियाँ मानव संसाधन विकास मंत्रालय(एमएचआरडी) तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय(एमओएसजेई) के माध्यम से शिक्षा के लिए आबंटित कर दी जाती हैं। मुख्यतः विभिन्न सरकारी स्कूलों एवं विश्वविद्यालयों को दिए जाने वाले अनुदानों और माध्यमिक एवं उच्चतर शिक्षा के लिए छात्रवृत्तियों व फेलोशिप के रूप में छात्र/छात्राओं को दिए जाने वाले प्रत्यक्ष नकद लाभ के माध्यम से यह व्यय किया जाता है। इसके अलावा कौशल विकास, रोजगार, स्वास्थ्य एवं नियोजन के क्षेत्रों में युवा विकास पर लक्षित कार्यक्रम भी हैं।
- खाद्य सब्सिडी, मनरेगा जैसे रोजगार कार्यक्रमों, स्वास्थ्य कार्यक्रमों, बुनियादी ढांचे के विकास, रोग नियंत्रण एवं परिवार कल्याण से संबंधित कार्यक्रमों पर किए जाने वाले गैर-लक्षित व्यय के भी काफी लाभार्थी युवा होते हैं। अपनी कुछ योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रत्यक्ष लाभ प्रदान करने वाले अन्य मंत्रालयों में पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय(एमएलई), जनजातीय कार्य मंत्रालय(एमओटीए) तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय शामिल हैं।

[16] स्रोत : केंद्रीय बजट, 2011-12।.

यह व्यय कुल मिलाकर लगभग 2,710 रुपए प्रति युवा बैठता है, जिसमें से 1,100 रुपए लक्षित व्यय है, जैसा कि एग्जिबिट 2.1 में दर्शाया गया है।

एग्जिबिट ई. 4 युवाओं पर भारत सरकार का लक्षित और गैर-लक्षित व्यय



नोट: इस विश्लेषण में उर्वरक मंत्रालय पर विचार नहीं किया गया (किसानों के लिए उर्वरक सब्सिडी)
स्रोत: केंद्रीय बजट 2011-12,बीसीजी विश्लेण

2.2 राज्य सरकारें भी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं पर निवेश करती हैं : युवाओं पर अधिकांश लक्षित व्यय शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं संबंधी सेवाओं पर किया जाता है। राज्य सरकारें भी इन शीर्षों पर काफी व्यय करती हैं, जो भारत सरकार द्वारा किए जाने वाले व्यय के अतिरिक्त है। अतः, युवाओं पर कुल व्यय (केंद्र और राज्य सरकारों का व्यय मिलाकर) बहुत अधिक होगा।

2.3 गैर-सरकारी स्टेकहोल्डर छोटे और बंटे हुए हैं : सरकार के अतिरिक्त विभिन्न स्टेकहोल्डर भी युवाओं से संबंधित मुद्दों पर काम कर रहे हैं। इन स्टेकहोल्डरों में सामाजिक संगठन, कारपोरेट और उद्योग संघ शामिल हैं। इन स्टेकहोल्डरों के दो उद्देश्य इस प्रकार हैं: पहला उद्देश्य तो शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य देखरेख, खेल इत्यादि से संबंधित कार्यक्रमों के माध्यम से युवा विकास को बढ़ावा

देना है। दूसरा उद्देश्य सामुदायिक विकास, नीतियों, शासन इत्यादि में युवाओं की भागीदारी और नियोजन में मदद करना है।

2.4 हालाँकि विभिन्न स्टेकहोल्डर युवाओं से संबंधित मुद्दों पर काम कर रहे हैं, लेकिन प्रायः इन संगठनों का आकार छोटा होता है। इसके अतिरिक्त जिन मुद्दों पर, जिन क्षेत्रों में और युवाओं के जिन वर्गों के लिए ये संगठन काम करते हैं, उन सभी के संदर्भ में ये संगठन आपस में बंटे हुए हैं। प्रायः स्टेकहोल्डर किसी समन्वय और व्यापक उद्देश्य या फ्रेमवर्क के बिना कार्य करते हैं।

2.5 युवाओं से संबंधित मुद्दों पर समन्वित कार्रवाई का फ्रेमवर्क : मुख्य चुनौती तो यह है कि युवा वर्ग की मौजूदा स्थिति, उनके सामने आने वाली चुनौतियों तथा इन क्षेत्रों के पारस्परिक संबंधों को समझने के लिए कोई व्यवस्थित मूल्यांकन नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त युवा विकास के लिए कार्यरत विभिन्न स्टेकहोल्डरों की पहचान करने, उनके कार्यकलापों के प्रभाव का विश्लेषण करने तथा यह जानने के लिए कोई समन्वित प्रयास नहीं किया गया है कि युवाओं को और अधिक प्रभावी सहायता प्रदान करने के लिए इन स्टेकहोल्डरों को कैसे एकसाथ लाकर इनके संसाधनों को बढ़ाया जा सकता है।

2.6 युवाओं के सामने आ रही चुनौतियों का समग्र मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। स्टेकहोल्डरों की मैपिंग की जानी चाहिए, ताकि इन स्टेकहोल्डरों की संख्या, उनके कार्यकलापों के क्षेत्र और युवा विकास एवं नियोजन पर उनके प्रभाव का निर्धारण किया जा सके। अंततः, इन स्टेकहोल्डरों को एकसाथ लाने तथा मुख्य मुद्दों पर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक व्यापक फ्रेमवर्क बनाए जाने की जरूरत है।

***

राष्ट्रीय युवा नीति 2014 का विज़न, उद्देश्य और प्राथमिकता क्षेत्र

राष्ट्रीय युवा नीति 2014(एनवाईपी 2014) का उद्देश्य भारत के 15 से 29 वर्ष तक की आयु के युवाओं की स्थिति का समग्र परिदृश्य दर्शाना है। इसमें युवाओं के प्रमुख मुद्दे और उनके समक्ष आने वाली चुनौतियाँ उजागर की गई हैं तथा यह जानकारी दी गई है कि सभी स्टेकहोल्डर कैसे यह सुनिश्चित करने में युवाओं की सहायता कर सकते हैं कि वे वर्तमान और भविष्य में भी समाज के विकास में सकारात्मक योगदान करें।

विज़न

एनवाईपी 2014 में भारत के युवाओं के विषय में संपूर्ण विज़न दर्शाया गया है, जो कि इस प्रकार है :

"**देश के युवाओं को अपनी पूर्ण क्षमताओं को विकसित करने के लिए सशक्त बनाना तथा उनके माध्यम से भारत को अंतरराष्ट्रीय समुदाय में उसका सही स्थान दिलाना**"।

उद्देश्य

इस विज़न को साकार करने के लिए सरकार तथा सभी स्टेकहोल्डरों को आगे दर्शाए गए पाँच सुपरिभाषित उद्देश्यों की पूर्ति के प्रयास करने होंगे :

उद्देश्य 1: भारत के आर्थिक विकास में स्थायी योगदान कर सकने वाली उत्पादक श्रम शक्ति तैयार करना

उत्पादक युवा श्रम शक्ति तैयार करने के लिए यह आवश्यक है कि देश के युवाओं को स्थायी योगदान करने के लिए सही साधन एवं अवसर उपलब्ध हों। युवाओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने तथा श्रम बाजार के लिए अपेक्षित आवश्यक कौशल विकसित करने के उचित अवसर प्राप्त होने चाहिएं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें लाभदायक रोजगार प्राप्त हों। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि अधिकांश श्रम शक्ति स्व-रोजगारी है, युवाओं में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए तथा व्यवसाय की योजना बनाने, व्यवसाय को परिपक्व बनाने तथा वित्त-पोषण की प्रक्रिया के माध्यम से उनकी सहायता की जानी चाहिए।

उद्देश्य 2: ऐसी मजबूत और स्वस्थ पीढ़ी का विकास करना, जो भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो

भविष्य की चुनौतियों का सामना करने तथा अपनी क्षमताओं को पूर्णतः विकसित करने में सक्षम भारतीय युवाओं की पीढ़ी विकसित करने के लिए यह आवश्यक है कि युवा स्वस्थ हों तथा उनकी जीवनशैली संतुलित हो। युवाओं के स्वास्थ्य विशिष्ट मुद्दों का समाधान लक्षित कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाना चाहिए। युवाओं को संतुलित पोषण और स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी

जानी चाहिए। युवाओं को यह सुनिश्चित करने के लिए खेलों और मनोरंजक कार्यकलापों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि उनका शारीरिक स्वास्थ्य उत्तम हो।

उद्देश्य 3 : देश में राष्ट्रवाद की भावना बढ़ाने के लिए सामाजिक मूल्यों की शिक्षा दी जानी चाहिए तथा सामुदायिक सेवा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए

विविधता के सम्मान और सौहार्द के महत्त्व जैसे सामाजिक मूल्यों की शिक्षा देने वाले कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रीय स्वाभिमान तथा देश को अपना मानने की भावना विकसित करने की आवश्यकता है। युवाओं को विशेषकर सर्वाधिक पिछड़े क्षेत्रों में सामुदायिक सेवा तथा विकास कार्यकलापों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भारतीय युवाओं में अपने देश के अन्य नागरिकों, विशेषकर जो उनसे कम भाग्यशाली हैं, के प्रति नैतिक दायित्व की सुदृढ़ भावना होनी चाहिए। देश के युवाओं को नागरिकों के रूप में अपने दायित्वों की पूर्ति करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और इसके द्वारा ऐसा परिवेश तैयार करना चाहिए, जिसमें सभी नागरिकों को वे अधिकार प्राप्त हों, जिनकी गारंटी हमारे संविधान में दी गई है।

उद्देश्य 4 : शासन के सभी स्तरों पर भागीदारी और सामाजिक नियोजन

शासन के लिए नागरिकों का सक्रिय होना आवश्यक है और यह देखते हुए कि 15 से 29 वर्ष तक की आयु के युवा देश की आबादी में 27.5% हैं, राजनीति और शासन में युवाओं की भागीदारी की व्यवस्था तैयार करना बेहद जरूरी है। युवा राष्ट्र का भविष्य हैं और उन्हें स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर की राजनीति में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्हें प्रभावी नीति-निर्माता बनने तथा सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में सक्षम बनने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और साधन उपलब्ध कराए जाने चाहिएं।

उद्देश्य 5 : जोखिमग्रस्त युवाओं की सहायता करना तथा सभी वंचित एवं उपेक्षित युवाओं को समता-मूलक अवसर उपलब्ध कराना

इस युवा आबादी के कुछ वर्गों पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। इन वर्गों में आर्थिक रूप से पिछड़े युवा, महिलाएं, विकलांग युवा, वामपंथी उग्रवाद सहित संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले युवा, नशे की लत, अवैध मानव व्यापार या खतरनाक परिस्थितियों में कार्य करने के कारण जोखिमग्रस्त युवा शामिल हैं। यह आवश्यक है कि सरकारी नीतियाँ समावेशी हों तथा सभी को उचित अवसर प्रदान करती हों। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि इन युवाओं को कलंक या भेदभाव का शिकार न होना पड़े और युवाओं के सभी वर्गों के साथ सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए उन्हें न्याय का उचित अवसर प्राप्त हो।

प्राथमिकता क्षेत्र

इन पाँचों उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कुछ प्रमुख प्राथमिकता क्षेत्रों में कार्य करने की जरूरत होगी। आगे दर्शाई गई सूची में उन 11 प्रमुख प्राथमिकता क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जिनमें कार्य करना उपर्युक्त पाँचों उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक है।

एग्जिबिट ई-5 : राष्ट्रीय युवा नीति 2014 के उद्देश्य एवं प्राथमिकता क्षेत्र

उद्देश्य	प्राथमिकता क्षेत्र
6. भारत के आर्थिक विकास में स्थायी योगदान कर सकने वाली उत्पादक श्रम शक्ति तैयार करना	12. शिक्षा
	13. रोजगार और कौशल विकास
	14. उद्यमशीलता
7. भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम मजबूत और स्वस्थ पीढ़ी का विकास करना	15. स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली
	16. खेल
8. राष्ट्र को अपना मानने की भावना विकसित करने लिए सामाजिक मूल्यों की शिक्षा देना तथा सामुदायिक सेवा को बढ़ावा	17. सामाजिक मूल्यों का संवर्धन
	18. सामुदायिक सहभागिता
9. शासन के सभी स्तरों पर भागीदारी तथा सामाजिक सहभागिता	19. राजनीति और शासन में भागीदारी
	20. युवा सहभागिता
5. जोखिमग्रस्त युवाओं की सहायता करना तथा सभी वंचित एवं उपेक्षित युवाओं को समता-मूलक अवसर उपलब्ध कराना	21. समावेशन
	22. सामाजिक न्याय

अगले खंड में प्रत्येक प्राथमिकता क्षेत्र की विस्तार से जाँच की गई है।

मौजूदा नीतियाँ और भावी आवश्यकताएं

4.1 प्राथमिकता क्षेत्र 1: शिक्षा

4.1.1 वर्तमान स्थिति

आर्थिक विकास में योगदान करने वाली उत्पादक युवा श्रम शक्ति तैयार करने के लिए युवाओं को शिक्षित किया जाना चाहिए तथा स्थायी आजीविकाओं के लिए उन्हें आवश्यक कौशल सिखाए जाने चाहिएं। सभी युवा एक जैसे नहीं होते हैं तथा शिक्षा संबंधी उनकी आवश्यकताएं भिन्न-भिन्न होती हैं। उदाहरण के लिए स्कूली शिक्षा प्राप्त न कर रहे तथा बीच में ही स्कूली शिक्षा छोड़ देने वाले युवाओं के लिए एक जैसी नीतियाँ नहीं अपनाई जा सकती हैं, क्योंकि शिक्षा पाने को इच्छुक लेकिन स्कूल में दाखिला न ले पाने वाले युवा स्कूली शिक्षा छोड़कर श्रम बाजार में भागीदारी करने को इच्छुक युवाओं से भिन्न हैं। अतः, विभिन्न वर्गों के युवाओं के लिए अलग से तैयार और लक्षित नीतियों की जरूरत है। इसके अतिरिक्त विकलांग युवाओं, महिलाओं, अल्पसंख्यकों जैसे विभिन्न वर्गों से संबंध रखने वाले युवा भी हैं, जिनके लिए ऐसी विशेष नीतियों की जरूरत है, जिनसे उन्हें शिक्षा प्रणाली के उचित लाभ प्राप्त करने के अवसर मिल सकें। युवाओं के लिए शिक्षा के महत्त्व और युवाओं की विषमताओं को समझते हुए, सरकार ने शिक्षा प्रणाली में सुधार करने तथा विभिन्न वर्गों के युवाओं के लिए उपयुक्त नीतियाँ तैयार करने पर बहुत जोर दिया है।

भारत सरकार ने शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने, शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से कई नीतियाँ कार्यान्वित की हैं। समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने, तकनीकी एवं उच्चतर शिक्षा की क्षमता बढ़ाने, साक्षरता और बुनियादी शिक्षा को बढ़ावा देने, प्रशिक्षित अध्यापकों इत्यादि के संवर्ग तैयार करने के उद्देश्य से योजनाएं चलाई जा रही हैं।[17] पाठ्यचर्या में सुधार, उच्चतर शिक्षा के विनियमन तथा गुणवत्ता में सुधार पर भी काफी जोर दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस प्रणाली से तैयार होने वाले स्नातक रोजगार पाने के योग्य हों। उच्चतर शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान(आरयूएसए) नामक नई योजना की संकल्पना तैयार की है, जिसका उद्देश्य उच्चतर शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता, उपलब्धता और समावेशन के मुद्दों का समाधान मिशन मोड में करना है। इसके अतिरिक्त मेधावी छात्रों को उच्चतर शिक्षा पाने के लिए बैंकिंग प्रणाली शैक्षणिक ऋण दे रही है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को दिए जाने वाले शैक्षणिक ऋणों पर ब्याज सब्सिडी भी देता है।

[17]माध्यमिक, उच्चतर, तकनीकी और प्रौढ़ शिक्षा संबंधी नीतियों की पूरी सूची मानव संसाधन विकास मंत्रालय की वेबसाइट ehttp://mhrd.gov.in/schemes_home पर देखी जा सकती है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय जैसे अन्य मंत्रालय भी कुछ प्राथमिकता-प्राप्त वर्गों के युबाओं के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रमों जैसी लक्षित योजनाएं चला रहे हैं।.

इसके अतिरिक्त सरकार, सामाजिक संगठन और निजी क्षेत्र छात्रों को सीधे शिक्षा, वित्तीय सहायता प्रदान करते रहे हैं, सरकारी नीतियों का मूल्यांकन एवं प्रणाली में जवाबदेही का संवर्धन करते रहे हैं। सरकार, सामाजिक संगठनों और निजी क्षेत्र के इन समन्वित प्रयासों के सकारात्मक लाभ प्राप्त हुए हैं, जिनमें माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा में जीईआर बढ़ना शामिल है।

तथापि युवा शिक्षा की चुनौतियाँ अब भी मौजूद हैं। बारहवीं योजना में शिक्षा नीति में ऐसे कार्यनीतिक बदलाव निर्धारित किए गए हैं, जिनसे युवा विकास को बढ़ावा मिलेगा। इन बदलावों में प्रारंभिक शिक्षा के छात्रों को माध्यमिक शिक्षा तक ले जाने पर जोर देना, जहाँ काफी रुकावट देखी गई है, आजीवन शिक्षण को सहायता देने वाली प्रणाली विकसित करना, शिक्षा का व्यावसायीकरण करना तथा कौशल विकास को बढ़ावा देना शामिल हैं।

4.1.2भावी आवश्यकताएं

आगे प्रणाली में (i)क्षमता एवं गुणवत्ता का विकास करना तथा (ii)कौशल विकास एवं आजीवन शिक्षण को बढ़ावा देना ही युवा शिक्षा के संवर्धन की दो प्रमुख प्राथमिकताएं होनी चाहिएं।

(क) प्रणाली में क्षमता और गुणवत्ता का विकास करना : माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा के संबंध में 12वीं योजना की प्राथमिकताओं का सार इस प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता है (क) उपलब्धता बढ़ाना, (ख) समानता सुनिश्चित करना, (ग) इनपुट और आउटकम की गुणवत्ता में सुधार करना तथा (घ) पहले से अधिक सुशासन और जवाबदेही को बढ़ावा देना।

- शिक्षा की उपलब्धता और समानता बढ़ाने के लिए माध्यमिक एवं उच्चतर शिक्षा में **क्षमता सुधार** किया जाना चाहिए। इन सुधारों में वास्तविक बुनियादी ढांचे को सुधारना, अपेक्षाकृत कम शैक्षणिक नामांकनों और आउटकम वाले क्षेत्रों में शिक्षा का प्रसार बढ़ाना

तथा अध्यापक चयन एवं भर्ती कार्यक्रमों में वृद्धि करना शामिल हैं। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) में अपेक्षाकृत छोटी योजनाओं को शामिल करके इस अभियान को माध्यमिक शिक्षा का व्यापक कार्यक्रम बनाया जा रहा है[18]। आरएमएसए में निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली विकसित की जानी चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मौजूदा योजनाओं के उद्देश्य आंशिक तौर पर या पूरी तरह भुला न दिए जाएं तथा वंचित वर्गों और क्षेत्रों के युवाओं का कारगर ढंग से मुख्यधारा में शामिल किया जाए। इसी प्रकार मौजूदा उच्चतर शिक्षा संस्थाओं की क्षमताओं के विस्तार की निरंतर निगरानी की जानी चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो।

- छात्रों संबंधी परिणामों में सुधार लाने के लिए अनेक **गुणवत्ता सुधार** कार्यक्रम चलाए गए हैं। इन कार्यक्रमों में अध्यापक प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम, पाठ्यचर्या सुधार, संशोधित छात्र मूल्यांकन मानक तथा स्कूलों और कालेजों को मान्यता प्रदान करना शामिल हैं। मौजूदा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों की सफलता की समीक्षा करना, निष्प्रभावी सिद्ध हुई कार्यनीतियों में संशोधन करना तथा सफल कार्यक्रमों को और व्यापक बनाना बेहद जरूरी है।
- शिक्षा प्रदान करने के कार्य में **सरकार और निजी क्षेत्र की भूमिका को स्पष्ट रूप से परिभाषित** करना जरूरी है। नए पीपीपी माडलों की संभावनाओं पर विचार किया जा सकता है तथा उपयुक्त विनियमन प्रणालियाँ, मान्यता प्रदान करने की प्रक्रियाएं, नीतियाँ तथा प्रोत्साहन व्यवस्थाएं विकसित की जानी चाहिएं, ताकि निजी शिक्षा प्रदाता माध्यमिक शिक्षा का निरंतर विस्तार और सुधार करने की चुनौती का सामना कर सकें।

[18]जैसे कि माध्यमिक चरण में विकलांगों के लिए समावेशी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा योजना, भाषा अध्यापकों की नियुक्ति इत्यादि। पूरी सूची 12वी पंचवर्षीय योजना में देखी जा सकती है।

- **माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा के वित्तपोषण की व्यवस्थाएं विकसित की जानी चाहिएं।** निशुल्क शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने या कुछ छात्रों के लिए निशुल्क शिक्षा जैसे कई विकल्प उपलब्ध हैं, जिनमें सरकार कराधान के माध्यम से संसाधनों की उगाही करेगी। अन्य विकल्पों में प्रत्यक्ष मांग के आधार पर सब्सिडी एवं छात्रों के लिए आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्ति के माध्यम से किया जाने वाला वित्तपोषण या सस्ते ऋण शामिल हैं। शिक्षा के वित्तपोषण की सर्वाधिक उपयुक्त व्यवस्थाएं निर्धारित करने के लिए प्रायोगिक परियोजनाएं शुरू की जानी चाहिएं।

(ख) कौशल विकास और आजीवन शिक्षण को बढ़ावा देना : यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि शिक्षा प्रणाली ऐसे अर्हता-प्राप्त व्यक्ति तैयार करे, जो स्वयं अपनी विकासात्मक आवश्यकताओं के अनुसार अपने कौशलों को विकसित करने में सक्षम हों।

- कौशल विकास और आजीवन शिक्षण को बढ़ावा देने वाली महत्त्वपूर्ण व्यवस्था का अर्थ औपचारिक शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास कार्यक्रमों, साक्षरता और बुनियादी शिक्षा कार्यक्रमों जैसी **प्रणालियों के बीच पारस्परिक संबंध** विकसित करना है। राष्ट्रीय कौशल विकास अर्हता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) जैसे मानकीकृत अर्हता फ्रेमवर्क तथा व्यक्ति को विभिन्न शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की अर्हता प्राप्त करने के साधन तैयार करना आवश्यक है। इसके लिए छात्र के प्रमाणन और संस्थाओं का सत्यापन करके मान्यता प्रदान करने संबंधी व्यवस्थाओं में सुधार करना भी आवश्यक था। इससे व्यक्ति एक शिक्षण प्रणाली को छोड़ दूसरी प्रणाली में शामिल होकर अपने विकास और नियोक्ता की आवश्यकताओं के अनुसार सर्वाधिक उपयुक्त कौशल सीख सकेंगे तथा अर्हता प्राप्त कर सकेंगे।
- शिक्षा प्रणाली में लचीलापन बढ़ाने तथा सामुदायिक कालेज डिग्री, उच्चतर शिक्षा संस्थाओं को अंतरित किए जा सकने वाले व्यावसायिक प्रशिक्षण क्रेडिट इत्यादि जैसी नई प्रकार की शिक्षा शुरू करने की कई योजनाएं हैं। तथापि, 15 से 24 वर्ष तक की आयु के **युवाओं की**

शिक्षा को नियंत्रित करने वाली कोई व्यापक नीति या समन्वय फ्रेमवर्क नहीं है। इसे विकसित किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उद्देश्य स्पष्ट रूप से परिभाषित हों तथा उनमें प्रणाली में सुशासन, जवाबदेही और पारदर्शिता पर जोर दिया गया हो।

***

4.2 प्राथमिकता क्षेत्र 2 : रोजगार और कौशल विकास

4.2.1 वर्तमान स्थिति :

यह सुनिश्चित करने के लिए कि युवा रोजगार पाने के योग्य हों तथा श्रम की मांग व आपूर्ति के बीच कोई अंतर न आने पाए, युवाओं को ऐसे कौशल सीखने चाहिएं, जो रोजगार संबंधी जरूरतों के अनुरूप हों। औपचारिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, विशेषीकृत कौशल प्रशिक्षण में गुणवत्ता सुधार जैसे उपायों से इस उद्देश्य की पूर्ति की जा सकती है तथा यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि युवाओं को उनके कौशलों के अनुरूप पर्याप्त आय-अर्जन के अवसर प्राप्त हो सकें। साथ ही राष्ट्रीय व्यवसाय मानकों को भी परिभाषित किए जाने और प्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रमों को ऐसे मानकों के अनुरूप बनाए जाने की आवश्यकता है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने अपेक्षाकृत कम कुशल व्यक्तियों के लिए दो उद्देश्यों वाला दृष्टिकोण अपनाया है अर्थात (i)कौशल विकास में मदद देना और (ii)प्रत्यक्ष रोजगार कार्यक्रम चलाना।

भारत सरकार ने कौशल विकास को राष्ट्रीय प्राथमिकता मान लिया है। भारत में राष्ट्रीय स्तर पर कौशल विकास का संस्थागत आधार तैयार करने के उद्देश्य से वर्ष 2008 की शुरुआत में तीन स्तरों वाली संस्थागत संरचना स्थापित की गई थी, जिसमें प्रधान मंत्री राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद(एनसीएसडी), राष्ट्रीय कौशल विकास समन्वय बोर्ड(एनएसडीसीबी) तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम(एनएसडीसी) शामिल हैं। वर्ष 2009 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय कौशल विकास नीति (एनएसडीपी) शुरू की, जिसमें वर्ष 2020 तक 500 मिलियन लोगों के कौशल विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जून, 2013 में राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी (एनएसडीए) बनने पर अब इसी में एनसीएसडी, एनएसडीसीबी तथा प्रधान मंत्री के कौशल विकास सलाहकार कार्यालय को शामिल कर लिया गया है। एनएसडीए एक स्वायत्त निकाय है, जो 12वीं योजना तथा उसके बाद के लक्ष्यों की प्राप्ति के सरकार और निजी क्षेत्र के कौशल विकास प्रयासों के बीच समन्वय एवं तालमेल स्थापित करेगा तथा कौशल विकास में सामाजिक, क्षेत्रीय, महिला-पुरूष और आर्थिक असमानताओं को दूर करने के प्रयास करेगा।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कौशल विकास तथा रोजगार के क्षेत्र में कई नई पहल की हैं। उदाहरण के लिए उक्त मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे उन्नत प्रशिक्षण संस्थान तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। उक्त मंत्रालय ने व्यावसायिक प्रशिक्षण के मूल्यांकन और प्रमाणन की मानक प्रणाली स्थापित की है तथा पाठ्यचर्या की रूपरेखा तैयार करने के कार्य में उद्योगों की सहायता ली जा रही है। रोजगार कार्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से चलाई जा रही राष्ट्रीय रोजगार सेवा का आधुनिकीकरण करके इसे राष्ट्रीय कैरियर सेवा बनाया जा

रहा है तथा शिक्षुता व्यवस्था में भी काफी सुधार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उक्त मंत्रालय राष्ट्रीय रोजगार नीति भी तैयार कर रहा है।

इसी प्रकार ग्रामीण विकास मंत्रालय भी हिमायत नामक योजना चला रहा है, जिसके तहत जम्मू और कश्मीर में युवाओं को उन क्षेत्रों का त्रैमासिक कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिनकी मांग नियोक्ताओं में बहुत ज्यादा है, तथा प्रशिक्षण के बाद रोजगार दिलाया जाता है और रोजगार मिलने के बाद दी जाने वाली सहायता भी दी जाती है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के एनआरएलएम कार्यक्रम में भी ग्रामीण स्व-रोजगार के लिए आवश्यक कौशल सिखाने पर जोर दिया जाता है। इसके अलावा भारतीय बैंक संघ ने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए माडल शैक्षणिक ऋण योजना तैयार की है, जिसके अंतर्गत व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए ऋण दिए जाते हैं।

भारत सरकार ने उन ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्यक्ष रोजगार योजनाएं भी शुरू की हैं, जिन क्षेत्रों में युवाओं के लिए अवसर सीमित हैं। महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसके तहत श्रम सघन कार्यों में मजदूरी करने को इच्छुक सभी ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी गई है। कम कुशल व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिलाना तथा ईबीआर, एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों, जम्मू और कश्मीर तथा पूर्वोत्तर में भर्ती करने के लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहन देना प्रमुख चुनौती है।

4.2.2 भावी आवश्यकताएं

कौशल विकास प्रणाली में सुधार की भावी प्राथमिकताएं 12वीं योजना में सूचीबद्ध की गई हैं। इन प्राथमिकताओं में पीपीपी को बढ़ावा देना, राष्ट्रीय कौशल विकास अर्हता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) कार्यान्वित करना, संस्थागत संरचना में सुधार करना, क्षेत्रीय समानता और प्रसार बढ़ाना तथा शिक्षुता कार्यक्रम में सुधार करना शामिल हैं। तीन महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता दिए जाने की जरूरत है, जिनमें (क) यह सुनिश्चित करना कि युवाओं को कौशल विकास के अवसरों का लाभ मिले, (ख) स्टेकहोल्डरों की भूमिकाओं को स्पष्टतः परिभाषित करना, तथा (ग) प्रणालियों तथा स्टेकहोल्डरों के बीच तालमेल का विकास करना शामिल हैं।

क) लक्षित युवा प्रसार और जागरूकता कार्यक्रम : कौशल विकास के तत्वावधान में आने वाले सभी कार्यकलापों में एनएसडीपी का युवा और प्रयोक्ता केंद्रित दृष्टिकोण शामिल किया जाना चाहिए।

- **युवाओं को लक्षित जानकारी प्राप्त होनी चाहिए** ,जो कि उन्हें उपलब्ध कौशल विकास और प्रशिक्षण के विभिन्न विकल्पों के विषय में हो। संस्थाओं की गुणवत्ता की जानकारी ,उदाहरण के लिए कार्यक्रम के बाद रोजगार दिलाने के स्कोरकार्ड ,पाठ्यचर्या के बेंचमार्क इत्यादि की आवश्यकता है और युवाओं को कौशल विकास के लाभ के विषय में मार्गदर्शन मिलना जरूरी है। युवाओं को कार्यक्रम के बाद रोजगार के विकल्पों संबंधी आंकड़े जरूर मिलने चाहिएं[19]। युवाओं को सस्ते ऋणों , कार्यक्रम के बाद रोजगार से जुड़े भुगतान के विकल्पों इत्यादि के रूप में उपलब्ध विभिन्न वित्तीय सहायता पैकेजों की जानकारी दी जानी चाहिए।
- युवाओं को जानकारी प्रदान करने के लिए **सर्वाधिक उपयुक्त नियोजन व्यवस्था का निर्धारण** जरूरी है। युवा प्रसार कार्यक्रमों की प्रभावोत्पादकता की निगरानी की जानी चाहिए तथा निरंतर लाभ प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्यनीतियों में अपेक्षित बदलाव किए जाने चाहिएं।

ख) विभिन्न प्रणालियों और स्टेकहोल्डरों के बीच संयोजन विकसित करना : शिक्षा प्रणाली तथा रोजगार बाजार के साथ कौशल विकास के समेकन को देखते हुए, विभिन्न प्रणालियों तथा स्टेकहोल्डरों के बीच संयोजन विकसित करना आवश्यक है।

- **प्रशिक्षण संस्थाओं और नियोक्ताओं के बीच** संयोजन विकसित किया जाना चाहिए। नियोक्ताओं को प्रशिक्षण पाठ्यचर्या के लिए इनपुट प्रदान करने चाहिएं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि युवाओं के कौशल श्रम बाजार की जरूरतों के अनुरूप हों। इसी प्रकार प्रशिक्षण संस्थाओं को नियोक्ताओं से तालमेल करके छात्रों को कार्यक्रम के बाद रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने चाहिएं।
- **शिक्षा प्रणाली तथा कौशल विकास संस्थानों के बीच** संयोजन विकसित किया जाना चाहिए, ताकि ओओएस व्यक्ति जाब-रेडी कौशल सीख सकें और आगे चलकर जब चाहें तब वापस

[19] 12वीं योजना में क्षेत्र-वार आधार पर तात्कालिक जानकारी प्रदान करने के लिए श्रम बाजार सूचना प्रणाली प्लेटफार्म स्थापित करने की सिफारिश की गई है, ताकि प्रशिक्षुओं को सर्वाधिक उपयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों का चयन करने में मदद मिल सके।

औपचारिक शिक्षा प्रणाली में शामिल हो सकें। एनएसक्यूएफ कार्यान्वित करने और विश्वविद्यालय की डिग्रियों और डिप्लोमाओं से बराबरी की प्रणाली विकसित करने से ही यह संभव होगा।

- **क्षेत्र-वार कौशल परिषदों, नियोक्ताओं और प्रशिक्षण संस्थानों के बीच** संयोजन विकसित किया जाना चाहिए। इससे व्यावसायिक मानक परिभाषित करने, नियोक्ता की जरूरत के क्षेत्रों में संस्थानों की स्थापना करने और प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार दिलाने की सक्रिय और प्रगतिशील प्रतीत होने वाली प्रक्रिया तैयार होगी।

ग) सरकार और अन्य स्टेकहोल्डरों की भूमिका परिभाषित करना : कौशल विकास के पैमाने और युवाओं की रोजगार की जरूरतों को देखते हुए, गैर-सरकारी स्टेकहोल्डरों को सभी नीतियों के दायरे में शामिल किया जाना चाहिए। सभी स्टेकहोल्डरों की स्पष्ट भूमिकाएं परिभाषित की जानी चाहिएं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि निर्धारित कमियों की पूर्ति हो रही है।

- वित्त-पोषण के संबंध में इस बात में कोई संदेह नहीं है कि इस पूरी कौशल विकास व्यवस्था के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र से वित्त-पोषण सहायता लेने की जरूरत होती है। सरकार को सीधे संस्थाओं अथवा छात्रों का वित्त-पोषण करना चाहिए तथा निजी वित्त-पोषण और नए छात्र ऋण पैकेज तैयार करने के लिए अनुकूल परिवेश भी तैयार करना चाहिए।
- प्रदायगी की दृष्टि से सरकार को यह निर्धारित करना चाहिए कि उसके धन का सर्वाधिक प्रभावी उपयोग किस तरीके से होगा। विकल्पों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के उन्नयन के माध्यम से क्षमता विकास में निवेश करना या प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के कार्यक्रमों में निवेश करके वास्तविक प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य निजी क्षेत्र पर छोड़ देना शामिल हैं।

उपर्युक्त उपाय करते समय कौशल विकास और रोजगार के संबंध में महिलाओं की जरूरतों पर उचित ध्यान देना जरूरी है। युवतियों का सशक्तीकरण संपूर्ण युवा सशक्तीकरण का महत्त्वपूर्ण

पहलू है। इसी प्रकार अन्य वंचित वर्गों के युवाओं की कौशल विकास और रोजगार संबंधी जरूरतों पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

***

4.3 **प्राथमिकता क्षेत्र 3 : उद्यमशीलता**

4.3.1 वर्तमान स्थिति

युवाओं को भारत के आर्थिक विकास में उत्पादक योगदान करने के योग्य बनाने के लिए उद्यमशीलता को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। फिलहाल लगभग 50% श्रम शक्ति स्व-नियोजित है[20], और 70 मिलियन लोग एसएमई में नियोजित हैं, जो कि संपूर्ण श्रम शक्ति का लगभग 15% है। कौशल विकास पर जोर दिए जाने से कुशल व्यक्तियों की संख्या और श्रम शक्ति में भागीदारी बढ़ने पर उद्यमियों की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

ऐसा अनुकूल परिवेश तैयार करने के उद्देश्य से, जिसमें युवा स्व-रोजगार और उद्यमशीलता के स्थायी अवसर उत्पन्न कर सकें, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि उन्हें उपक्रमों की योजना बनाने एवं कार्यान्वित करने और उपक्रमों को परिपक्व बनाने के लिए प्रशिक्षण, प्रारंभिक सहायता तथा वित्त-पोषण उपलब्ध हो।

भारत सरकार उद्यमियों को प्रशिक्षण और वित्त-पोषण उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं तथा कार्यक्रम चला रही है[21]। लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय(एमओएसएमई) द्वारा चलाया जा रहा प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम(पीएमईजीपी) ऋण से जुड़ी सब्सिडी की सबसे बड़ी योजनाओं में शामिल है। इस योजना के तहत विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में उद्यमी उपक्रम लगाने की लागत के लिए वित्त-पोषण किया जाता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय का राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार मिशन(एनआरएलएम) ग्रामीण क्षेत्रों में स्व-रोजगार को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम चला रहा है, जिनसे ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादक प्रयोजनों के लिए पूँजी की उपलब्धता में काफी वृद्धि हुई है। व्यवसाय की योजना सोचने, तैयार करने, ऋण प्राप्त करने और योजना को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया के माध्यम से ग्रामीण उद्यमियों की मदद करने के लिए एनआरएलएम के तहत सूक्ष्म-उद्यम परामर्शदाताओं (एमईसी) के संवर्ग को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान(आरएसईटीआई) स्व-रोजगार के लिए प्रशिक्षण प्रदान करके महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

भारत सरकार की ये योजनाएं उद्यम शुरू करने की आकांक्षा रखने वालों की विभिन्न जरूरतों की पूर्ति करने के लिए शुरू की गई हैं और भारत में उद्यमशीलता के विकास के लिए ये योजनाएं जरूरी हैं। ये योजनाएं जनसमुदाय के अपेक्षाकृत बड़े वर्ग को ऋण सुलभ कराने, उद्यमशीलता के बुनियादी साधन प्रदान करने तथा उद्यमशीलता के सृजन एवं संवर्धन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने में ज्यादा सफल रही हैं। इसके अतिरिक्त जैसा कि एनआरएलएम एमईसी कार्यक्रम में देखा गया, केवल सस्ते ऋण उपलब्ध कराने या अल्पकालिक उद्यमशीलता प्रशिक्षण प्रदान करने की

[20] रोजगार और बेरोजगारी सर्वेक्षण की रिपोर्ट। श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार

[21] कई मंत्रालय. लक्षित उद्यमशीलता कार्यक्रम चला रहे हैं, जिनमें लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय शामिल हैं। यहाँ सूचीबद्ध दो योजनाएं उद्यम लगाने के आकांक्षी उद्यमियों को उपलब्ध सहायता का स्वरूप दर्शाती हैं।

बजाए उद्यमियों की जरूरतों की पूर्ति हेतु पूर्ण सहायता प्रदान करने के लिए इन योजनाओं की रूपरेखा में बदलाव किए जा रहे हैं। तथापि, मौजूदा योजनाओं की जाँच से पता चलता है कि कुछ क्षेत्र ऐसे हैं, जिनमें सुधार करके इन योजनाओं की प्रभावोत्पादकता बढ़ाई जा सकती है।

4.3.2 भावी आवश्यकताएं

ऐसे चार क्षेत्र हैं, जहाँ युवा उद्यमियों को और ज्यादा सहायता प्रदान करने के लिए मौजूदा उद्यमशीलता कार्यक्रमों में सुधार किए जा सकते हैं। ये क्षेत्र इस प्रकार हैं (क) प्रसार और जानकारी का प्रावधान, (ख) पैमाना और समावेशन, (ग) कार्यक्रम की गुणवत्ता और प्रासंगिकता तथा (घ) निगरानी और मूल्यांकन।

क) लक्षित युवा प्रसार कार्यक्रम : युवाओं को उन विभिन्न उद्यमशीलता योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए, जिन योजनाओं में वे शामिल हो सकते हैं, ताकि वे सही विकल्प का चुनाव कर सकें।

- उपर्युक्त जानकारी देने का एक तरीका तो यह है कि विभिन्न योजनाओं और उनमें से प्रत्येक के लाभ के विषय में **लक्षित सूचना कार्यक्रम** युवाओं के लिए तैयार किया जाए। यह जानकारी प्रदान करने के लिए जिस राष्ट्र-व्यापी नेटवर्क की सहायता ली जा सकती है, उस नेटवर्क का नाम है नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) के स्वयंसेवक। विभिन्न योजनाओं की जानकारी का जमीनी स्तर पर प्रचार करने के लिए विवरणिकाएं तथा जानकारियाँ इन स्वयंसेवकों को दी जानी चाहिएं।
- **पीएमईजीपी के कार्यान्वयन माडल में जागरूकता शिविरों के माध्यम से प्रसार शामिल है** और इन शिविरों में शुरू की जा सकने वाली परियोजनाओं के स्वरूप के विषय में प्रचार सामग्री बाँटी जाती हैं, संभावित प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम से स्नातक होने वाले सफल उद्यमियों से मिलाया जाता है तथा प्रतिभागिता के लाभ के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए एनवाईकेएस स्वयंसेवकों तथा जमीनी स्तर के अन्य संगठनों की सहायता ली जाती है। यह जानने के लिए इस माडल का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि क्या यह माडल इतना प्रभावी है कि इसका अनुकरण किया जा सकता है।

ख) क्षमता बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्यक्रमों को बढ़ावा देना : भारत सरकार के विभिन्न उद्यमशीलता कार्यक्रमों के पैमाने और बजट में काफी अंतर है[22]। यह आवश्यक है कि विभिन्न उद्यमशीलता विकास और प्रशिक्षण संस्थानों का पर्याप्त क्षमता विकास किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि उद्यमशीलता के वित्त-पोषण की योजनाओं का बजटीय आबंटन संभावित मांग की पूर्ति करने के लिए पर्याप्त हो।

- **मौजूदा योजनाओं की समीक्षा इस उद्देश्य से की जानी चाहिए** कि न केवल अतिरिक्त क्षमता की आवश्यकता निर्धारित की जाए, बल्कि इन योजनाओं के भौगोलिक और जनसांख्यिकीय प्रसार को भी समझा जाए। भारत सरकार राज्य सरकारों, सामाजिक संगठनों और निजी भागीदारों के साथ मिलकर उन क्षेत्रों में भी इन योजनाओं का विस्तार करने का प्रयास कर सकती है, जिन क्षेत्रों में फिलहाल इन योजनाओं की पहुँच बहुत सीमित या बिल्कुल भी नहीं है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विशेषकर सामाजिक-आर्थिक कारकों, विकलांगता, महिला होने के कारण या अन्य कारणों से वंचित युवा भी इन योजनाओं में पूरी भागीदारी कर सकें।
- **यह समझने के लिए विभिन्न शिक्षुता माडलों पर विचार किया जाना चाहिए** कि सफल उद्यमी कैसे आकांक्षी युवा उद्यमियों में आवश्यक कौशल, अनुभव और 'व्यवसाय संबंधी' संपर्क सूत्र विकसित करने में उनकी मदद कर सकते हैं। इस क्षेत्र में बहुत सफल रहे जर्मनी जैसे देशों के अनुभव से काफी कुछ सीखा जा सकता है।

ग) युवा उद्यमियों के लिए कस्टमाइज्ड कार्यक्रम तैयार करना :

चल रही उद्यमिता प्रशिक्षण योजनाओं की समीक्षा की जा सकती है और इन्हें सुदृढ़ किया जा सकता है। दिए गए प्रशिक्षण की गुणवत्ता और युवाओं के लिए इसकी प्रासंगिकता का आकलन करने की भी जरूरत है।

- अपने-अपने जनसांख्यिकी प्रोफाइल, कौशल, अनुभव और व्यावसायिक विचारों के मायने से उद्यमी एक गैर-सदृश समूह हैं। पाठ्यक्रम की समीक्षा तथा युवा विशिष्ट प्रशिक्षण मॉड्यूल

[22]एमएसएमई के परिणाम फ्रेमवर्क दस्तावेज(आरएफडी) में उल्लिखित है कि एमओएसएमई द्वारा चलाए जा रहे उद्यमशीलता विकास कार्यक्रमों के तहत वर्ष 2009-10 में 2.9 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया। पीएमईजीपी से 2.67 लाख लोगों को रोजगार मिला तथा राजीव गाँधी उद्यमी मित्र योजना(आरजीयूएमवाई) से पहली पीढ़ी के 4000 उद्यमियों को सहायता प्राप्त हुई।

को तैयार करने या इसके संभावित कस्टमाइजेशन की जरूरत ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कराए गए अध्ययन से प्रमाणित होती है, जिसमें यह दर्शाया गया है कि हालांकि आरएसईटीआई प्रशिक्षण में भाग लेने वाले व्यक्तियों की औसत आयु 22 वर्ष है, पहली पीढ़ी के छोटे उद्यमियों की औसत आयु 40 वर्ष है और अपेक्षाकृत अधिक उम्र के प्रशिक्षु स्व-रोजगार में तेजी से लिप्त हो जाते हैं।

- व्यावसायिक आयोजना और निष्पादन की दृष्टि से ऐसे युवा भागीदारों जिनमें उद्यमी बनने हेतु आत्मविश्वास, राशि और संपर्कों की कमी है को **कार्यक्रम के पश्चात विशिष्ट सहायता** दी जा सकती है जिनमें अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक चला सके। एनआरएलएम तथा स्व-रोजगार के अन्य कार्यक्रमों के अंतर्गत इसे शुरू किया जा सकता है।

घ)व्यापक निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली क्रियान्वित करना : इस बात की आवश्यकता है कि योजनाओं में सुदृढ़ निगरानी, डाटा एकीकरण और मूल्यांकन तंत्र हो ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं के लक्ष्य पूरे हो रहे हैं और उद्यमी बनने की आकांक्षा रखने वाली आबादी के कतिपय लोगों के हित पूरे हो रहे हैं।

- एमएसएमई 'सर्वे, अध्ययन और नीतिगत अनुसंधान की योजना' मॉडल की समीक्षा की जा सकती है और इसके सफल साबित होने पर अन्य मंत्रालय योजना आयोग के कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन (PEO) और स्वतंत्र मूल्यांकन कार्यालय (PEO) से उचित सहायता प्राप्त करके इसे अपना सकते हैं।

***

4.4 प्राथमिकता क्षेत्र 4 : स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली

4.4.1 वर्तमान स्थिति :

स्वास्थ्य सामाजिक सुरक्षा के लिए अनिवार्य है और सभी व्यक्तियों के पास उसके वहन योग्य स्वास्थ्य देख-रेख सुविधाएं होनी चाहिए। स्वास्थ्य संबंधी संसाधनों में कमी और खराब स्वास्थ्य की वजह से आमदनी से ज्यादा खर्च ऐसी समस्याएं हैं जिनका सामना युवा सहित आबादी के सभी वर्गों को करना होता है और इसका समाधान किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, कुछेक युवा विशिष्ट स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हैं जिनके लिए लक्षित दुष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। इनमें (क) अनियमित जीवनशैली की वजह से युवा वयस्कों को होने वाली गैर-संक्रामक बीमारियों अर्थात मोटापा, कार्डिओवैस्कुलर रोग, मधुमेह, स्ट्रोक, फेफड़े की गंभीर बीमारी, कैंसर इत्यादि का सामना करने के लिए युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया जाना। (ख) विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन, गर्भ-निरोध, एसटीडी, एचआईवी/एड्स और नशीले पदार्थों का सेवन के

बारे में जानकारी फैलाना और (ग) किशोर युवकों के मामले में भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य (उदाहरण के तौर पर डिप्रेशन तथा आत्महत्या के संभावित प्रयासों का जोखिम) से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जाना शामिल है।

स्वास्थ्य देख-रेख संबंधी व्यवस्था को पर्याप्त ढंग से बेहतर बनाने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए, 12वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए वित्तपोषण को तिगुना कर दिया गया है। 12वीं योजना के तहत जन स्वास्थ्य सेवाओं के दायरे को बढ़ाने का प्रयास किया गया है कि ताकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जरिए सर्वव्यापी स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ा जा सके। इस संदर्भ में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, निजी क्षेत्र के समूहों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा अनेक पहलें की गई हैं।

मुख्य उपलब्धियों में निम्नलिखित शामिल हैं :-

- मुख्यत: जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई), विश्वसनीय सामाजिक स्वास्थ्य कर्मी (आशा) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएलएम) से प्राप्त सहायता से प्रजनन और शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसी योजनाओं के सफल होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान मातृत्व मृत्यु दर (एमएमआर) में कमी आई है।

- पोलियो उन्मूलन की दिशा में भारत ने भारी सफलता हासिल की है।

- रोग नियंत्रण उपायों के कारण देश में एचआईवी/एड्स संक्रमण के मामले में 57 प्रतिशत की कमी आई है।

- राष्ट्रीय टीबी नियंत्रण कार्यक्रम 70 प्रतिशत मामले की जांच दर और उपचार में 85 प्रतिशत सफलता दर के लक्ष्य को हासिल कर पाने में समर्थ रहा है।

- गैर-संक्रामक रोगों के संबंध में, कैंसर, मधुमेह, सीवीडी और स्ट्रोक्स की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत मधुमेह और हाइपरटेंशन की जांच शुरू की गई है।

- प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत एम्स जैसे 6 संस्थानों की स्थापना किए जाने और 13 मेडिकल कॉलेजों का उन्नयन किए जाने से मेडिकल प्रशिक्षण और शिक्षा की सुविधा बढ़ी है। राज्य सरकार स्तर के 72 मेडिकल कॉलेजों को भी सुदृढ़ किया गया है।

इन कार्यक्रमों और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे अन्य कार्यक्रमों के बावजूद विभिन्न स्वास्थ्य संकेतकों में उपलब्धियों में अंतर है और अनेक लक्ष्य अधूरे हैं। सभी स्तरों पर सेवा प्रदायगी व्यवस्था में सुधार की जरूरत है।

4.4.2 भावी आवश्यकताएं

क) उन्नत सेवा प्रदायगी : सर्वव्यापी स्वास्थ्य देख-रेख सुविधा उपलब्ध कराने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए, सबसे पहले बुनियादी स्वास्थ्य देख-रेख सुविधाएं बहाल करना अनिवार्य है।

- देश भर में व्यक्तियों के लिए विशेषकर गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के **स्वास्थ्य संबंधी देख-रेख की पर्याप्त सुविधा** सृजित की जाएगी। इसमें प्राथमिक स्वास्थ्य देख-रेख (पीएचसी) सुविधाओं के प्रभाव की समीक्षा करने की जरूरत होती है और जहां कहीं मौजूदा कार्यनीतियां अप्रभावी सिद्ध होती हैं वहां कार्यान्वयन के दौरान ही सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

- मेडिकल कॉलेजों और प्रशिक्षण संस्थाओं का विस्तार करते हुए **डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों का एक विशाल प्रशिक्षित पूल** बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्हें दूरस्थ क्षेत्रों में सेवा करने के लिए वित्तीय रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि इस व्यवस्था में समानता को बढ़ावा दिया जा सके। आंगनबाड़ी कर्मियों, आशा कर्मियों और स्वास्थ्य से जुड़े अन्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों को हब के रूप में विकसित किए जाने की जरूरत है। प्रशिक्षण केंद्रों, कॉलेजों और अनुसंधान संस्थाओं की स्थापना में निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी से अत्यधिक बोझ से दबे सरकारी तंत्र और संसाधनों को मदद मिल सकती है।

- **महिला युवतियों से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों** पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। इसमें 14-18 वर्ष की नाजुक उम्र में महिलाओं के लिए प्रसव-पूर्व और प्रसव के पश्चात देख-रेख करने, मातृत्व और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, बाल लिंग अनुपात को बढ़ाने के लिए महिला भ्रूण हत्या के खिलाफ अभियान चलाने इत्यादि की आवश्यकता होगी।

ख) युवाओं के लिए लक्षित जागरूकता कार्यक्रम : स्वास्थ्य देख-रेख संबंधी सुविधाओं की उपलब्धता को बढ़ाने के अलावा स्वास्थ्य संबंधी विशिष्ट मुद्दों पर लक्षित जागरूकता

कार्यक्रम कार्यान्वित किए जाएंगे। युवाओं को उत्तम पोषण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शिक्षा दी जाएगी। युवकों को निरोधी स्वास्थ्य देख-रेख के लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। युवाओं को ड्रग्स/नशीले पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दिए जाने की जरूरत है। विद्यालयों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में स्वास्थ्य और पोषण को शामिल करने से इस लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। मौजूदा अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र(पीएचसी) सुविधाएं, आंगनवाड़ी केंद्र और गैर-सरकारी संगठन ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में अपनी व्यापक पहुँच के जरिए इस संबंध में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस प्रकार की जागरूकता सृजित करने में, बढ़ते हुए किशोर(सक्षम योजना के अंतर्गत) और एनएसएस एवं एनवाईकेएस के अंतर्गत युवा स्वयंसेवी भी अत्यंत प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं।

ग) युवाओं के लिए लक्षित रोग नियंत्रण कार्यक्रम : युवाओं में जानकारी की कमी और निरोधात्मक देख-रेख की कम सुविधा की वजह से एचआईवी/एड्स और टीबी होने का खतरा बना रहता है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय जागरूकता और उपचार कार्यक्रम तैयार करके इस समस्या को सुलझाया जा सकता है। रोग की जांच, नियंत्रण और जागरुकता कार्यक्रमों का दायरा बढ़ाने के लिए एनआरएचएम, एनएसीपी और मौजूदा एनजीओ कार्यक्रमों का विस्तार किया जा सकता है। विशेष रूप से गर्भवती और उच्च जोखिम वाले अन्य समूहों के लिए संक्रामक रोगों की जांच और उपचार के लिए संवर्धित क्षमता का विकास किया जाएगा।

***

4.5 प्राथमिकता क्षेत्र 5 : खेल

4.5.1. वर्तमान स्थिति

खेल और मनोरंजक क्रियाकलाप युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास का एक अनिवार्य घटक है। खेलों से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास होता है। इससे स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में मदद मिलती है और यह सुनिश्चित होता है कि युवक सामाजिक कार्य से जुड़े हैं और समाज के लिए लाभदायक हैं। खेलों में भाग लेने से प्रतिस्पर्धा और मिलजुल कर कार्य करने की भावना पनप सकती है जिससे युवाओं के समग्र विकास में मदद मिलती है। खेलों को उत्तरोत्तर रूप से एक व्यवहार्य पेशेवर विकल्प के रूप में भी माना जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय खेलों के आयोजनों में देश का प्रतिनिधित्व करने से राष्ट्र का गौरव बढ़ता है और युवाओं में अपनापन और राष्ट्रीय एकता की भावना उत्पन्न करने में मदद मिलती है।

न केवल सरकार ने बल्कि खेल संघों, निजी क्षेत्र की कंपनियों और गैर-सरकारी संगठनों जैसे विभिन्न स्टेकहोल्डरों ने भी युवाओं के विकास में साहसिक खेलों सहित खेलों की भूमिका को स्वीकार दिया है। ये संगठन कुल मिलाकर युवाओं को खेल संबंधी बुनियादी सुविधाएं, कोचिंग और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और एक अनुकूल माहौल बनाने पर विशेष ध्यान देते हैं। कुछ विशिष्ट नवीन पहलें इस प्रकार हैं :

- **खेलों को मजबूत आधार प्रदान करना :** सरकार शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रो में खेलों और कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराते हुए खेल को मजबूत आधार प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है। इस कार्य को पंचायत युवा क्रीडा और खेल अभियान (पीवाईकेकेए) (जिसे अब राजीव गांधी खेल अभियान (आरजीकेए) कहा जा रहा है), नेशनल प्लेईंग फील्ड एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनपीएफएआई) और विभिन्न स्तरों पर शहरी आधारभूत सुविधाओं के सृजन की योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाता है। आरटीई अधिनियम में भी सभी विद्यालयों में खेल के मैदानों और क्रीड़ात्मक सुविधाएं उपलब्ध करने का अधिदेश दिया गया है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), राष्ट्रीय खेल संघ और राज्य स्तरीय संगठन जैसे संगठन भी कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराने, प्रतिस्पर्धा का आयोजन करने, प्रतिभा वाले खिलाड़ियों का चयन करने और उनके विकास में मदद करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (एनआईएस) और लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजीकल एजुकेशन (एलएनआईपीई) खेल के क्षेत्र में स्नातक और परा-स्नातक स्तरों पर शिक्षण पाठ्यक्रम मुहैया कराते हैं।

- **खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना :** खेल संबंधी आधारभूत सुविधाओं और कोचिंग सुविधाओं में निवेश की वजह से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियों का

प्रतिनधित्व बढ़ा है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) स्पेशल एरिया गेम्स (एसएजी) और साई प्रशिक्षण केंद्र (एनटीई) विभिन्न स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को एक आधार और प्रशिक्षण सुविधाएं मुहैया कराते हैं। इसके अलावा, केंद्र और राज्य सरकारें विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को वित्तीय प्रोत्साहन और अवार्ड प्रदान करती हैं।

4.5.2 भावी आवश्यकताएं

विभिन्न स्टेकहोल्डरों द्वारा देश में खेल के विकास के लिए सहायता प्रदान करने के प्रयासों के बावजूद, चीन जैसे देशों की उत्कृष्टता और भागीदारी के स्तरों की बराबरी करने के लिए पर्याप्त प्रगति करनी होगी।

क) खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण को बढ़ाना : विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों के निर्धनतम हिस्सों में खेल और शारीरिक शिक्षा के अवसरों की उपलब्धता अभी भी काफी कम है। खेल संबंधी आधारभूत सुविधाओं के विकास और रख-रखाव के प्रति लक्षित पीवाईकेकेए(जिसे अब आरजीकेए कहा जा रहा है) और एनपीएफएआई जैसी योजनाओं को ग्रामीण विकास मंत्रालय और शहरी विकास मंत्रालय की सहायता से और अधिक सुदृढ़ किए जाने की जरूरत है। विशेषकर विद्यालयों, कालेजों और सामुदायिक क्षेत्रों में खेल के मैदानों का निर्माण करने और खेलों की सुविधाएं प्रदान करने में सक्रिय रूप से हिस्सा लेने के लिए निजी क्षेत्र के संगठनों को वित्तीय रूप से प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

ख) युवाओं में खेलों की संस्कृति को बढ़ावा देना : देश में खेल संबंधी क्रियाकलापों में भागीदारी का वर्तमान स्तर चीन या क्यूबा जैसे देशों की तुलना में काफी कम है। युवाओं में खेलों की संस्कृति को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। युवाओं को इस तरह से योग्य बनाया जाएगा कि वे खेलों को केवल एक मनोरंजनात्मक क्रियाकलाप न मानते हुए इसे जीविका का संभावित विकल्प भी मानें। इसके लिए विद्यालय और कॉलेज स्तरों के पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में खेल संबंधी क्रियाकलापों पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत होगी। राज्य सरकारों, शिक्षा बोर्डों और नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के कार्यक्रमों के स्तर को उठाया जाएगा और इसके बाद ही मौजूदा अवसंरचना को सुदृढ़ करके औपचारिक शिक्षा प्रणाली में खेलों को समाविष्ट किया जा सकता है।

ग) प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए सहायता और उनका विकास : खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभा की खोज, कोचिंग, प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी और वित्तीय प्रोत्साहन की व्यवस्था के लिए एक तटस्थ चैनल तैयार किए जाने की जरूरत है। युवाओं का बहुत बड़ा हिस्सा और राष्ट्र की खेल प्रतिभा ग्रामीण क्षेत्रों में बसती है। इसलिए खेलों और सुविधाओं की सीमित उपलब्धता के साथ क्षेत्रों में अत्यधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का निर्धारण करके उन्हें प्रशिक्षण

प्रदान करने के लिए एक सक्रिय मॉडल तैयार करना अनिवार्य है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए साई, विभिन्न खेल संघों, राज्य स्तरीय संगठनों और स्थानीय संस्थाओं के साथ समन्वय और सहयोग की जरूरत पड़ती है।

***

4.6. प्राथमिकता क्षेत्र 6 : सामाजिक नैतिकता को बढ़ावा देना

4.6.1 वर्तमान स्थिति

युवा राष्ट्र के भविष्य हैं और आने वाले वर्षों में वे राष्ट्र के अगुवा बन जाएंगे। इसलिए, यह अनिवार्य है कि युवाओं में उच्च स्तर की सामाजिक नैतिकता और नैतिक मूल्य हों।

- भारत सजातीयता, धर्म, भाषा, जाति और संस्कृति की दृष्टि से विविधतापूर्ण देश है। इस विविधता के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक असमानता और उग्रवाद की समस्या भी है जिनमें एक साथ इस समाज को विभाजित करने की क्षमता है। इसलिए, युवावस्था से ही व्यक्तियों में सौहार्द और भाई-चारे की भावना उत्पन्न करना अनिवार्य है।

- आंतरिक नैतिक मूल्य अर्थात करुणा, दया, सहृदयता, सहानुभूति और परानुभूति को विकसित करना भी आवश्यक है। समाज में बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार इस तथ्य को इंगित करता है कि युवाओं में ईमानदारी और सच्चाई की भावना उत्पन्न करने की सख्त जरूरत है। उन्हें अलग-अलग और सामूहिक क्रियाकलापों के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

- बढ़ते हुए औद्योगिकीकरण और प्रदूषण के साथ, युवाओं को पर्यावरण की सुरक्षा और बेहतरी के बारे में संवेदनशील बनाना और अन्य सजीव जंतुओं के लिए करुणा की भावना विकसित करना भावी स्थायित्व के लिए अनिवार्य हो चुका है।

- युवाओं को इस बात के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे देश की परंपरागत कला और संस्कृति का आदर करें। समृद्ध और अनमोल भारतीय कला और संस्कृति को बचाने के लिए युवाओं को इसके प्रोत्साहन, संरक्षण और अभिग्रहण में सक्रिय रूप से शामिल होना होगा।

नैतिक शिक्षा केवल सरकार और शिक्षा प्रणाली की जिम्मेदारी नहीं है। यह परिवार के साथ घर में शुरू होती है और सोसायटी इसमें समान महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कक्षा में दी गई शिक्षा और सोसायटी की बेहतरी के लिए किए जाने वाले विभिन्न क्रियाकलापों में तैनात करके किसी भी व्यक्ति को नैतिक शिक्षा प्रदान की जा सकती है। कुछ विशेष नवीन पहलें इस प्रकार हैं :

- नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने में शिक्षा की भूमिका पर शिक्षण नीतियों में लगातार बल दिया गया है। हाल ही में एनसीईआरटी ने नेशनल करीकुलम फ्रेमवर्क और द फ्रेमवर्क और वैल्यूम एजुकेशन इन स्कूल्स की शुरूआत की है। नैतिक शिक्षा प्रदान करने का विचार

सतत और व्यापक मूल्यांकन योजना के अंतर्गत शुरू किए शिक्षण सुधारों के साथ घनिष्ठता से जुड़ा हुआ है। इस फ्रेमवर्क के विद्यालयों में नैतिक शिक्षा के लिए व्यापक और व्यावहारिक दृष्टिकोण का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। विद्यालयों की विभिन्न जरूरतों, संदर्भों और संसाधनों के हिसाब से कमरे का कस्टमाइजेशन करना संकेतात्मक है, आदेशात्मक नहीं। एनसीईआरटी ने विद्यालय व्यवस्था में सभी स्तरों पर नैतिक शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए नोडल केंद्र बनाए हैं।

- ग्रामीण विकास, पर्यावरण सुरक्षा, रक्त दान, टीकाकरण, आपदा प्रबंधन इत्यादि जैसे विभिन्न कार्यकलापों में युवकों को काम पर लगाए जाने के लिए राष्ट्रीय सेवा स्कीम (एनएसएस) एनवाईकेएस और एनसीसी जैसे संगठनों को शामिल किया जाता है। इनमें युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने और राष्ट्रीय एवं सामाजिक नैतिक मूल्यों का विकास करने की क्षमता है।
- अन्य सरकारी योजनाएं/कार्यक्रम भी हैं जो नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करते हैं। संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) एक योजना चला रही है जिसके अंतर्गत युवाओं को प्राचीन स्मारकों/स्थलों, संग्रहालयों इत्यादि का भ्रमण कराया जाता है - जो युवाओं को देश की समृद्ध परंपरा की जानकारी देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। सक्षम योजना (11-18 वर्ष की आयु के किशोर बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए), का उद्देश्य अन्य बातों के साथ-साथ युवाओं के मन में महिलाओं के प्रति आदर की भावना बैठाना और उन्हें राष्ट्र का निर्माण करने वाले क्रियाकलापों में शामिल करना है। इसी प्रकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के 'अहिंसा संदेशवाहक' कार्यक्रम में महिलाओं के लिए आदर बढ़ाने और महिलाओं के प्रति हिंसा को रोकने का प्रयास किया जाता है।

4.6.2 भावी आवश्यकताएं

सामाजिक नैतिकता को बढ़ावा देने और देश के युवाओं में सौहार्द की भावना बढ़ाने के मुद्दे पर ठोस कदम उठाये जाने की जरूरत है।

क) नैतिक शिक्षा को औपचारिक रूप देने की दिशा में किया गया प्रयास : विद्यालयों में नैतिक शिक्षा संबंधी फ्रेमवर्क में विद्यालयों के लिए छात्रों के सर्वांगीण विकास और नैतिक शिक्षा के प्रावधान से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देशों का खुलासा किया गया है। तथापि, विद्यालय और कॉलेज के सभी स्तरों पर नैतिक मूल्य का प्रशिक्षण देने की औपचारिक प्रणाली तैयार करने और इसे व्यक्तिगत

निष्पादन मूल्यांकन का अनिवार्य घटक बनाए जाने की जरूरत है। औपचारिक शिक्षण पाठ्यक्रम में नागरिक शास्त्र, सिविल कानून और संहिता पर अधिक जोर दिए जाने की जरूरत है।

ख) युवाओं के लिए विनियोजन कार्यक्रमों का सुदृढ़ीकरण : युवाओं में अपनापन, भाईचारा और सौहार्द की भावना उत्पन्न करने में एनएसएस, एनवाईकेएस, एनसीसी जैसे कार्यक्रम काफी सफल रहे हैं। इन कार्यक्रमों के दायरे को बढ़ाए जाने और सुदृढ़ किए जाने तथा युवाओं को नैतिक मूल्य की शिक्षा प्रदान करने पर अधिक से अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

ग) नैतिकता और सौहार्द बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहे गैर-सरकारी संगठनों को सहायता : नैतिक शिक्षा से जुड़े सभी मुद्दों का पूरी तरह समाधान कर पाना सरकार और शिक्षा व्यवस्था के लिए संभव नहीं है। कुल मिलाकर सामाजिक समूह और सोसायटी युवाओं में सामाजिक नैतिक मूल्य और सौहार्द के बारे में बताने और इसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रत्येक व्यक्ति को इन संगठनों द्वारा किए जा रहे कार्यों को बढ़ावा देने और इसमें सहायता प्रदान करने का कार्य करना चाहिए। इसी प्रकार युवाओं में भारतीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने वाले संगठनों को प्रोत्साहन एवं सहायता प्रदान की जाएगी।

***

4.7 प्राथमिकता क्षेत्र 7 : सामुदायिक विनियोजन

4.7.1. वर्तमान स्थिति

आबादी में एक बहुत बड़ा हिस्सा युवाओं का है जिन्हें सामुदायिक सेवा और विकास कार्यक्रमों के लिए एकजुट किया जा सकता है। एक ओर तो सामुदायिक सेवा स्कीमों में भाग लेकर युवा पिछड़े क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर विकास के लिए किए गए प्रयासों में अपना योगदान देते हैं और वहां की प्रगति में सहायता करते हैं। साथ ही, इन पहलों से युवा में उनके खुद के कौशल अर्थात संप्रेषण, नेतृत्व पारस्परिक संपर्क को बढ़ाने में मदद मिलती है और उनमें नैतिक जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति स्वामित्व की भावना विकसित होती है।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (एमओवाईएएस) युवाओं को उनके समुदाय के साथ विनियोजित करने और साथ ही जमीनी स्तर पर विकास कार्य में भागीदारी कर पाने में सक्षम बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाता है इनमें से कुछ योजनाएं है- एनवाईकेएस, एनवाईपीएडी और एनएसएस। इन योजनाओं में अलग-अलग युवा वर्गों और भागीदारी का अलग-अलग मॉडल बनाने का लक्ष्य रखा गया है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की योजनाओं के अलावा, ग्रामीण विकास मंत्रालय के भारत निर्माण स्वयंसेवी (बीएनवी) कार्यक्रम जैसी अनेक सरकारी योजनाएं हैं। बीएनवी ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रहे ऐसे लगनशील स्वयंसेवी हैं जो लोगों को उनके अधिकारों और हकदारियों के बारे में जानकारी देने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार, एनआरएलएम के अंतर्गत सामुदायिक कर्मियों के सृजित किए गए पद उनके लिए पर्याप्त आय का माध्यम बनने के साथ-साथ उन्हें विकास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

देश के विभिन्न हिस्सों में (पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित) ऐसे अनेक समुदाय-आधारित युवा संगठन हैं जो सामुदायिक विकास की दिशा में कार्य कर रहे हैं। स्वच्छ ईंधन के उपयोग से लेकर मानव तस्करी को रोकने एवं पुनर्वास करने तक के मुद्दों के संबंध में देशभर में गैर-सरकारी, गैर-लाभकारी संगठनों, कॉरपोरेट निकायों को उनके सीएसआर कार्यक्रमों तथा सामाजिक उद्यमिता के जरिए विनियोजित किया जाता है। इनमें से अनेक संगठनों में युवा स्वयंसेवी और युवा कर्मचारी हैं।
सामुदायिक विनियोजन को संस्थागत बनाए जाने और योजना की रूपरेखा तैयार करने तथा उन्हें इस प्रकार से स्ट्रीमलाइन बनाए जाने की जरूरत है, ताकि वे गैर-सजातीय युवा आबादी की जरूरतों को पूरा कर सकें।

4.7.2 भावी आवश्यकताएं

क) मौजूदा सामुदायिक विकास संगठनों (सीडीओ) के दायरे को बढ़ाना और उन्हें प्रोत्साहित करना : हालांकि सरकार को ऐसी योजनाओं के कार्यान्वयन को जारी रखना चाहिए जो काफी अधिक सफल रही है, किंतु इससे आगे जाकर उन्हें ऐसे अनेक संगठनों के दायरे को बढ़ाना चाहिए जो कि पहले से ही सामुदायिक विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। इससे देश में युवा समुदाय को काम पर लगाए

जाने का दायरा कई गुणा बढ़ जाएगा तथा इसमें जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त हो सकते हैं।

- एनजीओ या सीडीओ के प्रत्यायन या प्रमाणन के लिए फ्रेमवर्क तैयार किया जाना चाहिए। इससे वित्तपोषी एजेंसियों और युवा स्वयंसेवियों को उनकी जरूरतों के आधार पर सबसे उपयुक्त संगठनों को चयन करने में मदद मिलेगी। इससे ऐसे संगठनों को बढ़ावा दिया जा सकता है जिनके लक्ष्य स्पष्ट रूप से तय किए गए हैं और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में जिनका रिकार्ड अच्छा है।

- स्वयंसेवी एक्सचेंज मंच तैयार किया जाना चाहिए। इस मंच के माध्यम से सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक युवा भारतीयों की पहचान की जा सकती है। इसी प्रकार, इस क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन जिन्हें युवा स्वयंसेवियों या कर्मचारियों की जरूरत है, अपनी जरूरतें पोस्ट कर सकते हैं। इससे संगठनों के साथ स्वयंसेवियों की प्रभावी तरीके से मैचिंग करने में मदद मिलेगी।

- **आपदा से निपटने वाले कार्यकलापों में युवाओं की भागीदारी को संस्थागत बनाना :** स्थानीय युवा अपनी ऊर्जा और समीपता की वजह से किसी भी प्रकार के बचाव एवं आपदा राहत क्रियाकलाप में अनिवार्य रूप से सबसे पहले आगे आते हैं। मुसीबत के समय मिलजुल कर किया जाने वाला इस प्रकार का क्रियाकलाप न केवल दोस्ताना व्यवहार और नेतृत्व की भावना बढ़ाता है बल्कि इसके साथ ही पीड़ित व्यक्तियों को अत्यंत आवश्यक सहारा भी प्रदान करता है। इसमें ऐसी संरचनाएं बनाए जाने की जरूरत है जो कि इस अन्तर्हित संसाधन का उपयोग करे और उपयुक्त प्रशिक्षण के जरिए और साजो-सामान से लैस करके उनकी पूरी क्षमता को काम में लगाए तथा राज्य आपदा राहत तंत्र के प्रयासों के साथ उनके प्रयासों को समन्वित करे। देश के प्रत्येक राज्य और जिले में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण है जैसा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 द्वारा अधिदेशित है। सिविल डिफेंस एक्ट, 1968 में भी संशोधन किए गए हैं ताकि 'आपदा प्रबंधन' को इसके दायरे में शामिल किया जा सके। इसके अलावा, पंचायतें भी आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन तंत्रों के जरिए युवाओं को आपदा से निपटने वाले क्रियाकलापों में सक्रिय रूप से शामिल किया जा सकता है।

- इसी प्रकार, सामुदायिक सौहार्द बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के कार्य में भी युवाओं की अन्तर्हित क्षमता और ऊर्जा का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

- पंचायती राज संस्थाओं जो कि स्थानीय स्वशासन में अपनी बढ़ती हुई भूमिका बेहतर ढंग से निभा रही हैं, के जरिए निर्माणकारी क्षेत्रों में भी युवाओं की क्षमताओं का उपयोग किया जाना चाहिए। इसमें विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर अभियान चलाना और विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद करना शामिल होगा।

ख) सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देना : भारत में ऐसे सामाजिक उद्यमियों की संख्या बढ़ रही है जिनका यह मानना है कि वे खुद को फायदा पहुंचाने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर स्थायी विकास कर सकते हैं। सामाजिक उद्यमिता का दायरा अलग-अलग है और इनमें से अधिकांश अव्यवस्थित हैं तथा सरकार को चाहिए कि वे सामाजिक उद्यमिता के लिए एक सहायक माहौल तैयार करें।

- युवा भारतीयों के लिए रोजगार के आकर्षक प्रस्ताव के रूप में सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा दिए जाने से स्वयंसेवा और लोकोपकार से हटकर स्थायी विकास किया जा सकेगा। इससे सामुदायि विकास का स्वरूप बदल सकता है और युवाओं को अल्पावधि विकल्प के स्थान पर जीविका का स्थायी विकल्प प्राप्त हो सकता है।

- सामाजिक उद्यमियों को प्रारंभिक वित्तपोषण और परोपकारी निवेश के रूप में सहायता की जरूरत होती है। सरकार ऐसी सहायक नीतिगत व्यवस्था बना सकती है जो कि इन निधियों के सृजन में मदद करे। यह समर्थन प्रक्रिया के माध्यम से विश्वसनीय उपक्रमों और पूंजीपतियों के निर्धारण में मदद कर सकती है। वह सहायता अनुदान और अवार्ड कार्यक्रमों के जरिए सामाजिक उद्यमियों को उनके कार्य निष्पादन के लिए इनाम भी दे सकती है। इन रिकार्डों से युवाओं को सामाजिक उपक्रम में एकजुट किया जा सकता है।

- सरकार सामाजिक उद्यमियों, स्थानीय समुदायों, निवेशकों और नीति निर्माताओं के बीच संवाद का माध्यम बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सामाजिक उपक्रमों की जनसभाएं बुलाई जा सकती है जिससे सफल मॉडलों के बारे में जानकारी साझा करने, जटिल नीतिगत माहौल में मार्गदर्शन करने में मदद मिल सकती है और इससे उपक्रमों में पूर्वापरक संपर्क को बढ़ाया जा सकता है। सामाजिक उद्देश्य वाले संगठनों के लिए प्राथमिकता आधार पर उनके कार्य में आने वाली अड़चनों को दूर करने से और अधिक सामाजिक उपक्रम भी तैयार किए जा सकते हैं।

***

4.8. प्राथमिकता क्षेत्र 8 : राजनीति और शासन में भागीदारी

4.8.1. वर्तमान स्थिति

आबादी में 27.5 प्रतिशत हिस्सेदारी युवाओं की है, इस बात को देखते हुए यह महत्वपूर्ण है कि उनका प्रतिनिधित्व किया जाए और वे सभी स्तरों पर राजनीति में हिस्सा ले सकें। युवाओं की भागीदारी और राजनीति, लोकतंत्र, जवाबदेही और शासन संबंधी सभी मुद्दों में उन्हें शामिल करने से देश के भावी नेताओं की एक योग्य पीढ़ी तैयार करने में मदद मिलेगी।

चूंकि सरकारी योजनाओं की संख्या और लाभार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से दिए जाने वाले लाभों में वृद्धि हो रही है, इसलिए इस बात को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि नागरिक वर्ग सक्रिय बने रहे और लीकेज को रोकने में जुटे रहे। 11वीं योजनावधि की तुलना में 12वीं योजनावधि में जमीनी स्तर पर सामाजिक एकजुटता के महत्व पर और जोर देते हुए पीआरआई को दी जाने वाली निधियों में 10 गुणा वृद्धि की गई है और यह राशि 636 करोड़ रु. से बढ़कर 6437 करोड़ रु. हो गई है। काम में लगाया गया नागरिक वर्ग जवाबदेही बढ़ाने और बेहतर शासन सुनिश्चित करने में मदद करेगा और इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में भी मदद मिल सकती है। देश भर में विकास संबंधी परियोजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं की जवाबदेही बढ़ाने और इसके कार्यान्वित पर नजर रखने वाले संसाधन के रूप में युवाओं की सेवाएं ली जा सकती हैं।

पंचायती राज मंत्रालय राजीव गांधी पंचायत सशक्तिकरण योजना चला रहा है जिसके अंतर्गत युवाओं और पहली बार निर्वाचित प्रतिनिधियों सहित पंचायती राज संस्थाओं के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों की क्षमताएं बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने भी केंद्रीय योजनाओं के संचालन एवं निगरानी में युवा भागीदारी बढ़ाने के लिए उपाय किए हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण विकास फेलोशिप (पीएमआरडीएफ) के माध्यम से युवाओं को देश के आईएपी जिलों में कार्यक्रम के कार्यान्वयन और निधियों के उपयोग में सहायता करने के लिए सहयोगित किया गया है। चुनाव आयोग चुनावों में युवा मतदाताओं को पंजीकृत कराने और मत डलवाने के लिए आउटरिच प्रोग्राम चलाता है, और इसके जरिए राजनीति और लोकतंत्र में युवा भागीदारी को बढ़ावा दिया जाता है।

शासन के निचले स्तरों पर युवा भागीदारी पर विशेष ध्यान दिए जाने और छात्रों एवं युवा राजनैतिक पार्टियों के युवा वर्ग को राष्ट्रीय पार्टियों में शामिल करने वाले स्पष्ट राजनैतिक प्रोत्साहन के बावजूद राजनीति और शासन में युवा भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए बहुत कम समन्वित कार्रवाई की गई है। इसके अलावा, पंचायती राज मंत्रालय द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रमों जैसे मौजूदा कार्यक्रमों में राजनैतिक व्यवस्था में और अधिक युवाओं को शामिल करने की बजाए ऐसे युवाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जो पहले से ही निर्वाचित नेता हैं या किसी और तरह से राजनीति से जुड़े हैं।

सिविल सोसायटी समूह अक्सर सरकार के साथ भागीदारी के माध्यम से इन कमियों को दूर करने के लिए कठिन परिश्रम कर रहे हैं। तथापि बगैर किसी समन्वित प्रेरणा और स्पष्ट युवा फोकस के ये कार्यक्रम युवाओं को राजनीति के दायरे में लाने और शासन के सभी स्तरों पर जनता को विनियोजित करने की दिशा में शायद ही कोई मदद कर सकें।

4.8.2 भावी आवश्यकताएं

क) राजनैतिक व्यवस्था से बाहर के युवाओं को तैनात करना : इस बात को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि जमीनी स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के सभी स्तरों पर राजनीति में युवा की भागीदारी हो।

- ऐसे अनेक **पुश एंड पुल फैक्टर** हैं जो राजनीति में युवा भागीदारी को चलाते हैं। राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की दृष्टि से कारगर नीति एवं कार्यक्रम बनाने के लिए इनका विस्तृत मूल्यांकन करने की जरूरत है। किसी भी तरह की नकारात्मक सोच को दूर करने के लिए कारगर कार्यनीति तैयार करने में राजनीति के प्रति युवाओं की सोच को समझना होगा। राजनीति को आकर्षक बनाया जाएगा और राजनीति में भाग लेने वाले युवाओं को वित्तीय प्रोत्साहन देने के लिए उपयुक्त रिवार्ड प्रणाली बनाई जाएगी। राजनीति में प्रवेश के समय आने वाले अवरोधों अर्थात अभियान क्रियाकलापों के लिए वित्तीय संसाधन को कम किया जाएगा। छात्र राजनीति को राष्ट्रीय राजनीति में बदलने के लिए बेहतर माध्यम तैयार किए जाएंगे।

- यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि युवा राजनीति भागीदारी केवल चुनाव लड़ रहे युवाओं तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसमें युवाओं को अपना मत देने तथा लोकतांत्रिक तंत्रों तथा प्रक्रियाओं को प्रभावी ढंग से कामकाज करने के लिए प्रोत्साहित करना भी शामिल है। युवा मतदाताओं को शामिल करने, उनकी बातों को समझने तथा अपने पसंदीदा उम्मीदवार या दल को अपना मत देने के अल्पावधि तथा दीर्घावधि लाभ देखने में मदद करने के अधिक से अधिक प्रयास करने की भी आवश्यकता है।

ख) ऐसी शासन व्यवस्था तैयार करना जिसका युवा लाभ उठा सकें : सूचना का अधिकार अधिनियम एक ऐसा ऐतिहासिक कानून है जो साधारण नागरिकों को सरकार के कामकाज को समझने और उनसे सवाल पूछने में सक्षम बनाता है।

- सक्रिय नागरिक वर्ग के महत्व पर जानकारी बढ़ाना आवश्यक है। शिक्षण पाठ्यक्रम को इस तरह से संशोधित किया जाए कि नागरिकशास्त्र घटक और प्रासंगिक बन जाए। युवाओं को

उनके लिए उपलब्ध ऐसे विभिन्न माध्यमों की जानकारी होनी चाहिए जिनसे जुड़कर वे सरकारी एजेंसियों से सवाल कर सकें।

• **युवा सरकारी व्यय के क्षेत्र में निगरानी एवं जवाबदेही तय करेंगे तथा सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं को संस्थागत बनाया जाएगा।** सार्वजनिक खर्च संबंधी रिकार्ड और अधिक पारदर्शी होंगे तथा आबादी के सभी वर्गों के लिए सुलभ होंगे। 12वीं योजना में सामाजिक प्रेरकों की भूमिका के बारे में विस्तृत ब्यौरा दिया गया है और केंद्रीय प्रयोजित योजनाओं (सीएसएस) की आयोजना और कार्यान्वयन में नागरिक भागीदारी के महत्व को उजागर किया गया है इसमें शासन में नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए आवंटित समर्पित निधियों के प्रावधान की सूची बनाई गई है और इसे क्रियान्वित करने की कार्रवाई की जाएगी। सामाजिक लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को संस्थागत बनाया जाएगा ताकि युवा वर्ग सरकारी खर्च की प्रभाविकता के संबंध में सही जानकारी दे सकें। ग्राम स्तर पर कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए युवाओं को ग्राम सभा/महिला सभा की बैठकों में शामिल किया जाना चाहिए। अधिकारी वर्ग और नागरिकों के बीच वर्तमान निगरानी और औपचारिक जानकारी का माध्यम भी तैयार किया जाएगा।

ग) शहरी शासन में युवा भागीदारी को बढ़ावा देना : नागरिक वर्ग से जुड़े ग्रामीण शासन तंत्र और पीआरआई के कामकाज पर पर्याप्त ध्यान केंद्रित किया गया है। तथापि शहरी शासन में व्यवस्था पर इसी प्रकार का ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) की मदद करने में नागरिक वर्ग की भूमिका का अभाव है। बढ़ते हुए शहरीकरण और शहरी जीवन की गुम होती विशेषताओं को देखते हुए सरकार के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि वह एक मध्यस्थ के रूप में कार्य करें और ऐसे माध्यम एवं प्रक्रियाएं तैयार करें जिनके जरिए युवा भारतीय शहरी निर्णय निर्माताओं के साथ जुड़कर शहरी शासन में अपना योगदान दे सकते हैं।

***

4.9 प्राथमिकता क्षेत्र 9: युवाओं का विनियोजन

4.9.1 वर्तमान स्थिति

युवाओं के साथ भारत सरकार युवाओं संबंधी प्रयासों के दो उद्देश्य हैं। पहले तो सरकार को यह प्रयास करना चाहिए कि युवाओं को जानकारी उपलब्ध कराई जाए और युवाओं के सर्वांगीण विकास में मदद की जाए। उद्देश्य यह है कि, सरकार सीधे युवाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों, नीतियों और विशिष्ट कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी युवाओं से प्राप्त की जाए। युवाओं के संबंधी प्रयासों और उनमें नेतृत्व और अन्य अंतर्वैयक्तिक कौशलों का विकास करके सरकार युवाओं की ऐसी पीढ़ी तैयार करने में मदद करेगी जो नागरिक, सामाजिक और राजनैतिक प्रगति के प्रति वचनबद्ध हो।

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माध्यम से युवाओं का सर्वांगीण विकास करने और उनमें नेतृत्व का गुण बढ़ाने के उद्देश्य से युवा विनियोजन के लिए अनेक कार्यक्रम चलाती है। इनमें एनपीवाईएडी, स्काउटिंग एण्ड गाइडिंग, साहसिक खेल योजनाएं इत्यादि शामिल हैं। राजीव गांधी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूथ डेवलपमेंट (आरजीएनआईवाईडी) भी युवाओं से जुड़े विभिन्न संगठनों के सदस्यों को प्रशिक्षण देता है और उनकी क्षमता का विकास करता है। भारत सरकार ने आरजीएनआईवाईडी को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान में बदलने का निर्णय लिया है और फिलहाल इस मामले में कार्रवाई चल रही है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भी युवा विकास निधि की स्थापना कर रहा है जिससे भारत सरकार के युवा विकास प्रयासों के लिए सीएसआर के अंतर्गत निजी क्षेत्र के योगदानों को निर्दिष्ट करने में मदद मिलेगी।

नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास प्राय: एनवाईकेएस, एनएसएस और एनसीसी जैसी अन्य युवा योजनाओं का गौण लाभ है। विद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षण पाठ्यचर्चा के जरिए अलग-अलग तरीकों से ये कौशल प्रदान किए जाते हैं।

हालांकि अलग-अलग सफलता वाले कुछेक कार्यक्रम हैं जो युवा के सर्वांगीण विकास में मदद करते हैं, फिर भी युवाओं की मदद करने वाले भारत सरकार के सुव्यवस्थित कार्यक्रमों का अभाव है। शैक्षणिक संस्थाओं जैसे मंचों पर नीति निर्माताओं और युवा भारतीयों के बीच कुछ अनौपचारिक वार्ताएं हुई हैं। तथापि, सरकार और युवा नागरिक के बीच विनियोजन के लिए कोई व्यवस्थित माध्यम नहीं है और न ही युवाओं के लिए सरकार को जानकारी उपलब्ध कराने का कोई तंत्र ही है। कुछ संगठनों ने इस कमी को आंशिक रूप से पूरा किया है। ये संगठन सार्वजनिक नीतिगत मुद्दों पर विश्लेषण और टिप्पणियां उपलब्ध कराते हैं।

4.9.2 भावी आवश्यकताएं

क) भारत सरकार की विकास योजनाओं की प्रभाविता के लिए किए गए उपाय एवं इनकी निगरानी : युवा कार्य और पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार की विकास योजनाओं की प्रभाविता का आकलन करने के लिए एनवाईकेएस, एनसीसी और एनएसएस के जरिए जमीनी स्तर के अपने

मौजूदा स्वयंसेवी नेटवर्क का उपयोग करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सभी वर्ग के युवा इन कार्यक्रमों का लाभ उठा रहे हैं, इस बात को सुनिश्चित करने के लिए सफल प्रयासों को दोहराया जा सकता है और ऐसे वर्गों, जिन्हें लाभ नहीं मिल रहा है, के लिए लक्षित योजनाएं क्रियान्वित की जा सकती हैं।

ख) युवाओं के साथ जुड़ने के लिए मंच तैयार करना : देश भर के युवाओं के साथ जुड़ने के लिए एक व्यवस्थित मंच तैयार करना सरकार के लिए बहुत जरूरी है। इस विनियोजन के अलग-अलग उद्देश्य हैं और इसलिए अलग-अलग विनियोजन मॉडलों का प्रयोग करके इन्हें क्रियान्वित किया जाना चाहिए।

- **युवाओं को जानकारी देने और उनका नियमित 'पल्सचेक'** करने के लिए सरकार को देश के सभी युवाओं के साथ जुड़ना चाहिए। विभिन्न स्तरों पर युवा मंच, इंटरएक्टिव ऑन लाइन पोर्टल एवं विकिपीडिया-स्टाइल फोरम कुछ ऐसे माध्यम है जिनके जरिए इस कार्य को किया जा सकता है सरकार युवाओं से जुड़ने के लिए एनवाईकेएस, एनएसएस, गैर-सरकारी संगठनों तथा शैक्षणिक संस्थाओं जैसे सहभागी संगठनों की सेवाएं ले सकती हैं और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी एवं सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकती है।

- **विशिष्ट नीतिगत मुद्दों पर जानकारी** प्राप्त करने के लिए सरकार को युवाओं के प्रतिनिधि समूह के संपर्क में रहना चाहिए। सूचना संचार प्रौद्योगिकी आधारित चैनलों इत्यादि के जरिए विषयपरक कार्यशालाएं आयोजित करे, नीतिगत नोट की जरूरत को प्रकाशित करके इस कार्य को किया जा सकता है। इन्हीं मुद्दों के आधार पर सरकार युवाओं से जुड़ने वाला माध्यम तैयार करने के लिए प्रतिनिधि शिक्षण संस्थाओं, युवा समूहों और अन्य सहभागियों का निर्धारण कर सकती है।

- युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय को युवाओं के एक ऐसे उपवर्ग का निर्धारण करना चाहिए जिसके साथ वह निरंतर और व्यवस्थित ढंग से बातचीत कर सके और जो **उसके कार्यक्रमों एवं क्रियाकलापों में मदद** कर सके। मंत्रालय को चाहिए कि वह विशिष्ट परंतु प्रतिनिधि वर्ग के व्यक्तियों का एक युवा सलाहकार परिषद बनाए। यह परिषद सरकार को मुख्य नीतिगत मुद्दों पर अधिक विस्तृत जानकारी दे सकता है, युवाओं को एकजुट करने के लिए कार्यक्रम चला सकता है और विभिन्न वर्ग के युवाओं के साथ अधिक नियमित रूप से जुड़ा रह सकता है।

- भारत सरकार को चाहिए कि वह आरजीएनआईवाईडी को भी राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का अधिकार प्रदान करे ताकि आरजीएनआईवाईडी देश में युवा विकास के प्रयासों में नीतिगत समर्थन और क्षमता विकास के लिए शीर्ष स्तरीय संसाधन केंद्र के रूप में कार्य कर सके।

***

4.10 प्राथमिकता क्षेत्र 10 : समावेशन

4.10.1 वर्तमान स्थिति

ऐसे अनेक युवा हैं जो जोखिमग्रस्त हैं और हाशिए पर चले गए है, और उन पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें सरकारी कार्यक्रमों की सुविधा और लाभ मिल रहे हैं। इन युवाओं को मोटे तौर पर निम्नलिखित रूप से श्रेणीकृत किया जा सकता है :

- सामाजिक और आर्थिक रूप से लाभ वंचित युवा, जिनमें अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि. वर्ग समूह के युवा, प्रवासी युवा और महिलाएं शामिल है किंतु यह श्रेणी इन युवाओं तक ही सीमित नहीं है।

- विद्यालय नहीं जाने वाले या बीच में ही पढ़ाई छोड़ देने वाले युवा जो कि औपचारिक शिक्षा की मुख्य धारा से दूर चले गए हैं।

- हिंसा प्रभावित जिलों में रहने वाले युवा, विशेषकर वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित युवा और जम्मू-कश्मीर एवं पूर्वोत्तर के युवा।

- विकलांग युवा या गंभीर रोगों से पीड़ित युवा

- जोखिम ग्रस्त युवा, जिनमें नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले युवक, ऐसे युवक जिनकी मानव तस्करी में जाने का खतरा हो और जोखिम वाले पेशों में कार्यरत युवा, यौनकर्मी इत्यादि शामिल तो हैं, किंतु इस श्रेणी में अन्य युवा भी शामिल हैं।

- सामाजिक या नैतिक लांछन वाले युवा, जिनमें लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल और ट्रांसजेंडर (एलजीबीटी) युवा, एचआईवी/एड्स संक्रमित युवा शामिल है, साथ ही इसमें अन्य युवा भी शामिल हैं।

- संस्थागत देख-रेख, अनाथालय, सुधारगृह और कारागार में रहने वाले युवा।

यह श्रेणीकरण उन सम्मिलित उपायों को दर्शाता है जिनका उपयोग इन युवाओं की सहायता करने के लिए किया जा सकता है, जिन्हें अधिकार संपन्न बनाना और समर्थ बनाना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

युवाओं की इन विभिन्न श्रेणियों की चुनौतियों से निपटने की दिशा में अनेक मंत्रालय कार्य कर रहे हैं। इन समूहों को लक्षित करते हुए कुछ क्षेत्र विशिष्ट मंत्रालयों ने विशिष्ट कार्यक्रम बनाए हैं जिनमें अधिक समावेशी और समतुल्य सोसायटी बनाने का प्रयास किया जाता है। उदाहरणस्वरूप,

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर बालिकाओं की शिक्षा में सहायता प्रदान करने और लिंग-भेद-भाव आधारित बृहद अंतर को कम करने वाली विशेष योजनाएं हों। अन्य मंत्रालय विशिष्ट समूहों के कल्याण के प्रति जवाबदेह नोडल एजेंसियों के रूप में कार्य करता है। उदाहरणस्वरूप, जनजातीय कार्य मंत्रालय जनजातीय व्यक्तियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं अर्थात आजीविका सुरक्षा और प्रोत्साहन या शिक्षा की उपलब्धता को देखता है।

अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. के युवा और महिलाओं को ध्यान में रखकर अनेक नीतियां बनाई गई हैं जिनका उद्देश्य समानता और समावेशन को बढ़ावा देना है। ये नीतियां (क) एजुकेशन स्कॉलरशिप और छात्रावास (ख) स्वरोजगार और उद्यमिता की सहायता के लिए ऋण (ग) मलमूत्र ढोने जैसे कतिपय पेशों से बाहर निकाले गए व्यक्तियों का पुनर्वास और (घ) शासन के विभिन्न स्तरों पर राजनैतिक आरक्षण के क्षेत्र में लागू होती हैं। इन नीतियों में इन समूहों के व्यक्तियों को प्रारंभ से ही समाज की मुख्य धारा में शामिल करने का प्रयास किया जाता है जिसका उद्देश्य यह है कि आने वाली पीढ़ी इसका लाभ उठा सके और लाभ वंचन एवं गरीबी की स्थिति से उबर सके।

